www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



सूर्योदय 7:15 सूर्यास्त 5:53

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 2.04 न्यू | 12.02 अधि |
| धर्मशाला | 4.04 न्यू | 17.00 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 70370.00 |
| निफ्टी | 21238.00 |

सोना 63,200 चांदी 75,500

धर्मशाला | बुधवार, 24 जनवरी 2024 | 11 माघ, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 37 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए

कप्तान रोहित, विराट सहित भारत के पांच खिलाड़ी शामिल ...पेज 15

## न्यूज शॉर्ट्स

### संसद सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ तैनात, बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू

**नई दिल्ली।** संसद भवन की सुरक्षा के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की तैनाती कर दी गई। संसद परिसर में 140 जवानों की टुकड़ी तैनात की गई है। 31 जनवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र के दौरान संसद आने वाले दर्शकों और उनके सामान की तलाशी सीआईएसएफ लेगी।

## टॉप स्टोरीज

वन मित्र भर्ती के लिए फरवरी के प्रथम सप्ताह से शुरू होंगे शारीरिक परीक्षण ... पेज 2

चाय के बाजार के लिए आफत बना रुस और यूक्रेन युद्ध ...पेज 3

श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से देश में 1.25 लाख करोड़ का कारोबार ...पेज 16


## अनुभवी स्टाफ चाहिए

प्रदेश के उभरते मीडिया ग्रुप 'अनंत ज्ञान' को हिमाचल में संपादकीय, डिजिटल मीडिया, मार्केटिंग और सर्कुलेशन विभाग में अनुभवी स्टाफ चाहिए। वेतन योग्यतानुसार।

'अनंत ज्ञान' को प्रदेश में 100 जुझारु और ऊर्जावान युवाओं की जरूरत है। न्यूनतम योग्यता आठवीं पास हो। आवेदन जल्द से जल्द करें।

अपने सीवी भेजें

मोबाइल नंबर: 8894521702

ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670

कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634




ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

सोलन-शिमला, सिरमौर 98160-10065


**श्रद्धा भक्ति अपार :** भक्तों का सैलाब संभालने के लिए प्रमुख सचिव गृह समेत शासन के आला अधिकारी मंदिर में रहे मौजूद

# खुल गया रामलला का दरबार, पहले दिन तीन लाख भक्तों ने किए दर्शन

**एजेंसी, अयोध्या**

श्रीराम जन्मभूमि में 22 जनवरी को रामलला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही साढ़े पांच सौ साल का इंतजार खत्म हुआ तो देश और दुनिया भर में फैले श्रद्धालु अपने आराध्य का दीदार करने अयोध्या पहुंच रहे हैं। मंगलवार को मंदिर खुलने के पहले ही दिन अयोध्या में राम भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा।

भक्तों का सैलाब संभालने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद समेत अन्य अधिकारी अयोध्या में ही डटे हैं। प्रशासन के मुताबिक 23 जनवरी को अपराह्न तीन बजे तक लगभग तीन लाख श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए हैं। स्थानीय प्रशासन का अनुमान है कि 23 जनवरी को 20 लाख श्रद्धालु रामलला के दरबार में पहुंच सकते



हैं। रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा से पहले मुख्य यजमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से आग्रह किया था कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी घर पर ही श्रीराम ज्योति जलाएं और दीपोत्सव मनाएं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद 23 जनवरी से सबको रामलला के दिव्य दर्शन मिलेंगे।



आस्था का सैलाब

# असम में भारत जोड़ो न्याय यात्रा रोकी सीएम के आदेश पर राहुल गांधी पर केस

## गुवाहाटी में काफिला रोकने पर पुलिस से भिड़ गए कांग्रेस कार्यकर्ता, बवाल

**एजेंसी, गुवाहाटी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर असम में भारी बवाल देखने को मिल रहा है। असम पुलिस ने राहुल गांधी की यात्रा को गुवाहाटी में प्रवेश करने से रोक दिया है।

इतना ही नहीं, असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा सरकार के आदेश पर राहुल गांधी के खिलाफ केस भी दर्ज कर लिया गया है। दरअसल, पुलिस ने इस यात्रा के साथ चल रहे करीब 5,000 कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोका तो वे पुलिस से भिड़ गए।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच जोरदार झड़प हुई। इस घटना में कुछ पुलिसकर्मियों को चोटें भी आई हैं। इसके बाद असम सरकार और पुलिस ने यह कदम उठाया है। वहीं, कांग्रेस पार्टी असम के सीएम पर हमला बोल रही है। असम के



सीएम ने राहुल गांधी की यात्रा को लेकर पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिए हैं कि भीड़ को उकसाने को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज किया जाए।

हिमंत बिस्वा ने अपने एक्स पर लिखा, यह असमिया संस्कृति का हिस्सा नहीं है। हम एक शांतिपूर्ण राज्य हैं। ऐसी नक्सली रणनीति हमारी संस्कृति से पूरी तरह अलग है। मैंने असम पुलिस के डीजीपी को भीड़ को उकसाने को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ केस दर्ज करने का निर्देश दिया है।

अपने हैंडल पर पोस्ट किए गए फुटेज को सबूत के तौर पर इस्तेमाल करें। आपके अनियंत्रित व्यवहार और सहमत दिशा-निर्देशों के उल्लंघन के परिणामस्वरूप अब गुवाहाटी में बड़े पैमाने पर ट्रैफिक जाम हो गया है।

### राहुल ने कल सड़क पर दिया था धरना

**राहुल** गांधी ने एक दिन पहले सोमवार को गुवाहाटी के पास वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान का दौरा करने की योजना बनाई थी। योजना की घोषणा के तुरंत बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने राहुल से आग्रह किया कि वह अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले मंदिर का दौरा न करें। मंदिर की प्रबंध समिति ने भी कहा कि गांधी को दोपहर तीन बजे से पहले प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। कांग्रेस नेता और उनके सहयोगियों को मंदिर की ओर जाते समय रोक दिया गया। इसके बाद वे सड़क जाम स्थल पर ही धरने पर बैठ गए थे।

### 25 तक असम में रहेगी कांग्रेस की यात्रा

**राहुल** की न्याय यात्रा 18 जनवरी को नगालैंड से असम पहुंची थी। 20 जनवरी को यात्रा अरुणाचल प्रदेश गई, फिर 21 को असम लौट आई। इसके बाद यात्रा 22 जनवरी को मेघालय निकली और मंगलवार को एक बार फिर असम पहुंची। राहुल की न्याय यात्रा 25 जनवरी तक असम में रहेगी। हिमंता बिस्वा सरमा और कांग्रेस के बीच पिछले कई दिनों से जुबानी जंग चल रही है। कांग्रेस सरमा पर यात्रा को प्रभावित करने का आरोप लगाती आ रही है। सरमा भी कांग्रेस को कई जिलों में नहीं जाने की सुझाव दे चुके हैं। 10वें दिन की यात्रा की शुरुआत राहुल गांधी ने असम-मेघालय सीमा पर युवाओं से बातचीत करके की। उन्होंने स्टूडेंट्स से कहा कि मैं आपकी यूनिवर्सिटी आकर आपसे बात करना चाहता था और ये समझना चाहता था कि आप किन मुश्किलों का सामना कर रहे हैं।

# बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को मिलेगा भारत रत्न

- राष्ट्रपति भवन ने की घोषणा
- मोदी ने जननायक को बताया सामाजिक न्याय का प्रतीक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत सरकार मरणोपरांत भारत रत्न देगी। राष्ट्रपति भवन ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। वह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री थे और पिछड़े वर्गों के हितों की वकालत करने के लिए जाने जाते थे। कर्पूरी ठाकुर बिहार में एक बार उपमुख्यमंत्री, दो बार मुख्यमंत्री और दशकों तक विधायक और विरोधी दल के नेता रहे। 1952 की पहली विधानसभा में चुनाव जीतने के बाद वह बिहार विधानसभा का चुनाव कभी नहीं हारे।



सोमवार को ही जदयू ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की मांग की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, मुझे खुशी है कि भारत सरकार ने सामाजिक न्याय के प्रतीक महान जननायक कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न से सम्मानित करने का निर्णय लिया है और वह भी ऐसे समय में जब हम उनकी जन्मशती मना रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा कि दलितों के उत्थान के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता और उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत के सामाजिक-राजनीतिक ताने-बाने पर एक अमिट छाप छोड़ी है। यह पुरस्कार न केवल उनके उल्लेखनीय योगदान का सम्मान करता है बल्कि हमें एक अधिक न्यायपूर्ण और न्यायसंगत समाज बनाने के उनके मिशन को जारी रखने के लिए भी प्रेरित करता है।

बुधवार को भाजपा की ओर से पटना के साथ-साथ दिल्ली में भी बड़ा कार्यक्रम होने जा रहा है। विज्ञान भवन में प्रस्तावित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय गृहमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह होंगे। कर्पूरी के सहारे भाजपा ने बिहार में अपनी चुनावी लाइन को स्पष्ट करने की दिशा में बढ़ने का संकेत दे दिया है।

### बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने जताई खुशी

**कर्पूरी** ठाकुर को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न दिए जाने की घोषणा पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुशी जताई है। उन्होंने केंद्र सरकार के इस फैसले को सही निर्णय बताया।

### सुक्खू सरकार ने छह आईपीएस को दी पदोन्नति

**शिमला।** सुक्खू सरकार ने छह आईपीएस अधिकारियों को पदोन्नति दी है। इनमें प्रदेश सरकार ने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चल रहे वर्ष 1999 बैच के आईपीएस ज्ञानेश्वर सिंह को एडीजी पद पर पदोन्नत किया गया है। इसके साथ ही केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चल रहे वर्ष 2006 बैच के आईपीएस अशोक कुमार, डीआईजी नार्थ रेंज धर्मशाला अभिषेक दुल्लर और डीआईजी प्रिंसिपल पीटीसी डरोह बिमल गुप्ता को आईजी पद पर पदोन्नत किया गया है।

इसी तरह प्रदेश सरकार ने स्क्रीनिंग कमेटी की सिफारिशों पर यूएन मिशन पर चल रही वर्ष 2010 बैच की आईपीएस एसपी शुभ्रा तिवारी और एसपी जेल रंजना चौहान को डीआईजी पद पर पदोन्नत किया गया है। इसके साथ ही सरकार ने एसपी सिरमौर रमन कुमार मीणा, एसपी स्टेट विजिलेंस एसआर शिमला अंजुम आरा और एसपी एसआईयू विजिलेंस शिमला ओमापति जम्वाल को सिलेक्शन ग्रेड लेवल-13 का लाभ प्रदान किया है।

## उल्फा संगठन भंग, 44 साल पुराना सशस्त्र संघर्ष समाप्त

**एजेंसी, चिरांग ( असम )**

प्रतिबंधित संगठन यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट आफ असम (उल्फा) का 44 साल पुराना सशस्त्र संघर्ष अब समाप्त हो गया। आम परिषद की बैठक के अंत में उल्फा के अस्तित्व को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।

मंगलवार को उल्फा की आम परिषद की आखिरी बैठक सिपाझार के नए निर्माण केंद्र में आयोजित की गई। पिछली बैठक में अनूप चेतिया का भाषण आंसुओं से ओतप्रोत था। उन्होंने कहा कि मैं उस संगठन को भंग करने जा रहा हूं, जिसने मुझे जन्म दिया। इसी महीने संगठन के हथियारों को सरकार को सौंप दिया जाएगा। उल्फा अब एक संगठन नहीं होगा। दरअसल, गत 29 दिसंबर को




दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री की उपस्थिति में सरकार और उल्फा के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। उल्फा के वार्ता समर्थक धड़े में उल्फा के अध्यक्ष अरविंद राजखोवा समेत सभी बड़े नेता शामिल हैं।

हालांकि, उल्फा के स्वयंभू सेनाध्यक्ष परेश बरुवा उल्फा स्वाधीन नाम से अलग धड़ा बनाकर अभी भी सशस्त्र संग्राम छोड़े हुए हैं।

## ईडी की हिमाचल के सोलन सहित देश के कई राज्यों में रेड

**शिमला।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण में कथित फर्जी रिफंड घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी ने बड़ा एक्शन लिया है। ईडी की ओर से मंगलवार को हिमाचल प्रदेश सहित कई राज्यों में रेड की गई, जिससे हड़कंप मच गया। ईडी हिमाचल प्रदेश के सोलन सहित हरियाणा और पंजाब के पंचकूला, मोहाली सहित अन्य 20 से ज्यादा ठिकानों पर सर्च कर रही है। जानकारी के अनुसार, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण विभाग से जुड़ा भ्रष्टाचार का यह मामला है, जिसमें ईडी कार्रवाई कर रही है।

सूत्रों के मुताबिक करोड़ों रुपए के गलत तरीके से फर्जी रिफंड लेने का ये मामला है। साल 2015 से 2019 के बीच फर्जीवाड़ा किया गया था। हरियाणा की कई रियल एस्टेट से जुड़ी कंपनियां और अधिकारी मामले में रडार पर है। जांच एजेंसी के सूत्र के मुताबिक, कई रियल एस्टेट कारोबारी अब जांच एजेंसी के रडार पर आ गए हैं। बताया जा रहा है कि इनमें सुनील कुमार गर्ग, मनोज पाल सिंगला, कंपनी सर्टेन फ्यूजर सोल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड, फेबुलस फ्यूचर प्राइवेट लिमिटेड, यूनिसिटी कंस्ट्रक्शन्स और कुछ अन्य अज्ञात सरकारी और प्राइवेट कंपनियां शामिल हैं।

उद्योग मंत्री की अध्यक्षता में चार दिवसीय दौरे पर जाएगा प्रतिनिधिमंडल

# ...तो अब दुबई के उद्योगपति करेंगे हिमाचल में निवेश

**अरविंद शर्मा, शिमला**

औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान की अध्यक्षता में प्रतिनिधिमंडल चार दिवसीय दौरे पर दुबई जा रहा है। इस दौरान वह लगभग 743 के आसपास औद्योगिक घरानों के साथ बैठक करेंगे और औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा देने को लेकर चर्चा करेंगे। इस प्रतिनिधिमंडल में हर्षवर्धन चौहान के साथ सचिव आरडी नजीम, निदेशक राकेश प्रजापति, अतिरिक्त निदेशक तिलक राज शर्मा के अलावा दिनेश चौहान, पारस व नवरीत भी शामिल हैं। सभी 29 जनवरी से एक फरवरी तक दुबई के दौरे पर रहेंगे।



**743 के आसपास औद्योगिक घरानों के साथ करेंगे बैठक**

प्रतिनिधीमंडल दुबई में अर्न्स्ट एंड यंग एलएलपी, कैप्सा हेल्थकेयर, लीडर हेल्थकेयर एफजेडसीओ, 3बी साइंटिफिक जीएमबीएच, निंगबो फोयोमेड मेडिकल इंस्ट्रूमेंट कंपनी लिमिटेड, 3डी माइक्रोप्रिंट जीएमबीएच, 6जी हेल्थ इंस्टीट्यूट जीएमबीएच, बायोबेस मेहुआ ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड, कैनन मेडिकल सिस्टम्स कॉर्पोरेशन, केयरस्ट्रीम हेल्थ एसए, ओलंपस एमईए एफजेड एलएलसी, इनवाकेयर एक्सपोर्ट, नेवेना लेसकोवैक, कैनन मेडिकल सिस्टम्स कॉर्पोरेशन के अलावा अन्य कंपनी के साथ बैठक करेंगे। ( अनंत ज्ञान )

**दवा ही दर्द** डिप्टी ड्रग कंट्रोलर ने बाजार से स्टॉक वापस मंगाने के साथ कंपनियों को भेजा नोटिस

# हिमाचल में बनी 40 दवाओं के सैंपल हुए फेल

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

हिमाचल में बन रही दवाओं की गुणवत्ता लगातार गिरती जा रही है। अब देश में फेल होने वाली कुल दवाओं में हर दूसरी दवा हिमाचल की फेल हो रही है जो कि चिंता का विषय बनता जा रहा है। केंद्रीय दवा नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) द्वारा जारी ड्रग अलर्ट में हिमाचल में बनी 40 दवाओं के सैंपल फेल पाए गए है।

सीडीएससीओ ने देश भर में 1008 दवाओं के सैंपल जांच के लिए भरे थे, जिसमें से 930 दवाओं के सैंपल मानकों पर खरा उतरे जबकि 78 दवाइयों के सैंपल फेल हुए। फेल दवाओं में हाई ब्लड प्रेशर, एंटीबायोटिक, पैरासिटामोल समेत कई गंभीर रोगों की दवाइयां शामिल है। डिप्टी ड्रग कंट्रोलर मनीष कपूर का कहना है कि जिन दवा उद्योगों के सैंपल फेल हुए हैं, उन्हें नोटिस जारी होगा। उन्होंने कहा कि संबंधित दवा उद्योगों को स्टॉक रिकॉल के आदेश जारी कर दिए है। उन्होंने कहा कि कुछ उद्योगों पर पहले ही कार्रवाई के तहत उत्पादन बंद किया गया है।

### इन उद्योगों की दवाइयां फेल



बोनसाई फार्मा बद्दी की दवा मोंटेलुकास्ट सोडियम लिवोसिट्रीजिन टैबलेट का बैच। जेयूएन-23146, बॉयोकोर फार्मास्युटिकल बद्दी की दवा टेल्मिसर्टन टैबलेट 40एमजी का बैच। बीटी23-297, मायोफोर्ड फार्मा सोलन की दवा प्रेगाबैलिन कैप्सूल का बैच। एमएमसी-1476, सनफाइन हेल्थकेयर बद्दी की दवा साइट्रेट सिरप का बैच। एसएचएल1107बी, जी लैबोटरीज पावंटा साहिब की दवा सोडियम वैल्प्रोएट 200एमजी की बैच। 423-499, एसिकोन रैमेडिज सोलन की दवा एम्पीसिलीन 500एमजी का बैच। आरआरसीएफ002, मॉसन फार्मा बद्दी की दवा एस्कॉर्बिक एसिड का बैच। एमटी-2231 व एमटी-2232, एलांयस बॉयोटेक बद्दी की दवा हेपारिन सोडियम का बैच। एजीआई-23111, एजीआई-23110, एजीआई-23109, एजीआई-23108, एजीआई-23107, एजीआई-23112, एजीआई-23113 व एजीआई-23114, डीएम फार्मा बद्दी की दवा ट्राइहाइड्रेट टैबलेट का बैच. डीएमटी1197बी, रचिल फार्मा संसारपुर टैरेस की दवा हाईड्रोक्लोराइड सिरप का बैच। आरएल22287, हेल्थ बॉयोटेक की दवा सेफोपेराजोन इंजेक्शन का बैच। एचआईसीओ23010 व एचआईएलए23013, कान्हा बॉयोजेमेटिक बद्दी की दवा कैल्शियम व विटामिन-डी3 अनलेबल, यूपी2310036, डब्ल्यू2309007, यूपी2310033 व अनलेबल, जी लैबोटरीज की दवा मोक्सीफ्लोक्सासिन और प्रेडनिसोलोन का बैच। 1223-319, फार्मारूट्स हेल्थकेयर बद्दी की दवा कैल्शियम कॉर्बोरेट का बैच। पीटी-30296, लैबोरेट फार्मास्युटिकल पावंटा साहिब की दवा पैरासिटॉमोल का बैच। एमएफएनटी-001, ओसकर रैमेडिज कालाअंब की दवा एस्कॉर्बिक एसिड का बैच। टी-2306-08, वीवीपीबी फार्मास्युटिकल बद्दी की दवा एम्ब्रोक्सोल गुइफेनसिन सिरप का बैच। वीडीएल-1240, एलडर लैब बद्दी की दवा गैस्ट्रो रेसिस्टेंट टैबलेट का बैच। ईजीटी10909, प्रिमस फार्मास्युटिकल कालाअंब की दवा सेफोपेराजोन इंजेक्शन का बैच। पीडी042309, कैपसॉफ्ट हेल्थकेयर बद्दी की दवा कैल्शियम का बैच। सीएचडी-2039, फार्मारूट्स हेल्थकेयर बद्दी की दवा ग्लिमेपिराइड टैबलेट का बैच। पीटी-22953, लोग्स फार्मा नालागढ़ की दवा इट्राकोनाजोल कैप्सूल का बैच। एलजीएल07/150/20, ओरिसन फार्मा कालाअंब की दवा एल्बेंडाजोल400 का बैच। 23ए-टी149, सैंक्टस ग्लोबल फार्मूलेशन बद्दी की दवा ग्लिमेपिराइड टैबलेट का बैच। एसजी22022, गल्फा लाबोट्रीज बद्दी की दवा पैरासिटॉमोल का बैच। जीपीटी22003, पेंटाकेम फार्मास्युटिकल बद्दी की दवा आइसोनायाजिड टैबलेट का बैच। पीटी23-108 व डैक्सिन फार्मा बद्दी की दवा पैरॉसिटामोल का बैच। डीपीटी22863 की दवाइयां फेल हुई।

# हिमाचल में कल से बिगड़ेगा मौसम, हो सकती है बर्फबारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में चल रहे शुष्क मौसम का दौर जल्द थम सकता है और राज्य के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का नजारा देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक राज्य में 25 जनवरी को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इसके प्रभाव से राज्य में बारिश-बर्फबारी का दौर चल सकता है।

25 जनवरी को राज्य के उच्च पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। इस दौरान लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू, चंबा व शिमला जिलों के अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो सकती है। हालांकि इस अवधि में राज्य के मैदानी भागों में मौसम साफ रहेगा। 26 से 28 जनवरी तक समूचे प्रदेश में मौसम खराब रहेगा। इस दौरान मैदानों में गरज के साथ बारिश और पर्वतीय इलाकों में बर्फ गिरने के आसार हैं। 24 जनवरी को पूरे प्रदेश में मौसम साफ बना रहेगा, हालांकि मैदानी हिस्सों बिलासपुर, ऊना, हमीरपुर और सोलन के बद्दी इत्यादि में घने कोहरे का येलो



अलर्ट जारी किया गया है। सर्दियों के इस सीजन में प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में कम बर्फबारी हुई है। हिल्स स्टेशनों शिमला और मनाली में बर्फबारी के लिए सैलानियों को तरसना पड़ रहा है। यह लगातार दूसरा विंटर सीजन है, जब शिमला शहर में बर्फबारी नहीं हुई है। इधर, कई दिनों से बादलों के नहीं बरसने से राज्य में सूखे की स्थिति पनप रही है।

## हमीरपुर बस स्टैंड: तीन मंजिल बेसमेंट में खड़ी हो सकेंगी 90 बसें, 250 छोटे वाहनों की पार्किंग के लिए होगी व्यवस्था

# पहले टेंडर फिर होगा शिलान्यास, छह स्टोरी बनेगा नया बस स्टैंड

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

पिछले 14 सालों से निर्माण की उम्मीदों के हिचकोले खा रहा हमीरपुर का नया बस अड्डा अब निश्चित रूप में तैयार होगा, लेकिन शिलान्यास होने से पहले इस बस अड्डे की टेंडर प्रक्रिया पीडब्ल्यूडी को मुकम्मल करनी होगी, जब तक ठेकेदार को काम आवंटित नहीं होगा, शिलान्यास के लिए दिन और समय तय नहीं हो सकेगा।

तकरीबन 72 करोड़ की लागत से तैयार होने वाले इस बस अड्डे में छह मंजिलें होंगी। इसके अलावा इन मंजिलों में तीन स्टोरी बेसमेंट में रहेंगी और तीन स्टोरी बस अड्डे के ऊपर होंगी। तकरीबन 90 बसों को खड़ा करने के लिए यहां पर प्लेटफॉर्म तैयार होगा। बाहर से आने वाले छोटे वाहनों के लिए पार्किंग की भी बेसमेंट में सुविधा बनाई जा रही है, जिसमें 250 वाहनों के खड़ा होने की व्यवस्था होगी। (अनंत ज्ञान)


हमीरपुर बस स्टैंड का फाइल फोटो

### ई-चार्जिंग की होगी सुविधा

**अब** क्योंकि इलेक्ट्रिकल बसों का प्रचलन बढ़ रहा है। इसीलिए ई-चार्जिंग स्टेशन भी इसी बस अड्डे के एक किनारे पर बेहतर दशा दिशा वाला तैयार होगा। इसका प्रावधान नई ड्राइंग में तैयार हो गया है। वहीं, ड्राइवर के लिए रेस्ट रूम की सुविधा भी बेहतर कंडीशनिंग वाली तैयार होगी। अलग-अलग कमरे इसके लिए बनाए जाएंगे। अधिकारियों के बैठने के लिए भी तमाम तरह की सुविधाएं होंगी। इसके अलावा मिनी वर्कशॉप भी इसी बस स्टैंड की ड्राइंग में तैयार की जा रही है।

### डेढ़ साल में बनकर तैयार होगा बस स्टैंड

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू का कहना है कि डेढ़ साल में इस बस अड्डे का निर्माण मुकम्मल किया जाएगा। शिलान्यास होने से पहले टेंडर अवार्ड होगा। उधर, हमीरपुर के एक्सईएन दीपक कपिल का कहना है कि प्रोसेस शुरू कर दिया गया है। किस दिन खुलेगा? और किसे आवंटित होगा? इसके लिए हमीरपुर के लोगों को थोड़ा और इंतजार करना पड़ेगा। इस प्रक्रिया को मुकम्मल करने के लिए तकरीबन एक माह का समय लगेगा।

### औपचारिकताओं को पूरा करने में जुटा पीडब्ल्यूडी

**पीडब्ल्यूडी** इस प्रक्रिया को मुकम्मल करने के लिए इन दिनों मशक्कत कर रहा है। औपचारिकताओं को मुकम्मल करके जिस दिन शिलान्यास होगा। उसी दिन से इसके निर्माण की स्पीड भी सामने दिखेगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इसी सोच को लेकर हमीरपुर के इस चिरप्रतीक्षित बस अड्डे की नींव रखेंगे। इसके लिए अभी लगभग एक महीने का समय और लगेगा।

## सैन्य और राजकीय सम्मान के साथ शौकत अली खाक-ए-सुपुर्द

**अनंत ज्ञान, पद्धर**

पद्धर उपमंडल की ग्राम पंचायत गवाली के केंद्रीय रिजर्व फोर्स हेड कांस्टेबल शौकत अली की ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई। शौकत अली की मौत की खबर सुनकर पूरे पद्धर क्षेत्र में शोक की लहर है। मंगलवार सुबह जैसे ही शौकत अली का पार्थिव शरीर सेना की गाड़ी में गवाली पहुंचा तो सैकड़ों लोगों की आंखें नम हो गई।

शौकत अली वर्ष 2002 में भारतीय सेना के विंग सीआरपीएफ में भर्ती हुआ था, जो इस वक्त मणिपुर इंफाल में ड्यूटी पर था। गत चार जनवरी को शौकत अली को ड्यूटी के दौरान ब्रेन हैमरेज का अटैक आने से वह आईसीयू में चला गया। इसी दौरान 21 जनवरी को हार्ट अटैक आने से उसकी मौत हो गई। शौकत अली अपने पीछे पत्नी, दो बेटियां हंसता भरा पूरा परिवार छोड़ गया है। शौकत अली को सैन्य सम्मान के साथ घोघरधार के कड़ियार स्थित कब्रिस्तान में खाक-ए-सुपुर्द किया गया। भारतीय सेना के जवानों, पूर्व सैनिकों और क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।

शौकत अली को श्रद्धांजलि देने के लिए उपमंडल पद्धर के करीब दो दर्जन से अधिक पूर्व सैनिकों ने भी हिस्सा लिया। प्रशासन की ओर से जवान को श्रद्धांजलि देने के लिए एसडीएम पद्धर सुरजीत सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहे। वहीं पंचायत प्रधान सुनील डोगरा, उपप्रधान जीवन सिंह, एक्स सर्विस मैन लीग पद्धर इकाई के अध्यक्ष कै. हेम सिंह, सचिव कमांडो जितेंद्र कुमार ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# वन मित्र भर्ती के लिए फरवरी के प्रथम सप्ताह से शुरू होंगे शारीरिक परीक्षण

## सीएम सुक्खू बोले- प्रत्येक माह के अंतिम दो दिनों में आयोजित की जाएं राजस्व लोक अदालतें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को प्रशासनिक सचिवों की बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक माह के अंतिम दो दिनों में राजस्व लोक अदालत आयोजित की जाए। वहीं वन मित्र भर्ती के लिए फरवरी माह के प्रथम सप्ताह से शारीरिक परीक्षण आरंभ होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक अदालतों के उत्साहजनक परिणाम सामने आ रहे हैं।

इन अदालतों में अब तक इंतकाल के 65000 से अधिक और तकसीम के 4000 से अधिक लंबित मामलों का निपटारा किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है क्योंकि वर्तमान सरकार जन-जन की सरकार है। बिजली महादेव रोपवे के निर्माण के लिए केंद्र और राज्य सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं और यह परियोजना अनूठी होगी। क्योंकि इसमें दोनों सरकारों के बीच लाभ 50-50 अनुपात में साझा किया जाएगा। उन्होंने पर्यटन एवं स्थानीय लोगों की सुविधा के दृष्टिगत रोपवे स्थापित करने के लिए अतिरिक्त स्थल चिन्हित करने के निर्देश भी दिए। सुक्खू ने श्रम एवं रोजगार विभाग को नियोक्ताओं की सुविधा के लिए कुशल जनशक्ति से संबंधित पूर्ण डेटा डिजिटिलाइज करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए सरकारी विभागों में डीजल और पेट्रोल वाहनों की खरीद पर प्रतिबंध लगाया है। राज्य में ई-वाहनों के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक चार्जिंग अधोसंरचना तैयार की जा रही है। उन्होंने ई-चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए और कहा कि ई-वाहनों से भ्रमण पर आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के होटल परिसरों में ई-चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।

### युवाओं के लिए विदेशों में नौकरी की संभावनाएं तलाशें

**सीएम** ने हिमाचली युवाओं के लिए विदेशों में नौकरी के अवसर की संभावनाएं तलाश करने के भी निर्देश दिए और कहा कि इजराइल और स्कैंडेनिवियन देशों में मेडिकल और नर्सिंग स्टाफ की काफी मांग बढ़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्टार्ट अप योजना आरंभ की है। इसके पहले चरण में ई-टैक्सी परमिट जारी करने के अलावा ई-टैक्सी की खरीद के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना में अब तक 1221 आवेदकों ने रुचि दिखाई है।


अधिकारियों के साथ बैठक करते सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### कांस्टेबल भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश

**सीएम** ने पुलिस विभाग में 1226 पुलिस कांस्टेबल पदों को भरने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को शिमला शहर के सर्कुलर रोड में यातायात के सुचारू संचालन के लिए सभी बाधाओं को दूर करने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार चंद शर्मा, प्रधान सचिव भरत खेड़ा, आर.डी. नजीम, डॉ. अमनदीप गर्ग, सचिव अभिषेक जैन, प्रियतु मंडल, सी. पालरासु, राकेश कंवर, सचिव कानून शरद कुमार लगवाल, मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल शर्मा और मुख्यमंत्री के प्रधान निजी सचिव विवेक भाटिया भी उपस्थित रहे।

## फिल्म निर्माताओं को विकसित शूटिंग स्थल उपलब्ध करवाएगी सरकार: सुक्खू

### नाना पाटेकर, राजपाल यादव ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट


मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट करते नाना पाटेकर, राजपाल यादव व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से ओक ओवर में सुप्रसिद्ध अभिनेता नाना पाटेकर और राजपाल यादव, निर्माता अनिल शर्मा तथा जर्नी फिल्म के अन्य यूनिट सदस्यों ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल में फिल्म निर्माण को प्रोत्साहन प्रदान कर रही है।

हिमाचल अपनी समृद्ध संस्कृति, इतिहास और नयनाभिराम स्थलों के लिए विख्यात है। फिल्म निर्माण की दृष्टि से हिमाचल को पसंदीदा गंतव्य के रूप में विकसित करने के लिए सरकार ने एक व्यापक फिल्म नीति तैयार की है। इसके तहत सूचना एवं जन संपर्क विभाग में एक फिल्म सुविधा केंद्र स्थापित किया जाएगा, जो एकल खिड़की के रूप में कार्य करेगा और इसके माध्यम से तीन कार्य दिवस के भीतर ऑनलाइन प्रक्रिया से सभी स्वीकृतियां व फिल्म निर्माण संबंधी अनुमतियां सुनिश्चित की जाएंगी। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार फिल्म निर्माताओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ बेहतरीन व अधिक विकसित शूटिंग स्थल उपलब्ध करवाएगी। राज्य सरकार फिल्म इकाइयों को प्रदेश में फिल्मों की आउटडोर शूटिंग के लिए विभिन्न भागों में स्थित हवाई पट्टियों और हेलिपेड का उपयोग प्रदान करने की अनुमति भी देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कम से कम 50 प्रतिशत तक फिल्माई गई उत्कृष्ट फिल्मों के लिए सरकार वार्षिक फिल्म पुरस्कार स्थापित करने पर भी विचार कर रही है। राज्य सरकार फिल्म महोत्सवों, पुरस्कारों और अन्य गतिविधियों के आयोजन के लिए एक फिल्म विकास निधि भी गठित करेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार मीडिया नरेश चौहान भी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### 700 ग्राम अफीम के साथ व्यक्ति गिरफ्तार



**इंदौरा।** जीआरपी थाना पठानकोट ने 700 ग्राम अफीम के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान रोहित शर्मा (44) निवासी जालंधर के रूप में हुई है। जीआरपी थाना पठानकोट के प्रभारी सुखविंद्र सिंह सरां ने बताया कि सोमवार को जीआरपी के जवान शहर के कैंट रेलवे स्टेशन पर चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच प्लेटफार्म पर बैठे एक व्यक्ति की हरकतों पर जीआरपी टीम को शक हुआ। टीम जब उसके पास पहुंची तो उसने अपनी जैकेट के अंदर छिपाई हुई पॉलीथिन की थैली को झाड़ियों में फेंक दिया, जिसे टीम ने अपने कब्जे में ले लिया। जांच के दौरान पाया कि उक्त पॉलीथिन लिफाफे में अफीम थी, जिसका वजन 700 ग्राम निकला। पुलिस ने आरोपित पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पिकअप ट्राले व मोटरसाइकिल में टक्कर

**हमीरपुर।** पुलिस थाना सदर हमीरपुर के तहत बरोहा में एक पिकअप ट्राले व मोटरसाइकिल सवार में जोरदार टक्कर, जिसमें मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को गंभीर घायल अवस्था में मेडिकल कॉलेज हमीरपुर लाया गया, जहां पर मोटरसाइकिल सवार की गंभीर स्थिति को देखते हुए पीजीआई चंडीगढ़ के लिए रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार हमीरपुर के बरोहा गांव के पास करीब साढ़े दस बजे हादसा पेश आया, जिसमें संतोष कुमार पुत्र कांशी राम सरकाघाट को गंभीर चोटें आई हैं। ट्राला चालक अजय कुमार निवासी धर्मपुर जिला मंडी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. आकृति शर्मा ने मामले की पुष्टि की और छानबीन की जा रही है।

## मंडी के गोहर में दो जुड़वां मासूम बहनों की संदिग्ध मौत

- साढ़े पांच बजे मां ने पिलाया था दोनों बच्चियों को दूध
- सात बजे मिलीं अचेत, पुलिस कर रही मामले की जांच

**सुनील शर्मा, गोहर**

गोहर उपमंडल मुख्यालय में मंगलवार को प्रातः छह माह की दो जुड़वां मासूम बहनों की मृत्यु होने का समाचार है। दोनों बहनों को उनकी मां ने सुबह दूध पिलाया था और उसके करीब डेढ़ घंटे बाद दोनों अचेत अवस्था में मिलीं। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना गोहर की अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटला खनुला के छबोठी गांव निवासी खेमलता की छह माह की दो जुड़वां लड़कियां थीं।

खेमलता ने मंगलवार सुबह लगभग 5:30 बजे बच्चियों को दूध पिलाया, लेकिन करीब 70 बजे दोनों नन्हीं बच्चियां अचेत अवस्था में पाई गईं। घर वालों ने तुरंत दोनों बच्चियों को नागरिक स्वास्थ्य केंद्र गोहर पहुंचया, जहां चिकित्सकों ने दोनों बच्चियों को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने इस बारे में पुलिस थाना गोहर को जानकारी दी। थाना प्रभारी ने तुरंत मौके पर पहुंच कर बच्चियों के शवों को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए अटल मेडिकल कॉलेज नेरचौक में भेजा गया।

जानकारी के अनुसार बच्चियों की माता खेमलता जो घर में रहती है और बच्चियों का पिता प्रवीण कुमार बद्दी में किसी प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। पुलिस हर पहलू से केस की छानबीन कर रही है। पुलिस अधीक्षक मंडी और डीएसपी मंडी अपनी पूरी टीम लेकर मौके वारदात पर पहुंच चुके हैं और बच्चियों की संदिग्धावस्था में मौत की बारीकी से छानबीन कर रहे हैं। इस बारे में डीएसपी मंडी देवराज ठाकुर ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंच कर पारिवारिक सदस्यों के बयान दर्ज किए। दोनों बच्चियों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। (अनंत ज्ञान)

## साउथ एशिया सवात चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने किया बेहतर प्रदर्शन

### एडीएम मंडी ने सभी खिलाड़ियों का हार पहनाकर किया स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

चंडीगढ़ में आयोजित साउथ एशिया सवात चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर हिमाचल का नाम रोशन किया है। मंडी पहुंचने पर सभी खिलाड़ियों का ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान एडीएम मंडी मदन कुमार ने सभी खिलाड़ियों का हार पहनाकर स्वागत किया। स्वात एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश की महासचिव संतोषी शर्मा ने कहा कि चंडीगढ़ में 20 से 22 जनवरी तक साउथ एशियन सवात चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश के 12 खिलाड़ियों का चयन हुआ था, जिन्होंने देश का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि इस चैंपियनशिप में भूटान, नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान सहित कई देशों के बॉक्सरों ने भाग लिया। सवात चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर कई मेडल अर्जित किया, जिसको लेकर उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को मंडी पहुंचने पर सभी खिलाड़ियों का जिला प्रशाशन व स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। संतोषी शर्मा ने कहा कि यह हिमाचल के लिए गर्व की बात हैं कि हिमाचल के खिलाड़ियों ने साउथ एशिया सवात चैपयनशिप में देश का प्रतिनिधित्व किया जिसके लिए सभी खिलाड़ी बधाई के पात्र हैं।


सवात चैंपियनशिप के खिलाड़ी एडीएम मंडी मदन कुमार के साथ सामूहिक चित्र।

**उपलब्धि** 2019 से 2023 तक क्रमश: 2.13, 1.95, 2.07, 2.27 और 2.06 रहा विश्वविद्यालय का स्कोर

# शूलिनी विवि का वैश्विक अनुसंधान मानकों में श्रेष्ठ प्रदर्शन


**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

एल्सेवियर के एक सम्मानित शोध विश्लेषण उपकरण, साइवैल के आंकड़ों के अनुसार शूलिनी विश्वविद्यालय ने प्रमुख मापदंडों में वैश्विक और क्षेत्रीय बेंचमार्क हासिल किए हैं। अनुसंधान में शूलिनी विश्वविद्यालय का उल्लेखनीय प्रदर्शन इसके फील्ड वेटेड साइटेशन इंपैक्ट स्कोर के माध्यम से स्पष्ट है, जो पिछले पांच वर्षों में लगातार वैश्विक औसत 1.00 से अधिक रहा है।

विश्वविद्यालस का स्कोर 2019 से 2023 तक क्रमश: 2.13, 1.95, 2.07, 2.27 और 2.06 रहा। यह स्कोर न केवल वैश्विक मानकों से अधिक हैं, बल्कि एशिया, प्रशांत और भारत के औसत से भी बेहतर है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय ने लगातार अपने अधिकांश पेपर क्यू एक पत्रिकाओं में प्रकाशित किए हैं, जो अनुसंधान उत्कृष्टता का संकेत है। ये आंकड़े लगातार वैश्विक, एशिया प्रशांत और भारत के औसत से आगे निकल गए जो उच्च गुणवत्ता और प्रभावशाली अनुसंधान के उत्पादन के लिए विश्वविद्यालय की अटूट प्रतिबद्धता को उजागर करते हैं।

इसके अलावा, वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए शूलिनी विश्वविद्यालय के समर्पण ने अपने नेटवर्क का विस्तार किया है और विश्व मंच पर अपना प्रभाव बढ़ाया है। 2019 से 2023 तक विश्वविद्यालय सक्रिय रूप से अंतरराष्ट्रीय सहयोगात्मक अनुसंधान प्रयासों में लगा रहा, जिसका 57.3 प्रतिशत से 69.4 प्रतिशत तक था। यह सहयोग वैश्विक चुनौतियों से निपटने, सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने और दुनिया भर के शोधकर्ताओं के साथ साझेदारी के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता पर जोर देते हैं। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग, एशिया 2024 के अनुसार, शूलिनी विश्वविद्यालय ने प्रति पेपर उद्धरण के लिए भारत में नंबर एक और एशिया में नंबर पांच होने का गौरव हासिल किया है।

भारत में विश्वविद्यालय 2024 में टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग और क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग दोनों के अनुसार । शोध में शूलिनी विश्वविद्यालय का लगातार प्रदर्शन न केवल इसे भारत में शैक्षणिक संस्थानों में सबसे आगे रखता है, बल्कि इसकी वैश्विक प्रतिष्ठा को भी बढ़ाता है, जिससे अनुसंधान उत्कृष्टता में अग्रणी के होने का एक सबूत है।



शूलिनी विश्वविद्यालय परिसर

## मंडी के प्रणव महेंद्रू को बेस्ट यंग वाइल्ड फोटोग्राफर का अवॉर्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

छोटी काशी मंडी के प्रणब महेंद्रू को बेस्ट यंग वाइल्ड फोटोग्राफर का राष्ट्रीय युवा पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार बेंगलुरु में एक समारोह के दौरान नेचर इन फॉक्स संस्था द्वारा बॉलीवुड की सेलिब्रिटी दिया मिर्जा के माध्यम से दिया गया। प्रणव महेंद्रू के नाना अजीत कपूर बताया कि प्रणब को ऑल इंडिया स्तर पर वेस्ट यंग वाइल्ड फोटोग्राफर का इनाम मिला है।

उन्होंने बताया कि इस समारोह के बाद एक अन्य समारोह में उन्हें राजस्थान के जयपुर में टाइगर फेस्टिवल समारोह के दौरान राज्यपाल कलराज मिश्रा द्वारा भी बेस्ट फोटोग्राफर का अवार्ड दिया। प्रणब को बचपन से ही फोटोग्राफी करने का शौक था तथा उनके पिता विनीत महेंद्रू ने अच्छे कैमरे लेकर उन्हें इस कार्य की ओर उनका पूरा साथ दिया। अपनी फोटोग्राफी के माध्यम से वाइल्ड लाइफ में जो छोटी सी उम्र में उपलब्धि हासिल की उससे मंडी का नाम रोशन हुआ है। उन्होंने बताया कि नेचुरल फोटोग्राफी करता है तथा उन फोटोग्राफी को वाइल्डलाइफ साइट पर भेजता है।


अभिनेत्री दिया मिर्जा से राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार प्राप्त करते प्रणब महेंद्र।

## बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

**बर्थडे** हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

हैप्पी बर्थडे



पुराना मटौर के मानव को 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

# छह गुना स्पेशल रोड टैक्स बढ़ाने पर टैक्सी ऑपरेटरों का सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

## निदेशक ट्रांसपोर्ट बोले; टैक्सी ऑपरेटरों को हुई कन्फ्यूजन, नहीं बढ़ाया गया है टैक्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मोटर व्हीकल टैक्स एक्ट 1972 के तहत हिमाचल प्रदेश ट्रांसपोर्ट विभाग द्वारा गाड़ियों के टैक्स की रिवाइज्ड कैटागिरी को 31 अक्तूबर, 2023 को अधिसूचित किया गया, जिसे पहली नवंबर, 2023 को राजपत्र में भी प्रकाशित किया गया था। शिमला टैक्सी ऑपरेटरो ने ट्रांसपोर्ट विभाग पर स्पेशल रोड टैक्स में छह गुना बढ़ाने के आरोप लगाए हैं और विभाग के फैसले का विरोध करते हुए मंगलवार को शिमला में आरटीओ कार्यालय के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया।

इस दौरान टैक्स बढ़ौतरी के निर्णय को वापस लेने की मांग की है। शिमला में ऑल हिमाचल कमर्शियल व्हीकल ज्वाइंट एक्शन कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर ने कहा कि सरकार ने रोड टैक्स को लेकर जो रिवाइज्ड अधिसूचना जारी की है, उसके मुताबिक टैक्सी के स्पेशल रोड टैक्स को 1350 से बढ़ाकर सीधा 8000 रुपए कर दिया है, जिससे टैक्सी ऑपरेटर को खासा नुकसान हो रहा है। पहले ही हिमाचल प्रदेश में पर्यटन कारोबार बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश के भीतर टैक्सी चलाने वालों पर भारी भरकम टैक्स लगा रही है, जबकि बाहरी गाड़ियों में सरकार ने छूट दे रखी है। ऐसे में अगर सुक्खू सरकार ने स्पेशल रोड टैक्स में की गई बढ़ोतरी के निर्णय को वापस नहीं लिया तो आने वाले दिनों में टैक्सी चालक गाड़ियों की चाबियां आरटीओ दफ्तर में जमा करेंगे और चक्का जाम करने को मजबूर होंगे। दूसरी तरफ टैक्सी ऑपरेटर के विरोध को लेकर ट्रांसपोर्ट विभाग के निदेशक अनुपम कश्यप ने कहा कि सरकार ने किसी भी प्रकार का टैक्स नहीं बढ़ाया है। टैक्सी ऑपरेटरों को किसी बात का कन्फ्यूजन हुआ है। ट्रांसपोर्ट विभाग ने रोड टैक्स को लेकर रिवाइज्ड अधिसूचना जारी की है, जो इससे पहले 2006 में प्रकाशित किया गया था, लेकिन इसमें दो कैटागिरी कॉन्ट्रैक्ट कैरिज अंडर एग्रीमेंट इन हिमाचल और वैनिटी वैन छूट गई थी, जिन्हें टैक्स में सम्मलित करके नवंबर 2023 में अधिसूचित किया गया है, जिसमें किसी भी प्रकार के टैक्स की बढ़ोतरी नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि टैक्सी ऑपरेटरों का विरोध जायज नहीं है और उन्हें विभाग के अधिकारियों के समक्ष इस बारे बात रखनी चाहिए।



शिमला में अपनी मांगों के समर्थन में रोड ट्रांसपोर्ट कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते टैक्सी ऑपरेटर्स।

**सरकार ने जारी की है रोड टैक्स को लेकर रिवाइज्ड अधिसूचना**

# एचपीयू में प्रवक्ताओं के कोटे को खत्म करने पर विरोध

**अनंत ज्ञान ब्युरो , शिमला**

**प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ ने जताया रोष**

हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी के लिए प्रवक्ताओं के कोटे को खत्म करने का विरोध किया है। इससे कई विद्यार्थी, जो कि पीएचडी कर रहे हैं, उनका नुकसान हो रहा है। कोटे के जरिए भर्ती होने वालों के कारण मेहनती बच्चे पिछड़ रहे हैं।

विश्वविद्यालय में पिछले महीने हुई कार्यकारी परिषद की बैठक में यह फैसला लिया गया था। इस फैसले के मुताबिक स्कूल लेक्चरर को अब विश्वविद्यालय में पीएचडी में प्रवेश के लिए किसी तरह का कोई कोटा नहीं मिलेगा।

हालांकि विश्वविद्यालय में कॉलेज और विश्वविद्यालय के लेक्चरर को एक सीट हर विभाग में आरक्षित की गई है। हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ ने विश्वविद्यालय के इस फैसले का विरोध किया है।

इस संघ के अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह नेगी, महासचिव संजीव ठाकुर, वित्त सचिव राकेश भड़वाल, मुख्य प्रेस सचिव प्रेम शर्मा, मुख्य संगठन सचिव पवन शर्मा राज्य सलाहकार प्रेमपाल दुल्टा, संरक्षक केदार रांटा राजपाल, तरुण नेस्टा युगल किशोर, गुर्बचन सिंह, यशपाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता के लिए विभिन्न प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं। लोकेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि प्रवक्ताओं को पीएचडी के लिए आरक्षित सीटों की व्यवस्था को पहले की तरह रखा जाए।

## प्रदेश सरकार से नाराज 18 हजार लेक्चरर्स

**रोहड़ू।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लैक्चरर्स एसोसिएशन जिला शिमला इकाई के जिला अध्यक्ष अजय नेगी, महासचिव आकाशदीप शर्मा, राज्य के मुख्य संरक्षक केदार रांटा, मुख्य सलाहकार प्रेमपाल दुल्टा, कानूनी सलाहकार विकेश जनार्था, दुर्गा मेहतावेद प्रकाश शर्मा, मुख्य प्रेस सचिव प्रेम शर्मा, मुख्य कार्यालय मुख्य सचिव सुरेंद्र रोंगटा, नरेश लाल, विवेक मेहता, डॉ. उमेश दाउटू संयुक्त सचिव युगल किशोर आदि ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा है कि स्कूल लेक्चरर्स को इस अधिसूचना होने के बाद पीएचडी में प्रवेश के लिए आम छात्रों की तरह प्रक्रिया से गुजरना होगा। प्रदेश के 18 हजार स्कूल लेक्चरर्स इस निर्णय से बहुत नाराज हैं। स्कूल प्रवक्ता संघ जिला शिमला के अध्यक्ष अजय नेगी ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से इस मामले में विश्वविद्यालय से इस विषय पर हस्तक्षेप की मांग की है।

## न्यूज ब्रीफ

### फ्रांस के बहाने दुबई भेजी महिला, मामला दर्ज





**इंदौरा।** शिकायतकर्ता जेएंडके के बोध खरबू लेह-लद्दाख निवासी कुंजस डोलमा ने पुलिस को दी शिकायत में बयान दर्ज करवाए कि एक व्यक्ति ने ढांगू रोड पर आफिस खोला है। उस व्यक्ति ने जनवरी, 2023 को उसकी बहन पद्मा करोल को विदेश फ्रांस भेजने के लिए सात लाख रुपए लिए थे। उक्त व्यक्ति ने उसकी बहन को फ्रांस भेजने की जगह दुबई भेज दिया और आगे फ्रांस भेजने के लारे लगाता रहा। उसकी बहन दुबई में फंसी हुई है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उक्त व्यक्ति ने उनके साथ धोखाधड़ी की है। थाना डिवीजन नंबर दो में पठानकोट निवासी अनिल के खिलाफ 420 के तहत मामला दर्ज किया है।

### विदेश भेजने के नाम पर ठगे 3.63 लाख

**धर्मशाला।** जिला के पुलिस थाना शाहपुर के तहत विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता राजेश कुमार पुत्र कर्म चंद निवासी गिलादबेड़ा डाकघर चड़ी की शिकायत के आधार पर चंडीगढ़ निवासी आरती थापा के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता के अनुसार 28 जुलाई 2023 को आरती थापा निवासी एससीओ 222 टॉप फ्लोर सेक्टर 40डी, चंडीगढ़ ने उन्हें फोन किया कि उनके चड़ी घरोह में रिश्तेदार हैं और वह चंडीगढ़ में एससीओ में विदेश भेजने का काम करती हैं। उक्त महिला ने उससे पूछा कि क्या वह सिंगापुर जाना चाहता है। इसके बाद शिकायतकर्ता के हां करने पर शिकायतकर्ता का मेडिकल चंडीगढ़ में करवाया गया तथा इसकी एवज में 18000 रुपए, कागजी कार्रवाई के लिए 15000 रुपए और सिक्योरिटी के रूप में 14000 रुपए लिए गए। इसके आठ दिन बाद उसे फिर फोन आया। कि उनका ऑफर लेटर आ गया है तथा वो अपने साथ 3,16000 रुपए लेकर आएं। उन्होंने चंडीगढ़ जाकर ओप्पो के लेटर पर हस्ताक्षर कर उन्हें पैसे दे दिए। आरती थापा ने कहा कि उनका वीजा 45 दिन बाद आएगा, लेकिन जब उन्होंने 45 दिन के बाद फोन किया तो उन्होंने उनका फोन ब्लैक लिस्ट में डाल दिया गया था। उधर, मामले की पुष्टि करते हुए धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि शिकायत के आधार पुलिस थाना शाहपुर में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

# सूर्योदय योजना नए भारत की ऊर्जा जरूरतों को करेगी पूरा

## पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर बोले- योजना के तहत एक करोड़ घरों पर लगेंगे सोलर पैनल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना की शुरुआत की गई। यह योजना भारत की भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करेगा। इस योजना के तहत एक करोड़ घरों पर सोलर पैनल लगाया जाएगा, जिससे देश के एक करोड़ परिवारों की ऊर्जा जरूरतें पूरी हो सकें। इससे एक करोड़ परिवारों को बिजली का कोई बिल नहीं देना होगा।

इससे बचने वाली बिजली अन्य व्यावसायिक गतिविधियों में इस्तेमाल होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस योजना से ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में भारत दुनिया के अग्रणी देशों में से एक होगा। नेता प्रतिपक्ष ने इतने व्यस्ततम कार्यक्रम के बाद भी 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजना देश के लोगों को समर्पित करने के लिए प्रधानमंत्री महोदय के प्रति आभार प्रकट करते हुए समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं दी। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार अगर प्रदेश में सच में विकास के एक भी काम करती तो सबसे ज्यादा खुशी हमें ही होती, लेकिन दुख इस बात का है कि 14 महीनें की सरकार में कांग्रेस ने विकास का एक भी काम नहीं कर पाई है। कांग्रेस ने अपने पूरे कार्यकाल में एक जनहित का काम नहीं किया है। एक भी जनहितकारी योजना जमीन पर नहीं उतरी है। अब बातें बनाने का वक्त नहीं हैं। जमीन पर काम करने का वक्त है।

## राष्ट्र निर्माण में महिला स्वयं सहायता समूहों का विशेष योगदान





भाजपा कार्यालय में आयोजित शक्ति वंदन कार्यक्रम में उपस्थित नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर व अन्य।

**शिमला।** महिला स्वयं सहायता समूह और एनजीओ संपर्क कार्यक्रम की प्रांत कार्यशाला का आयोजन भाजपा पार्टी कार्यालय दीप कमल चक्कर शिमला में आयोजित हुई। इस कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की प्रभारी व पूर्व में बिहार महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस कार्यक्रम में महिला मोर्चा सक्रिय भूमिका में है और भारतीय जनता पार्टी ने इसे अपने हाथों में लिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में महिला स्वयं सहायता समूहों का विशेष योगदान है। शक्ति बंदन समूह एवं स्वयं सहायता समूह एंव एनजीओ संपर्क आभियान कार्यक्रम का लक्ष्य है। पूरे देश में 90 लाख स्वंय सहायता समूह ग्रामीण क्षेत्रों में और करीब दस लाख स्वंय सहायता समूह शहरी क्षेत्र में बने हुए हैं, जो कुल मिलाकर एक करोड़ हैं। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सेल्फ हेल्प ग्रुप व एनजीओ के माध्यम से हम ऐसे वर्ग को साथ ले कर चलना है, जो सहभागिता से अपने को सशक्त करने का प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना योगी, पूर्व प्रत्याशी संजय सूद, महामंत्री अंजना शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्षा अनिता वर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी रमा ठाकुर जिलाध्यक्ष प्रेम ठाकुर, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा विनती शर्मा उपस्थित रहे।

# एम्स व भारतीय प्रबंधन संस्थान में इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित करने के लिए समझौता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान की उपस्थिति में उद्योग विभाग ने मंगलवार को भारतीय प्रबंधन संस्थान सिरमौर तथा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बिलासपुर के साथ इन संस्थानों में नए इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किए। उद्योग निदेशक राकेश प्रजापति ने प्रदेश सरकार की ओर से यह समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किए।

इस अवसर पर उद्योग मंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्टार्टअप को सभी प्रकार की सुविधाएं एवं सहयोग प्रदान करने के दृष्टिगत नए इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं, इससे प्रदेश में औद्योगिकीकरण के विस्तार के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सरकार ने इन दो अग्रणी संस्थानों के साथ यह समझौता ज्ञापन किए हैं। इनके साथ ही अब प्रदेश में इन्क्यूबेशन केंद्रों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रबंधन संस्थान सिरमौर नए स्टार्टअप को रणनीति बनाने, नेटवर्किंग और बाजार तक पहुंच से संबंधित समझ विकसित करने के साथ ही अन्य उपयुक्त सहयोग प्रदान करेगा।

इस अवसर पर संयुक्त निदेशक उद्योग रमेश वर्मा व दीपिका, भारतीय प्रबन्धन संस्थान सिरमौर के निदेशक प्रफुल्ला अग्निहोत्री, संस्थान के इन्क्यूबेशन केंद्र प्रमुख डॉ. मोहिता शर्मा, निदेशक एम्स डॉ. वीर सिंह नेगी, चिकित्सा उप अधीक्षक डॉ. विक्रांत कंवर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## देश के युवाओं को कल संबोधित करेंगे पीएम मोदी



**शिमला।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने मंगलवार को कहा कि 25 जनवरी हिमाचल प्रदेश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण दिन है। 25 जनवरी को संविधान दिवस भी है। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के युवाओं को संबोधित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश ने मोदी के लाइव प्रसारण की व्यवस्था की है। 68 विधानसभा क्षेत्रों में 68 स्थानों पर स्क्रीन लगा कर मोदी को लाइव दिखाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि 18 से 25 साल के युवक-युवतियों से आग्रह है कि वे 25 जनवरी को मोदी को अवश्य सुनें। विगत साढ़े नौ वर्षों में मोदी ने देश को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाया है, जहां सड़को व रेलवे का विस्तार एवं विकास, हवाई यातायात का विस्तार एवं विकास किया है, वहीं गरीब कल्याण की योजनाओं को प्राथमिकता दी है। युवाओं के सर्वांगीण विकास में मोदी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# हिमाचल के मंदिरों के विस्तारीकरण के लिए बनेगी विशेष कार्य योजना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**भाषा एवं संस्कृति विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में बोले उपमुख्यमंत्री**



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मंगलवार को शिमला में अपने कार्यालय कक्ष में भाषा एवं संस्कृति विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें प्रदेश में विभिन्न शक्तिपीठों तथा सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधाओं को और बेहतर करने बारे चर्चा की।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल देवभूमि है तथा यहां के मंदिरों में प्रदेश तथा बाहरी राज्यों के श्रद्धालुओं की बहुत आस्था है। सरकार देव संस्कृति के संवर्धन व संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी के दृष्टिगत हिमाचल में स्थित सभी प्रसिद्ध शक्तिपीठों तथा अन्य मंदिरों की वैभवता को बनाए रखने के लिए व्यापक कार्य योजना विभाग तैयार कर रहा है। सभी मंदिरों के विस्तारीकरण, जीर्णोद्धार के कार्य में और तेजी लाई जाएगी तथा श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं। सभी मंदिरों में ऑनलाइन पूजन व दर्शन की सुविधा तथा आरती का लाइव प्रसारण, ऑनलाइन दान की सुविधा, लंगर के लिए ऑनलाइन बुकिंग इत्यादि की सुविधाएं देने की व्यवस्था की जा रही है। मंदिरों के मार्गों में संकेत चिन्ह और दिव्यांगों के लिए रैंप तथा फ्री व्हीलचेयर मंदिर की तरफ से उपलब्ध करवाई जा रही है। मंदिरों की आय-व्यय का ब्यौरा भी सार्वजनिक करने का निर्णय लिया है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दृष्टिगत हिमाचल में पूर्ण भक्तिमय वातावरण तैयार हुआ है। प्रदेश सरकार ने पिछले कल पूरे दिन का राजकीय अवकाश घोषित किया था तथा माननीय मुख्यमंत्री तथा सरकार के सभी मंत्रियों ने विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना समारोहों में भाग लिया।



शिमला के गेयटी थियेटर में आयोजित कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता में कलाकार द्वारा बनाई गई पेंटिंग का अवलोकन करते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल।

**सूरत-ए-हाल**

## खरीद में आई 40 प्रतिशत कमी, दार्जिलिंग समेत देश भर में कई टी प्रोसेस यूनिट हुए बंद

# चाय के बाजार के लिए आफत बना रूस-यूक्रेन युद्ध

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

**अनंत ज्ञान स्पैशल**

भारी बरसात से गत साल आई आपदा ने पूरे प्रदेश में खासा कहर बरपाया, तो वहीं चाय के लिए ज्यादा बारिश संजीवनी साबित हुई। इसके चलते चाय के उत्पादन में 15 फीसदी बढ़ोतरी दर्ज हुई। मुख्यत: यूरोप तथा ईरान को निर्यात होने वाली चाय पर रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण यहां की चाय की खरीद में 40 प्रतिशत कमी दर्ज की गई।

आसाम तथा दार्जलिंग की विश्व विख्यात चाय के सुंदर बागानों के बाद हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला तथा पालमपुर के बागानों की चाय का भी ग्लोबल मार्केट में विशिष्ट रूतबा है, जिसके कारण यहां की चाय अंतरराष्ट्रीय बाजार में महंगे दामों पर बिकती है। वहीं, चाय उत्पादन तथा एक्सपोर्ट से जुड़े लोगों के अनुसार विश्व में छिड़े युद्ध की त्रासदी यह कि दार्जिलिंग में 13 तो आसाम में भी कई चाय उत्पाद यूनिट बंद हो चुके हैं। ऐसे में धर्मशाला समेत पालमपुर में चाय उत्पादन इकाइयों पर भी खतरा मंडराने लगा है तथा मौजूदा स्थिति से संचालकों के साथ कामगार भी भविष्य को लेकर चिंतित हैं।

### 13 साल में 50 हजार किलोग्राम बढ़ा चाय उत्पादन

**साल** 2010 में यहां 116450 किलोग्राम, साल 2011 में 120002 किलोग्राम, साल 2012 में 124572 किलोग्राम, साल 2013 में 136760 किलोग्राम, साल 2014 में 146405 किलोग्राम, साल 2015 में 161236 किलोग्राम, साल 2016 में 160004 किलोग्राम, साल 2017 में 151050 किलोग्राम, साल 2018 में 176015 किलोग्राम, साल 2019 में 154276 किलोग्राम, 2020 में 169021, साल 2021 में 137900 किलोग्राम, साल 2022 में 145682 किलोग्राम तथा 2023 में 165013 किलोग्राम चाय का उत्पादन हुआ।





धर्मशाला के नरघोटा की 142 साल पुरानी तथा अंग्रेजों की शुरू की गई टी फैक्टरी को 1905 में कांगड़ा क्षेत्र में आए भूकंप के बाद 1919 में मौजुदा भारतीय संचालक ने खरीदा था। इस टी कंपनी की चाय न सिर्फ दार्जलिंग की चाय को टक्कर दे रही है, बल्कि पिछले कई दशकों से कोलकाता में हिमाचल की चायों को नीलामी में सबसे ज्यादा कीमत पाने वाली चाय बन चुकी है। कांगड़ा की ऑर्गेनिक चाय को नया आयाम देने वाली धर्मशाला की मान टी फैक्टरी आज बड़ा नाम बन चुकी है तो वहीं युद्ध के कारण आस्तित्व के संकट से यह कंपनी आज दूर नहीं दिखती। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं टी फैक्टरी के प्रबंधक



**करीब** डेढ़ दशक से चल रही मान टी-फैक्टरी आज की तारीख में एक ब्रांड बन चुकी है तथा यहां फैक्टरी आउटलेट में लोग चाय के विभिन्न फ्लेवर खरीदने पहुंचते हैं। इसमें टी फैक्टरी के मौजूदा प्रबंधक अमन पाल सिंह का सफल प्रबंधन भी सहायक साबित हुआ है। दार्जलिंग की विश्वविख्यात चाय बागानों में सफल प्रबंधन कर चुके अमनपाल सिंह चाय उत्पादन में खासा अनुभव रखते हैं तथा इसका लाभ टी-फैक्टरी को भी हुआ है। उनके अनुसार यूरोप में लग्जरी आइटम के रूप में लोग चाय को गिफ्ट करते हैं, तो वहीं रूस तथा यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के कारण यह ट्रेंड कम हो चुका है। इसके अलावा ईरान जैसा बड़ा आयातक भी चाय की खरीद कम कर रहा है। ऐसे में जहां चाय का उत्पादन 15 प्रतिशत बढ़ा है, तो वहीं इसकी खरीद में 40 फीसदी की कमी आई है। उनके अनुसार दार्जलिंग समेत पूरे देश में कई चाय उत्पादन इकाइयां युद्ध के कारण बंद हो चुकी हैं, वहीं कइयों के लिए संकट बना हुआ है।





## जंगल में लगी आग लाखों की वन संपदा राख



**सोलन।** बारिश न होने के कारण सूखे से फसलें बर्बाद हो रही हैं। वहीं, अब इसके दूसरे साइड इफेक्ट भी दिखने शुरू हो गए हैं। ठंड से झड़ने वाली पेड़ों की पत्तियां अब जंगल की आग की वजह बनने लगी हैं। मंगलवार को दोपहर बाद सोलन से सात किमी दूर स्थित प्रसिद्ध जटोली मंदिर के पीछे के जंगल में अचानक आग भड़क उठी। आसपास के लोगों को जंगल में आग लगने की जानकारी मिली तो वे वन विभाग को सूचना देने के बाद मौके की तरफ दौड़ पड़े।

आग धीरे-धीरे जटोली मंदिर की ओर बढ़ रही थी। इसलिए वन विभाग कर्मियों व स्थानीय लोगों ने पहले तो आग को मंदिर तक पहुंचने से रोकने के लिए काम शुरू किया। समेहल पंचायत के पूर्व प्रधान और बघाटी सामाजिक संस्था के अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि देर सायं तक आग को बुझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। मंदिर को आग से बचाने के लिए भी ग्रामीणों ने तैयारी की है। उन्होंने बताया कि आग की चपेट में पशुओं के लिए जंगल के पेड़ों में रखा गया ग्रामीणों का घास तो जल ही रहा है, वन विभाग की संपत्ति को भी नुकसान पहुंच रहा है।

# शिक्षा मंत्री ने तीन करोड़ रुपए के किए शिलान्यास और लोकार्पण

## रोहित ठाकुर ने कहा- वर्तमान कांग्रेस सरकार दुर्गम क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने मंगलवार को उत्तराखंड सीमा के समीप जुब्बल-नावर-कोटखाई विस क्षेत्र में तीन करोड़ रुपए से अधिक राशि के विकास कार्यों के शिलान्यास व लोकार्पण किए, जिसके तहत 90 लाख रुपए की लागत से नगाली शाशन संपर्क मार्ग, 73 लाख रुपए की लागत से निर्मित हरिजन बस्ती बैठेड़ा संपर्क मार्ग एवं एक करोड़ पांच लाख रुपए की लागत से निर्मित लढान हरिजन बस्ती पवासी से किमटा बस्ती सास्कीर संपर्क मार्ग का लोकार्पण किया।

इसके साथ ही उन्होंने 30 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले सोलंग स्कूल के भवन की आधारशिला रखी। इसके अतिरिक्त शिक्षा मंत्री ने 15 लाख रुपए की लागत से बने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोलंग के खेल मैदान का भी लोकार्पण किया। वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोलंग के प्रांगण में आयोजित एक भव्य समारोह में रोहित ठाकुर ने बताया कि सोलंग सास्कीर सीमावर्ती उत्तराखंड राज्य के साथ लगता जुब्बल-नावर-कोटखाई विस क्षेत्र का एक दूरदराज क्षेत्र है, किंतु इस क्षेत्र के विकास को वह विशेष प्राथमिकता देते हैं और न केवल सोलंग सास्कीर अपितु विस क्षेत्र के सभी दूरदराज क्षेत्र में विकास उनकी प्राथमिकता है।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार दुर्गम क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू विकट वित्तीय परिस्थितियों के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संबल प्रदान हो।

मंत्री ने कहा कि जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 190 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है और संपर्क मार्गों को सुदृढ़ बनाया जा रहा है, ताकि किसानों व बागवानों की आर्थिकी में इजाफा हो सकें। सोलंग और पंद्राणु क्षेत्र पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय ठाकुर राम लाल के समय से कांग्रेस पार्टी का मजबूत गढ़ रहा है और उन्हें हमेशा यहां के लोगों का अपार स्नेह प्राप्त हुआ है।



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र में तीन करोड़ रुपए की लागत के शिलान्यास व लोकार्पण करते हुए।

### शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने का दिया आश्वासन

उन्होंने सोलंग व पंद्राणु विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को शीघ्र भरने का आश्वासन दिया, ताकि ग्रामीण परिवेश के स्टूडेंट्स को घरद्वार पर बेहत्तर शिक्षा की सुविधा उपलब्ध हो सके। इसके उपरांत उन्होंने पंद्राणु में जनसभा को संबोधित किया तथा स्थानीय लोगों की जनसमस्याएं सुनीं और मौके पर उनका त्वरित निवारण भी किया। शिक्षा मंत्री 24 को राथल में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

## एनपीए की मांगों को पूरा न होने के खिलाफ डॉक्टर्स कर रहे प्रदर्शन

# काले बिल्ले लगाकर किया काम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल आइजीएमसी में मंगलवार को डॉक्टरों ने काले बिल्ले लगाकर अपनी सेवाएं प्रदान कीं। डॉक्टर अपनी मांगें पूरी न होने के कारण विरोध स्वरूप काले बिल्ले लगा रहें है।

शिमला जिला भर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अलावा रिपन अस्पताल में भी काले बिल्ले लगाकर डॉक्टर मरीजों का चेकअप कर रहे थे। डॉक्टरों को कहना है कि जब तक उन्हें बातचीत के लिए नहीं बुलाया जाता, तब तक वह इसी प्रकार से अपनी सेवाओं को प्रदान करेंगे। बहुत समय से डॉक्टरों की एनपीए की मांगों को पूरा न होने के खिलाफ प्रर्दशन कर रहे हैं। हर बार आश्वासन मिलता है। इसके बाद भी डॉक्टर सुचारु रूप से काम शुरू कर देते हैं, हड़ताल को वापस लेते हैं, लेकिन हालत में कोई ज्यादा सुधार नहीं होता है। डॉक्टर पिछले लंबे समय से एनपीए की मांग कर रहे हैं।



आईजीएमसी में डॉक्टर काले बिल्ले लगाकर काम करते हुए।

### डॉक्टरों की ये हैं मुख्य मांगें

- नॉन प्रैक्टिस अलाउंस को बहाल किया जाए
- चिकित्सकों के पास पदोन्नति के बहुत ही कम पद स्वीकृत है, इस संदर्भ में उन्हें 4-9-14 एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन स्कीम दी जाती थी, इसे पुनः बहाल किया जाए।
- डायनेमिक करियर प्रोग्रेशन स्कीम को केंद्र सरकार के तुल्य लागू किया जाए। केंद्र सरकार ने 2008 के गजट में और 2014 के एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी गजट में चिकित्सकों को डायनेमिक करियर प्रोग्रेशन स्कीम के तहत वित्तीय लाभ प्रदान किए हैं। बिहार, राजस्थान और मध्य प्रदेश में केंद्र सरकार की तरह प्रदान की गई है।
- मेडिकल कॉलेजों में भी डायनेमिक कैरियर प्रोग्रेशन स्कीम को धरातल पर नहीं लाया जा रहा है।

"प्रदेश सरकार को अपनी मांगों को लेकर पत्र लिखा गया है। फिलहाल सरकार की तरफ से कोई जवाब नहीं मिला है। मंगलवार से अस्पताल में काले बिल्ले लगाकर काम करना शुरू कर दिया है। उम्मीद है कि सरकार उनकी मांगों को जरूर सुनेगी और जल्द ही उन्हें वार्ता के लिए बुलाया जाएगा। **डॉ. बलवीर वर्मा, अध्यक्ष एसएएमडीसीओटी आईजीएमसी।**"

# टैक्स चोरी करने वालों की खैर नहीं निगम ने डोर-टू-डोर सर्वे किया शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नगर निगम की ओर से शहर में ड्रोन मैपिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। अब निगम की ओर से वार्डों में डोर-टू-डोर सर्वे किया जा रहा है।

इसमें कई टैक्स चोरी के मामले सामने आ रहे हैं। इस सर्वे से एमसी को अपनी प्रॉपर्टी खंगालने में भी मदद मिलेगी। मैपिंग के जरिए शहर के सभी वार्डों में संपत्ति का रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा, जिससे न सिर्फ यहां बने भवन, बल्कि सार्वजनिक रास्तों और सड़कों का भी रिकॉर्ड प्राप्त होगा, जिसके आधार पर भविष्य में विकास योजनाओं के लिए एक रिकॉर्ड तैयार किया सकता है। प्रदेश में वर्ष 1974 से पहले शहरी क्षेत्रों में झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को 37 वर्ग मीटर जमीन का मालिकाना हक मिलेगा। शहरी विकास विभाग ने नियम अधिसूचित कर दिए हैं। अब डीसी की अध्यक्षता में कमेटी गठित होगी। पात्र लोग मालिकाना हक के लिए आवेदन कर सकेंगे। अगर लोगों ने ज्यादा जमीन कब्जाई है, तो उसे सरकार वापस लेगी। गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) रहने वालों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, जिनकी सालाना आय तीन लाख रुपए से कम होगी, उन्हें यह अधिकार मिलेगा।

### निजी भवनों की बनेगी अलग आईडी

मैपिंग से जनता की निजी जमीन से लेकर अनेक भवनों की एक अलग पहचान की आईडी बनाई जाएगी। शहर की संपत्ति का डाटा और अपनी प्रॉपर्टी का रिकॉर्ड निगम के पास रहेगा। इससे निगम की पूरी संपत्ति का रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा साथ ही प्रॉपर्टी के वर्तमान स्वरुप का डाटा उपलब्ध होगा। इन संपत्ति को भविष्य में बेहतर रखरखाव और इन्कम का जरिया बनाया जा सकता है।

### बेहतर तरीके से लिया जा सकता है प्रॉपर्टी टैक्स

शहर में भवन मालिकों से संपत्ति कर बेहतर तरीके से प्रॉपर्टी टैक्स लिया जा सके, इसके लिए निगम प्रशासन ने शहर के भवनों की जीआईएस मैपिंग करवाने का निर्णय लिया था। ड्रोन मैपिंग से काफी लाभ हो रहा है। संपत्ति कर के लिए करवाए जाने वाले जीपीएस मैपिंग के खत्म होने व इस आधार पर लोगों से टैक्स वसूलने के मामले में इंतजार करना होगा। इस मैपिंग से किस भवन मालिक के पास कितनी प्रापर्टी है और उसका प्रापर्टी टैक्स कितना होगा।

"शहर में ड्रोन से मैपिंग कार्य शुरू हो चुका है। निगम ने अब डोर टू डोर सर्वे करना शुरू कर दिया है। पूरा ब्यौरा तैयार करने के बाद एमसी अपनी संपत्ति का पता लगाकर डिफॉल्टर पर सख्ती बरतेगा। इससे निगम को काफी फायदा होगा। **भूपेंद्र अत्री, आयुक्त नगर निगम शिमला।**"

## शहर के कई वार्डों में तहबाजारी बिना अनुमति के सजा रहे सामान

# जल्द बनाए जाएंगे वेंडिंग जोन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

वेंडिंग राजधानी शिमला में तहबाजारियों का अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है, जिस कारण शहर के वार्डों में लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

शहर के कई वार्डों में तहबाजारी बिना अनुमति के अपना सामान सजा रहे हैं, ऐसे में राहगीरों को चलने में बहुत परेशानी हो रही है, लेकिन इस पर निगम का कोई ध्यान नहीं है। तहबाजारियों के लिए अब निगम की ओर से जगह चिन्हित की जाएगी। इसके बाद शहर में बिना आईडी वालों को नहीं बैठने दिया जाएगा। शहर में कुछ तहबाजारी ऐसे हैं, जो बिना किसी खौफ के रास्तों, सीढ़ियों व सड़कों पर अपना डेरा जमाए हुए बैठ जाते हैं, जिससे लोगों को चलने के लिए रास्ता कम पड़ जाता है। तहबाजारी मनमर्जी से इन जगहों पर अपना कब्जा जमा रहे हैं। इसपर निगम का कहना है कि अवैध रूप से बैठने वाले तहबाजारियों पर लगातार कार्रवाई की जाती है।

इस दौरान तहबाजारियों का सामान जब्त कर लिया जाता है, लेकिन इसके बावजूद भी बार-बार सामान को बेचने के लिए सजा देते हैं। ऐसे तहबाजारियों पर कार्रवाई लगातार की जा रही है। जानकारी के अनुसार शहर में विभिन्न जगहों पर तहबाजारी अपना सामान सजाए बैठ जाते हैं। इनमें कई तहबाजारी ऐसे हैं, जिसकी आईडी बनी हुई है। लेकिन इनमें कई ऐसे तहबाजारी ऐसे भी हैं, जिनके पास आईडी नहीं है।

### शहर में तहबाजारियों को मिलेगा स्थान

शहर में अपना सामान बेचने वाले तहबाजारियों के लिए स्थान दिया जाएगा, जिसके बाद यह रास्तों, फुटपाथ, ब्रिज, सीढ़ियों पर नहीं बैठ सकेंगे। इसके लिए निगम जल्द ही नए वेंडिंग जोन बनाने जा रहा है। तहबाजारियों के लिए ऐसी जगह का चयन किया जाएगा, जिससे अन्य कारोबारियों के कारोबार पर असर न पड़े, जिसके बाद शहर के लोगों को पेश आ रही दिक्कतों से छुटकारा मिलेगा।

"शहर में तहबाजारियों पर समय-समय पर कार्रवाई की जा रही है। अगर कोई भी तहबाजारी अवैध रुप से किसी जगह पर सामान बेचता हुआ पाया जाता है, तो निगम कार्रवाई जारी रखेगा। इसके अलावा शहर के तहबाजारियों के लिए जल्द ही वेंडिंग जोन बनाए जाएंगे, जिसके बाद तहबाजारियों को इसमें बसाया जाएगा। इससे शहर के लोगों को आवाजाही में परेशानी नहीं होगी। **सुरेंद्र चौहान, महापौर नगर निगम शिमला।**"

# केंद्र के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे किसान और बागवान



शिमला में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते सेब उत्पादक संघ के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

26 जनवरी को देशभर में किसान बागवान अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरने जा रहे हैं। इसी के तहत शिमला में भी किसान, बागवान केंद्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोलेंगे और नारकंडा से सचिवालय तक वाहन रैली निकाली जाएगी, जिसमें प्रदेश भर के सैकड़ों किसान केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। सेब उत्पादक संघ के अध्यक्ष सोहन ठाकुर ने शिमला में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि तीन वर्ष पहले सयुंक्त किसान मोर्चा का आंदोलन हुआ था, लेकिन उस दौरान केंद्र सरकार से जो समझौता हुआ उसकी एक भी मांग नहीं मानी गई है। पूरे देश में 26 जनवरी को वाहन और ट्रैक्टर रैली होगी। उसी कड़ी में हिमाचल में भी आंदोलन होगा। नारकंडा से प्रदेश सचिवालय तक वाहन रैली निकाली जाएगी। मौसम की बेरुखी के साथ बागवानों को सरकार की बेरुखी भी झेलनी पड़ रही है। सेब उत्पादन में बागवानों की लागत लगातार बढ़ रही है, दूसरी तरफ केंद्र ने एमआईएस का बजट घटा दिया है। सरकार उद्योगपतियों को अनुदान दे रही है, लेकिन बागवानों को सब्सिडी नहीं दी जा रही। इस वर्ष भी बारिश नहीं हुई है, जिससे बागवानी पर संकट खड़ा हो गया है। पीएम ने वॉशिंगटन एप्पल की इंपोर्ट ड्यूटी कम की है। बागवान सेब की इंपोर्ट ड्यूटी को 100 फीसदी करने की मांग कर रहे हैं।

# नगर निगम ने कैथू वार्ड से शुरू किया परिवार रजिस्ट्रेशन का काम

**आशिमा वैरागी, शिमला**

शिमला नगर निगम की ओर से परिवारों की रजिस्ट्रेशन का काम शुरू कर दिया गया है।

निगम ने इसकी शुरुआत कैथू वार्ड से कर दी गई है, पिछले मानसून में हुई तबाही से शहरी क्षेत्रों में बसे परिवारों को काफी नुकसान हुआ है, लेकिन कितने परिवारों को नुकसान हुआ है, इसका जायजा नहीं हो पाया है। शहर में अभी परिवारों को रजिस्टर नहीं किया गया है। इससे निगम को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परिवार रजिस्टर को लागू करने के लिए राज्य सरकार ने नगर निगम अधिनियम की धारा 48 ए धारा 308 ए और प्रदेश नगर निगम अधिनियम की धारा 43 (5) और धारा 393 में संशोधन किया है। इससे शहरी क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों के बारे में महत्वपूर्ण डाटा उपलब्ध होगा, जिसके उपयोग से संसाधनों के बेहतर आवंटन सुनिश्चित कर जन कल्याण के लिए योजनाएं बनाई जा सकेंगी।

अब शहर में बसे परिवार में रहने वाले सदस्यों, उनके व्यावसाय, जाति, शैक्षणिक स्थिति और अन्य आवश्यक विवरणों का रिकॉर्ड रखा जाएगा। संशोधित नियमों में वार्ड समिति के संबंधित सचिव को वार्ड के वास्तविक निवासियों के परिवारों के विवरण के लिए घर-घर जाकर सर्वेक्षण करना अनिवार्य किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### शहर के परिवारों की पहचान करने में होगी आसानी

अभी तक हजारों परिवारों को रजिस्टर नहीं किया गया है, जिससे लोगों की पहचान करने में कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। अभी शहर में बसे हुए परिवारों में कितना नुकसान हुआ है। इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता है, लेकिन जैसे ही यह कार्य पूर्ण होगा, तो निगम को कार्य करने में आसानी हो सकती है।

"नगर निगम यह काम पहले शुरू करने वाला था, लेकिन बारिश से हुई आपदा के कारण इस कार्य को रोकना पड़ा। अब निगम ने कैथू वार्ड से परिवार रजिस्टर का काम शुरू कर दिया है। इससे निगम को भी काफी फायदा होगा। **भुवन शर्मा, संयुक्त आयुक्त नगर निगम शिमला।**"

# खाली हाथ सरकार गांव के द्वार, लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ : कश्यप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप व विधायक पावटा साहिब एंव पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी ने संयुक्त बयान में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम को फ्लॉप कर दिया है।

सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि सरकार खाली हाथ गांव के द्वार जा रही है। सांसद ने कहा कि जनता के साथ एक और धोखा कर दिया है। सांसद ने कहा कि पूर्व में रही भाजपा सरकार के जन मंच कार्यक्रम का कांग्रेस जमकर विरोध किया करती थी। उन्होंने कांग्रेस सरकार को याद दिलाते हुए कहा कि भाजपा जन मंच के कार्यक्रम बजट के साथ किया करती थी, जबकि प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार बगैर बजट के ही इस कार्यक्रम को कर रही है। सांसद ने तंज करते हुए कहा कि सरकार गांव के द्वार जाए चाहे किसी के द्वार काम किसी के नहीं हो रहे हैं केवल और केवल लोगों को धोखा देने का काम किया जा रहा है।


### 13 महीने में 13000 करोड़ का लिया कर्ज



सुरेश कश्यप व सुखराम चौधरी।

पूर्व मंत्री व विधायक पांवटा साहिब सुखराम चौधरी ने अपने बयान में सरकार से पूछा कि 13 महीने में 13000 करोड़ का कर्ज लिया है आखिर यह पैसा कहां गया है। पूरे प्रदेश में विकास के कार्य ठप पड़े हैं, सरकार खाली हाथ होने का रोना रो रही है। ऐसे में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम कर जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है। न केवल प्रदेश बल्कि जिला सिरमौर जहां सरकार का एक मंत्री और दूसरे विधानसभा उपाध्यक्ष है, बावजूद इसके जिले का विकास कोसों दूर चला गया है।

## रिहर्सल ...



रिज पर गणतंत्र दिवस परेड के लिए रिहर्सल करते सेना, पुलिस जवान व अन्य।

# जंगल की आग ने उजाड़ा आठ कमरों का आशियाना

**शिमला।** बारिश और बर्फबारी को तरसते हिमाचल में अब जंगल की आग लोगों के आशियाने तक पहुंचने लगी है। मंगलवार को ठियोग के तहत बगैन पंचायत में आग लगने से आठ कमरों का दो मंजिला मकान जलकर राख हो गया है। मकान श्रीराम शर्मा का बताया जा रहा है।

मकान के जल जाने से पूरा परिवार बेघर हो गया है। आग पहले जंगल में लगी थी तभी आग इतनी फैल गई की घर तक पहुंच गई। इस दौरान लोगों के बीच अफरा तफरी मच गई। लोगों की ओर से भी आग पर काबू नहीं पाया गया। प्रदेश में सर्दी के इस सीजन में 95 प्रतिशत कम बारिश हुई है और आने वाले हफ्ते में भी कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के कारण बारिश-बर्फबारी की खास उम्मीद नहीं है। लगातार सूखे के कारण जंगलों में आग लगने की घटनाओं में भारी इजाफा हुआ है। भारतीय वन सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार हिमाचल में 16 अक्तूबर, 2023 से 16 जनवरी, 2024 तक जंगलों में आग लगने की 2050 घटनाएं दर्ज की गई हैं।

**प्लान** प्रशासन के दावे फेल, आईजीएमसी में मरीजों को दवाइयां लेने के लिए खानी पड़ रहीं दर-दर की ठोकरें

# मरीजों को बेड पर नहीं मिल रहीं दवाइयां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

आईजीएमसी में मरीजों को बेड पर दवाइयां देने को लेकर प्रशासन के दावे फेल हो गए हैं। प्रशासन का दावा था कि जो कार्ड धारक मरीज अस्पताल में भर्ती होते हैं, तो उन्हें वार्ड वॉय बेड पर ही दवाइयां उपलब्ध करवाएगा।

मरीज को दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर नहीं होना पड़ेगा, लेकिन इन दावों की पोल खुलती नजर आ रही है। किसी भी मरीज को बेड पर दवाइयां उपलब्ध करवाने का कोई प्रावधान नहीं किया गया है। मरीजों के साथ आए तीमारदारों को स्वयं दवाइयां लाने व कार्ड एक्टिवेट करवाने के लिए धक्के खाने को मजबूर होना पड़ रहा है। प्रशासन ने यह निर्णय इसलिए लिया था कि अस्पताल में भीड़ ज्यादा होती है। ऐसे में भीड़ को कम करने के लिए यह प्लान बनाया था।

प्रशासन ने यह जिम्मा वार्ड बॉय को सौंपना था। वार्ड बॉय जिन भी मरीजों के ऑपरेशन होंगे पहले तो उनके कार्ड को एक्टिवेट करेंगे व उसके बाद ऑपरेशन व दवाइयां बेड पर लाएगा। तीमारदारों को स्वयं नहीं भटकना पड़ेगा। मरीजों को कार्ड एक्टिवेट करवाने में काफी दिक्कतें आती हैं व दवाइयां लेने के लिए लाइनों में खड़े रहना पड़ता है। तीन से चार घंटे तक तीमारदारों को लाइनों में धक्के खाने पड़ रहे हैं। वहीं, अस्पताल में एक मरीज के साथ तीन से चार तीमारदार होते हैं। ऐसे में अस्पताल में अगर कोई दवाइयां लेने भी जाता है, तो भीड़ लग जाती है। इस निर्णय से अब अस्पताल में काफी ज्यादा सुधार होना था। आईजीएमसी में इन दिनों प्रतिदिन 3000 की ओपीडी है और 1000 मरीज भर्ती रहते हैं। ऐसे में इनके साथ तीमारदार भी आते हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि अस्पताल में कितनी भीड़ रोजाना होती होगी। अब सवाल यह उठ रहे हैं कि प्रशासन का यह प्लान फेल क्यों हो गया है।

### कार्ड धारकों को ऐसे मिलता है ऑपरेशन का सामान व दवाइयां

जिस भी मरीज के पास आयुष्मान व हिमकेयर का कार्ड है, उसे पहले तो काउंटर पर जाना पड़ता है, उसके बाद वहां से पैकेज फॉर्म लाकर वार्ड में डॉक्टर से भरवाना पड़ता है। उसके बाद फिर काउंटर पर जाकर मरीज का फोटो व कार्ड लेकर जाना पड़ता है। फिर वहां पर कार्ड को एक्टिवेट करवाना पड़ता है। जब कार्ड एक्टिवेट होता है, तो उसके बाद पैकेज फार्म लेकर वार्ड में जाना पड़ता है और फिर डॉक्टर व नर्स से दवाइयां लिखवाकर साथ में उनके हस्ताक्षर करवाकर 50 नंबर पर जाना पड़ता है। वहां से फिर डिस्पेंसरी जाना पड़ेगा और उसके बाद जनऔषधी की दुकान में जाना पड़ेगा व वहां से उन्हें दवाइयां मिलेंगी। सबसे ज्यादा समय कार्ड एक्टिवेट व दवाइयां लेने में लगता है। अगर बेड पर ही मरीजों को दवाइयां मिलनी शुरू हो जाएंगी, तो तीमारदारों को दर-दर की ठोकरें नहीं खानी पड़ेंगी।

### रिपोर्ट बेड पर मिलने का भी किया था दावा


डॉक्टर जब भी वार्ड में मरीजों के सैंपल लेगा, तो उसके सैंपल को वार्ड बॉय ही लैब में ले जाने को भी प्रशासन ने दावा किया था। यहां तक वापस उसकी रिपोर्ट भी वार्ड बॉय को ही लाने को कहा गया था। ऐसे में तीमारदारों को लैब में भीड़ के बीच नहीं जाना पड़ना था। पैथोलॉजी व माइक्रोवायोलॉजी दोनों ही लैब में वार्ड वॉय को भेजा जाना था।

# पुनर्विवाह के अंतर्गत पांच महिलाओं को 51 हजार रुपए की राशि दी

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

बालिका दिवस के उपलक्ष्य में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम के तहत बाल विकास परियोजना सुन्नी की ओर से सुन्नी स्थित रैन बसेरा में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में नगर पंचायत सुन्नी के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस दौरान खंड के सात वृत्तों के लगभग 32 पंचायतों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने कार्यक्रम में मौजूद रुद्राक्षी का अन्नप्राशन करवाया था व एक अन्य महिला की गोद भरवाई भी करवाई गई। इस दौरान बाल विकास परियोजना अधिकार सुन्नी हरीश शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि सरकार की ओर से विभिन्न क्लायकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं ओर इन योजनाओं के माध्यम से क्षेत्र की महिलाएं लाभान्वित भी हो रही हैं। शगुन योजना के तहत 64 लाभार्थीयों को लाभ मिला, जबकि पुनर्विवाह के अंतर्गत पांच महिलाओं को 51 हजार रुपए की राशि दी गई। महिलाओं को आत्मनिर्भर करने के लिए दस महिलाओं को आजीविका के लिए पांच-पांच हजार रुपए का अनुदान भी दिया गया। इस वित्त वर्ष में बेटी है अनमोल कार्यक्रम के तहत बेटियों को 25 लाख रुपए की छात्रवृत्ति भी आबंटित की गई। इसी तरह मुख्यमंत्री सुखसाश्रय योजना के तहत चार बच्चों को लाभ दिया गया है। तीन वर्ष तक के बच्चों की कुल संख्या 2300 है, जबकि 22 बच्चे अल्पपोषित व कुपोषित का शिकार हैं। स्वस्थ बालिका स्पर्धा में विभूति को प्रथम पुरस्कार दिया गया, जबकि भाषण प्रतियोगिता में सुन्नी स्कूल की छात्रा स्नेहा को प्रथम, आर्यन पब्लिक स्कूल सुन्नी की छात्रा मनस्वी शर्मा को द्वितीय, जबकि गीता निकेतन सुन्नी की छात्रा निकिता को तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। (अनंत ज्ञान)



सुन्नी में बालिका दिवस पर 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' की शपथ ग्रहण करते प्रतिभागी।

## न्यूज ब्रीफ

### प्राण प्रतिष्ठा पर सवा मन सामग्री से हवन



मां भद्रकाली जखोली देवी मंदिर में हवन करते ब्राह्मण व यजमान।

**अर्की।** उपमंडल अर्की की कुलदेवी स्वयंभू प्रतिष्ठित मां भद्रकाली जखोली देवी मंदिर में श्री रामलला की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर कीर्तन के साथ सवा मन सामग्री का हवन किया गया। इसके बाद यहां हजारों लोगों के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं को अयोध्या से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एलईडी पर भी दिखाया गया।

### ठोडो मैदान में गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल शुरू



परेड में हिस्सा लेते पुलिस, होमगार्ड जवान व एनसीसी के कैडेट्स।

**सोलन।** सोलन में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंगलवार की सुबह कड़कड़ाती ठंड के बीच पुलिस व होमगार्ड के जवानों व एनसीसी के कैडेटों ने परेड की रिहर्सल शुरू की। पुलिस बैंड की धुन पर पूर्वाह्न 11 बजे तक यह रिहर्सल जारी रही। मंगलवार की सुबह पुलिस होमगार्ड व एनसीसी के कैडेट सोलन के ठोडो मैदान पर एकत्रित हुए। शुरुआती तैयारी के बाद सभी ने अपनी अपनी टोलियों के साथ मार्चपास्ट की रिहर्सल शुरू की। आने वाले दिनों में भी यह की रिहर्सल जारी रहेगी। उधर, स्कूलों से आने वाली सांस्कृतिक कार्यक्रम के विद्यार्थियों की टोलियों ने भी अपनी रिहर्सल तेज कर दी है।

### याद रखें स्वतंत्रता सेनानियों का बलिदान : चीमा



दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते एसडीएम जीएस चीमा।

**पांवटा साहिब।** मंगलवार को पांवटा साहिब के एक निजी होटल में शिवाजी स्पोर्ट्स एंड कल्चरल क्लब की ओर से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस मौके पर पर देशभक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम में एसडीएम पांवटा साहिब गुंजित सिंह चीमा ने शिरकत की। उनके साथ विशेष अतिथि के रूप में तहसीलदार ऋषभ शर्मा, उद्योगपति अरुण गोयल, नरेंद्र पाल सिंह सहोता और नरेंद्र पाल सिंह नारंग मौजूद रहे। क्लब के अध्यक्ष मधुकर डोगरी ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई और कहा कि इस मौके पर हर वर्ष उत्तर भारत स्तर की क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस बार पहली फरवरी को यह प्रतियोगिता आयोजित होगी। एसडीएम गुंजीत सिंह चीमा ने कहा कि देश की आजादी में योगदान देने वालों को हमेशा याद रखना चाहिए।

### साई मंदिर के स्थापना दिवस पर निकाली शोभायात्रा



बद्दी के हाउसिंग बोर्ड फेस-दो स्थित साई बाबा की झांकी निकालते श्रद्धालु।

**बीबीएन।** बद्दी के हाउसिंग बोर्ड फेस-दो स्थित साई मंदिर कमेटी की ओर से मंगलवार को साई बाबा का 17वां मूर्ति स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर आरती के बाद बाबा का मंगल स्नान करवाया गया। स्नान के बाद सैकड़ों भक्तों की मौजूदगी में अलौकिक श्रृंगार कर बाबा को 56 भोग लगाया गया। मंगलवार सुबह बैंड-बाजों के साथ शोभायात्रा निकाली गई और एक दर्जन से अलग-अलग झांकियों के साथ साईं मंदिर से होते हुए साईं मार्ग बसंतीबाग, बद्दी मुख्य बाजार, पुरानी सब्जी मंडी से बिग बाजार चक्का रोड ओमेक्स कॉलोनी होते हुए वापस साई मंदिर पहुंची। दोपहर बाद मंदिर कमेटी द्वारा भंडारे का आयोजन भी किया गया। शोभा यात्रा में साईं मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुभाष गर्ग, उपाध्यक्ष राजेंद्र मित्तल, सचिव डॉ. मुकेश मल्होत्रा, कोषाध्यक्ष सुरेश मित्तल, सदस्य हरीश भूटानी, सुनील शर्मा, गौरव, सुरेंद्र, संजय, राजेश जिंदल, हिमांशु शर्मा, पूनम धवन, बीना शर्मा, निशा शर्मा, कांता देवी व पं. चंद्रशेखर सहित अन्य उपस्थित रहे।

### भाजयुमो करेगा नव मतदाता सम्मेलन : ठाकुर



पत्रकारों से बात करते भाजयुमो के सोलन जिला अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर व अन्य।

**सोलन।** भाजपा युवा मोर्चा 25 जनवरी को देशभर में नव मतदाता सम्मेलन आयोजित करेगा। इसमें वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं को संबोधित करेंगे। यह जानकारी भाजयुमो जिला सोलन के अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर ने सोलन में पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सहित सहित जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्र में भी युवा नव मतदाता सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे जिसमें 1000 हजार से अधिक युवा शामिल होंगे। इसके तहत सोलन विधानसभा क्षेत्र में ओल्ड बस स्टैंड के नजदीक सनातन धर्म मंदिर में नव मतदाता सम्मेलन होगा। इसी तरह हर की विधानसभा कसौली के परमाणु में, दून विधानसभा क्षेत्र के पट्टा महलोग में, नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नौ अवस्थी इंस्टीट्यूट में और अर्की में नव मतदाता सम्मेलन आयोजन किया जाएगा। ठाकुर ने सभी नव मतदाता युवाओं से इस कार्यक्रम में शामिल होकर प्रधानमंत्री मोदी के वक्तव्य को सुनने का आग्रह किया है।

# सोलन में भवन मालिकों को अब नई दर से देना होगा प्रॉपर्टी टैक्स

## नगर निगम 31 जनवरी तक पूरा करेगा भवनों की मैनुअल मैपिंग का कार्य, प्रॉपर्टी टैक्स संशोधन से फ्लैट मालिकों को मिलेगी राहत

**आर मोहन चौहान, सोलन**

शहर के करीब 12 हजार घरेलू व व्यावसायिक भवन मालिकों को फरवरी महीने में प्रॉपर्टी टैक्स की नई दर के मुताबिक बिल जारी होंगे। नगर निगम सोलन की तरफ से प्रॉपर्टी टैक्स के लिए वार्डवाइज की जा रही मैनुअल मैपिंग का कार्य प्रगति पर है, जिसे जनवरी 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके बाद सभी भवन मालिकों को प्रॉपर्टी टैक्स के बिल जारी होंगे।

निगम ने पहले वार्डवाइज टैक्स का बिल जारी करने का निर्णय लिया था, पर प्रॉपर्टी टैक्स के संशोधन का पेंच फंस गया। इस कारण अभी तक नई दर के हिसाब से प्रॉपर्टी टैक्स जारी नहीं हुए हैं। दरअसल बेस लाइन सर्वे में फ्लैट्स के लिए निर्धारित सात फीसदी टैक्स को कमर्शियल कैटेगरी में माना गया, जबकि यह आवासीय कैटेगरी में होना चाहिए था।



प्रॉपर्टी टैक्स के लिए शहर का वार्डवाइज की जा रही मैनुअल मैपिंग का कार्य प्रगति पर है।

आवासीय कैटेगरी के मुताबिक यह छह फीसदी होना चाहिए। अब हाउस ने इसे अपनी संस्तुति प्रदान कर दी है। इस निर्णय से फ्लैट मालिकों को राहत प्रदान मिली है। अब उन्हें के पहले से कम टैक्स देना होगा।

**शहर की हो चुकी है ड्रोन मैपिंग :** नगर निगम ने प्राइवेट कंपनी के सहयोग से शहर की ड्रोन मैपिंग की है, जबकि मैनुअल मैपिंग का कार्य प्रगति पर है। शहर के अधिकतर वार्डों में मैनुअल मैपिंग पूरी हो चुकी है जबकि निगम में मर्ज किए गए हिस्सों की मैनुअल मैपिंग का कार्य प्रगति पर है। निगम का सर्वे पूरा होते ही भवन मालिकों को पिछले वित्तीय वर्ष का नई देर से 240 दिन का प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाना होगा।

इससे पहले निगम ने पुरानी दर से चार अगस्त 2023 तक 125 दिन यानी चार महीने का टैक्स वसूल कर चुकी है। यह व्यवस्था इसलिए की गई है क्योंकि सरकार ने चार अगस्त से 2023 से नए प्रॉपर्टी टैक्स को लागू करने की अधिसूचना जारी की थी।

**निगम की बढ़ेगी आय :** निगम के मुताबिक शहर में 30 से 40 फीसदी से अधिक भवन ऐसे हैं, जिसमें एनओसी के बाद निर्माण किया गया है लेकिन इस का टैक्स जमा नहीं किया जा रहा है।

नगर निगम ने प्रस्ताव पारित कर अगस्त 2023 नई दरों के मुताबिक प्रॉपर्टी टैक्स निर्धारण का निर्णय लिया है। इसके लिए भवनों की ड्रोन तकनीक से मैपिंग की गई है। इसके बाद नक्शे से अधिक या अतिक्रमण कर बने भवनों की मैनुअल मैपिंग के बाद नई दरों से भवनों का प्रॉपर्टी टैक्स निर्धारित किया जाएगा। निगम को प्रॉपर्टी टैक्स से आय बढ़ने की उम्मीद है। निगम को पुरानी दर से करीब पांच करोड़ की टैक्स की आय होते रही है, जबकि नई दर से सात से आठ करोड़ रूपए टैक्स जमा होने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

### प्रॉपर्टी टैक्स के पांच स्लैब निर्धारित

नगर निगम के प्रारूप के तहत पुराने मकानों पर कम और नए मकानों पर अधिक दर से प्रॉपर्टी टैक्स देय होगा। इसके लिए 1947 से पहले से लेकर 2021 के बाद बने भवनों के पांच स्लैब बनाए गए हैं। टैक्स के लिए 100 स्क्वायर मीटर एरिया से कम और इससे ज्यादा एरिया में बने मकान के लिए दो स्लैब बनाए गए हैं। वर्तमान में नगर निगम सोलन के दायरे में करीब 10 हजार 644 भवन आते हैं जबकि करीब दो हजार फ्लैट भी निगम में पंजीकृत हैं।


### मकानों में दो दर से लगेगा टैक्स

**निगम** रेजिडेंशियल और लेटआउट रेजिडेंशियल एरिया यानी किराये पर दिया गए मकान के हिस्सा में अलग-अलग दर से टैक्स निर्धारण करेगा। टैक्स निर्धारण में पांच फैक्टर लागू होंगे। यानी लोकेशन, एरिया, नेट रेटेबल वेल्यू, प्रापर्टी टैक्स परसेंटेज और अमाउंट ऑफ जनरल टैक्स की दर को मिलाकर और 10 फीसदी छूट के बाद टैक्स निर्धारित होगा। अभी निगम को टैक्स के रूप में करीब पांच करोड़ की आय होती है। नए प्रारूप के मुताबिक करीब पांच करोड़ से अधिक टैक्स भी जमा होगा, साथ ही अधिकतर मकान मालिकों को भारी भरकम टैक्स से राहत भी मिलने की उम्मीद है।



> सोलन शहर में नए सिरे से प्रॉपर्टी टैक्स निर्धारित करने के लिए मैनुअल मैपिंग का कार्य अंतिम चरण में है। फरवरी में नई दर के हिसाब से भवन मालिकों को प्रॉपर्टी टैक्स के बिल जारी होंगे। प्रॉपर्टी टैक्स संशोधन संशोधन से फ्लैट मालिकों को भी राहत मिलेगी।
>
> **-उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

# सोलन अस्पताल के डॉक्टरों ने छठे दिन भी काले बिल्ले लगाकर दी ड्यूटी



काले बिल्ले लगाकर सरकार का विरोध जताते चिकित्सक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

हिमाचल प्रदेश मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन के आह्वान पर सोलन अस्पताल के डॉक्टरों ने छठे दिन भी काले बिल्ले लगाकर ड्यूटी दी।

सोलन इकाई के अध्यक्ष डा. कमल अटवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने संगठन की मांगों की सुनवाई के लिए फरवरी के पहले सप्ताह का समय दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री संगठन के लिए समय निकालेंगे और उनकी मांगों की सुनवाई करेंगे।

उन्होंने कहा कि डाक्टर एसोसिएशन एनपीए की बहाली सहित अपने पांच मांगों की सुनवाई नहीं होने के विरोध में काले बिल्ले लगाकर ड्यूटी दे रहे हैं।

# सुविधाओं से लैस होगा डीसीएम लैंड ऑफ गॉड्स स्कूल

**अनंत ज्ञान, अर्की**

भारत में शिक्षा क्षेत्र में पिछले लगभग आठ दशकों से अग्रणीय डीएसएम ग्रुप ऑफ स्कूल्ज द्वारा सोलन के अर्की सब डिवीजन में एक विश्व स्तरीय आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित डीसीएम लैंड ऑफ गॉड्स स्कूल डीसीएम लॉग्स की स्थापना की गई है। इससे इस क्षेत्र के बच्चों को विश्व स्तरीय शिक्षा का लाभ मिलेगा, वहीं इस क्षेत्र की आर्थिक उन्नति के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

डीसीएम ग्रुप ऑफ स्कूल्ज के पीआरओ विक्रमादित्य शर्मा ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के आने से इलाके के लोगों में उत्साह की भावना पाई जा रही है। वह दिन दूर नहीं, जब यहां के बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर देश-विदेश में इस क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।



डीसीएम लैंड ऑफ गॉड्स स्कूल जहां पर अब बच्चों को विश्व स्तरीय सुविधाएं मिलेंगी।

डीसीएम ग्रुप ऑफ स्कूल्ज को देश की सर्वश्रेष्ठ इंडस्ट्रियल व शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा विभिन्न सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। हाल ही में जहां एसोचेम द्वारा डीसीएम ग्रुप को देश के नंबर एक शैक्षणिक संस्थान का अवॉर्ड दिया, वहीं, ब्रेनफीड द्वारा भी ग्रुप को मोस्ट प्रोग्रेसिव स्कूल चेन के अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है।

डीसीएम लाग्स के जनरल मैनेजर योगेश वर्मा ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए नर्सरी कक्षा से आठवीं कक्षा तक के दाखिले आरंभ हो चुके हैं। इसको लेकर विद्यार्थियों और अभिभावकों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।उन्होंने बताया कि स्कूल के विद्यार्थियों के लिए ईको फ्रेंडली ग्रीन स्कूल, कैंपस बेहतरीन इंफ्रास्टक्चर, हाइटेक रिसोर्स सैंटर के साथ बेहतरीन खेल सुविधाओं का भी प्रबंध किया गया है।

उन्होंने बताया कि डीसीएम ग्रुप का विश्व प्रसिद्ध संस्थानों जैसे माइक्रोसॉफ्ट, खान अकादमी, आईडीपी, कैंब्रिज बोर्ड, बेनेसी के साथ गठजोड़ है और यहां के प्रशिक्षक भी डी लॉग्स के विद्यार्थियों को समय-समय पर प्रशिक्षण देंगे। स्कूल द्वारा विद्यार्थियों के भीतर क्रिएटिविटी व आत्मविश्वास पैदा करने के लिए उनमें इंग्लिश सहित अन्य भाषा सीखने के स्किल्स भी विकसित की जाएंगी।

# ददाहू-बेचड़ का बाग सड़क पर खर्च होंगे 20 करोड़ : विनय

**अनंत ज्ञान, श्रीरेणुका जी**

सैनधार क्षेत्र के कमलाड़ पंचायत में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी एवं जन हितैषी योजना सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम जन समस्याओं के निपटारे में अत्यंत कारगर सिद्ध हो रहा है।

विनय कुमार ने कहा कि प्रदेश में हाल ही में आई आपदा से सरकारी और निजी संपत्तियों को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि ददाहू-बेचड़ का बाग सड़क के अपग्रेडशन पर 20 करोड़ की धनराशि व्यय की जाएगी। विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया।



सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में लगी सरकारी विभाग की प्रदर्शनी देखते विस उपाध्यक्ष

कार्यक्रम के अवसर पर पर आज 86 जन समस्याएं और विकासत्मक मांग प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकतर जनसमस्यायों का मौके पर निपटारा किया गया और शेष को निपटारे के लिए विभागों को भेजा गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग ने 150 लोगों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की जबकि आयुर्वेद विभाग ने 100 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। इसी प्रकार पशुपालन विभाग ने 120 लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

श्रम एवं रोजगार विभाग द्वारा 120 लोगों को विभाग की योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में 60 लोगों के विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र मौके पर ही बनाए गए।

**ये रहे उपस्थित :** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एलआर वर्मा, पुलिस अधीक्षक रमन कुमार मीणा, एसडीएम रजनेश कुमार, तहसीलदार राजेंद्र ठाकुर, परियोजना अधिकारी डीआरडीए अभिषेक मित्तल, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण अरविंद शर्मा, मुख्य चिकत्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक, बीडीओ परमजीत, कांग्रेस खंड अध्यक्ष उपेंद्र चौहान, कांग्रेस सचिव मित्र सिंह तोमर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्यामा ठाकुर सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# तारूवाला पाठशाला के उत्कृष्ट मेधावी किए सम्मानित



मुख्य अतिथि किरनेश जंग को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधन से जुड़े लोग।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तारूवाला में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में होनहार विद्यार्थी सम्मानित किए गए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक चौधरी किरनेश जंग मुख्य अतिथि और सुभाष वैद्य और राजेंद्र शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. प्रेमपाल ठाकुर ने सर्वप्रथम स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# सोलन में एनएच पर पांच जगहों पर बनेंगे ओवरफुट ब्रिज : मेयर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

नगर निगम सोलन की एक बैठक राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ मंगलवार को हुई। इस बैठक में नगर निगम के अधिकारी व मेयर सहित अन्य पार्षद उपस्थित रहे।



बैठक में यह चर्चा हुई कि नेशनल हाई-वे का एक बड़ा हिस्सा सोलन नगर निगम क्षेत्र के तहत पड़ता है, ऐसे में नगर निगम को इन क्षेत्रों में विभिन्न कार्य करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं को लेकर एनएचएआई के अधिकारियों के साथ नगर निगम की टीम ने बातचीत की। साथ ही आने वाले समय में सोलन शहर के पांच स्थानों पर लोगों को रोड क्रॉस करने के लिए ओवरफुट ब्रिज बनाने को लेकर भी सहमति बनाई गई। नगर निगम की मेयर उषा शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि नेशनल हाई-वे पर दो-तीन शौचालय बने हुए हैं जिनके रखरखाव को लेकर भी चर्चा हुई। इसके अलावा सपरून में बनाए गए स्लिप रोड व पार्किंग स्थानों को लेकर भी राष्ट्रीय उच्च मार्ग के अधिकारियों से बातचीत हुई।

# पत्रकारों की मांगों को किया जाएगा बुलंद : डॉ. राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्टस इंडिया का स्थापना दिवस बद्दी में राज्य स्तर पर धूमधाम से मनाया गया। इसमें अलग-अलग जिलों से आए पत्रकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्टस के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. रणेश राणा ने की जबकि मुख्य अतिथि पर एनयूजे इंडिया के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जोगिंद्र देव आर्य ने की।

सर्वप्रथम जोगिंद्र देव आर्य ने संगठन के 1972 से अब तक के संघर्ष पूर्ण इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एनयूजे आई देश की एकमात्र पत्रकारों की संस्था है जो कि बिना किसी भेदभाव व बिना किसी राजनीतिक एजेंडे के निष्पक्षता पूर्वक पत्रकारों की लड़ाई लड़ती है। वर्तमान में इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी व महासचिव प्रदीप तिवारी संगठन को बेहतर तरीके से चला रहे हैं और पत्रकारों की मांगों को बुलंद कर रहे हैं। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जेडी आर्य ने कहा कि हमने राष्ट्रीय नेतृत्व से आग्रह किया कि अगली राष्ट्रीय पदाधिकारी बैठक हिमाचल में रखी जाए। प्रदेश संगठन मंत्री गोपाल दत्त शर्मा ने बताया कि हिमाचल इकाई ने राष्ट्रीय नेतृत्व को अपनी कोटा मनी 2023-24 सुपुर्द कर दी है और अब उसका कुछ भी बकाया नहीं है।



कार्यक्रम में भाग लेते हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्टस के सदस्य।

**हिमाचल इकाई ने बद्दी में मनाया एनयूजे इंडिया का स्थापना दिवस**

**ये रहे उपस्थित :** स्थापना दिवस समारोह में प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित शर्मा, राष्ट्रीय सदस्य जेडी आर्य, जिलाध्यक्ष सोलन अमित ठाकुर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य यशपाल ठाकुर, प्रेस क्लब बद्दी के संरक्षक राजेंद्र चौधरी, उपाध्यक्ष पवन कुमार, सुनील शर्मा वशिष्ट, बंसी बावा, विचित्र सिंह ठाकुर, सुषमा ठाकुर, ऋषि ठाकुर, अंकुश नेगी, जितेंद्र शर्मा, नितिन कुमार व कृष्ण कुमार सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

**कार्यक्रम** | भोजनगर-नारायणी क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या को समाप्त करने के लिए स्थापित होंगे 35 ट्रांसफार्मर

# समस्याओं के निपटारे के लिए सरकार पहुंची आपके द्वार : शांडिल

**तेजपाल नेगी, सोलन**

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि कसौली विधानसभा क्षेत्र की दुर्गम पंचायत नारायणी और भोजनगर के मध्य लो वोल्टेज की समस्या को समाप्त करने के लिए 35 ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाएंगे। डॉ. शांडिल आज कसौली विधानसभा क्षेत्र की पंचायत नारायणी के जखरौड़ा गांव में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याओं का निवारण करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार आपकी समस्याओं को शीघ्र निपटाने के लिए आपके घर आई है। उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि जन-जन का जीवन सरल बनाना ही सुक्खू सरकार का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए जहां नवीन योजनाएं कार्यान्वित की जा रही है, वहीं सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के माध्यम से गांबवासियों के घर के समीप उनकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में अधिकतर समस्याएं जल शक्ति लोक निर्माण विभाग और बिजली बोर्ड से संबंधित हैं।



डॉ. शांडिल जखरौड़ा गांव में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याओं का निवारण किया।

उन्होंने विभिन्न विभागों को निर्देश दिए गए है कि समस्याओं को सुलझाने के लिए व्यावहारिक कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में झांगड़ गांव सहित अन्य गांव में जल समस्या के निदान के लिए वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुई पेयजल योजना को शीघ्र ठीक करें। उन्होंने जल शक्ति विभाग को निर्देश दिए कि क्षेत्र में जल समस्या के निदान के लिए अनुसूचित जाति विशेष घटक योजना के तहत जल योजना का प्रस्ताव प्रेषित करें।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र की कमलोग-ओडर वाया चामिया-जंगेरिया -मिहून-सनोग नए मार्ग के लिए शीघ्र ही धनराशि उपलब्ध करवा दी जाएगी। उन्होंने राजस्व विभाग को निर्देश दिए कि गत वर्ष आपदा के कारण बेघर हुए लोगों के लिए आस.पास के गांव में सुरक्षित भूमि उपलब्ध करवाएं। प्रदेश सरकार करुणामूलक आधार पर नौकरी प्रदान करने के लिए नीति का पालन कर रही है ताकि जरूरतमंदों को शीघ्र नौकरी मिल सके। आज सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में 62 समस्याएं प्राप्त हुईं जिनमें से 26 का निपटारा मौके पर ही सुनिश्चित बनाया गया। कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने इस अवसर पर प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि पंचायत नारायणी सहित आसपास के क्षेत्र को पुनः पिछड़ा क्षेत्र घोषित किया जाए। उन्होंने भोजनगर, प्राथा, नारायणी क्षेत्रों में जल समस्या के निदान के लिए योजना निर्माण की मांग भी की। (अनंत ज्ञान)

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर खंड कांग्रेस समिति कसौली के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शिव दत्त ठाकुर, जिला परिषद सदस्य राजेंद्र ठाकुर, पंचायत नारायणी के प्रधान श्रीराम, पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधि, विभिन्न पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्य, उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा, पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह, उपमंडलाधिकारी कसौली गौरव महाजन, पुलिस उपअधीक्षक परवाणू प्रणव चौहान सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# लक्ष्य की प्राप्ति में शिक्षा ही पथ प्रदर्शक : अवस्थी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने कहा कि शिक्षा जीवन की नींव है जो व्यक्ति के लक्ष्य की प्राप्ति में पथ प्रदर्शक बनती है। संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र की पंचायत सूरजपुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि वर्तमान के प्रतिस्पर्धात्मक युग में छात्रों के विकास के लिए सरकार ने आगामी सत्र में पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा आरंभ करने का निर्णय लिया है। मुख्य संसदीय सचिव ने अर्की विधानसभा क्षेत्र के छात्रों को घर-द्वार पर उच्च शिक्षा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से अर्की महाविद्यालय में अंग्रेजी व इतिहास की कक्षाएं आरंभ करवाई गई हैं। 0उन्होंने कहा कि अर्की विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। संजय अवस्थी ने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी व अन्य उपस्थित थे।



सूरजपुर विद्यालय के वार्षिकोत्सव में प्रतिभावान बच्चों के साथ सीपीएस संजय अवस्थी।

### क्षेत्र को मिले ये उपहार

**इस** अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सूरजपुर के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। उन्होंने पिपलूघाट से पथेड सड़क, संपर्क मार्ग गांव क्यारी के लिए तथा संपर्क मार्ग गांव सोखर के आरंभिक निर्माण कार्य के लिए 50 हजार रुपए प्रति सड़क देने की घोषणा की। उन्होंने स्कूल में शेड निर्माण के लिए तीन लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्रों को अपनी ऐच्छिक निधि से 2100 रुपए तथा आयोजन समिति को 21 हजार रुपए प्रदान करने की घोषणा की। संजय अवस्थी ने महिला मंडल कलावण को फर्नीचर क्रय के लिए 11 हजार रुपए, महिला मंडल भलेड़ के लिए 11 हजार रुपए, महिला मंडल सुसाय को भवन की मरम्मत के लिए एक लाख रुपए तथा फर्नीचर क्रय के लिए 11 हजार रुपए और महिला मंडल सूरजपुर को 11 हजार रुपए की राशि देने की घोषणा की। संजय अवस्थी ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनीं और इनके शीघ्र निपटारे के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### दाड़ी के पास वृद्धाश्रम में महिला की मौत

**धर्मशाला।** जिला के पुलिस थाना धर्मशाला के तहत दाड़ी में स्थित वृद्ध आश्रम में एक महिला की मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार उक्त वृद्ध महिला की सोमवार को वृद्ध आश्रम में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने पोस्टमार्टम के बाद शव को वृद्ध आश्रम संचालक के हवाले कर दिया है। उधर, पुलिस थाना धर्मशाला के एसएचओ सुरेंद्र ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है।

### इच्छी से ट्रैक्टर ले उड़े चोर, मामला दर्ज

**धर्मशाला।** जिला के पुलिस थाना गगल के तहत एक ट्रैक्टर चोरी होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार इच्छी में होटल निविया के पास सोमवार रात को यह ट्रैक्टर तथा टैंकर खड़े किए गए थे। वहीं, रात को अज्ञात चोरों ने दोनों को चुरा लिया। इसके बाद जांच के दौरान टैंकर को चंबी के पास से बरामद कर लिया गया है। जबकि ट्रैक्टर का कोई भी सुराग पुलिस को नहीं मिल पाया है। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार यह ट्रैक्टर सेप्टिक टैंक साफ करने वाली फर्म का था। उधर, मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया की पुलिस ने टैंकर को चंबी के पास से बरामद कर लिया है। जबकि मामला दर्ज कर ट्रैक्टर की तलाश की जा रही है।

### कांग्रेस नेता सुरेंद्र मनकोटिया को कहा थैंक्स

**डाडासीबा।** डाडासीबा व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह गोगा की अगुआई में मंगलवार को बाजार के व्यापारियों ने कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया को उनके निवास स्थान पर जाकर उन्हें शॉल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। डाडासीबा की हर मांग को पूरा करने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व कांग्रेसी नेता सुरेंद्र सिंह मनकोटिया का तहे दिल से आभार व्यक किया है।

### शोभायात्रा के साथ भंडारा आयोजित

**गगल।** अयोध्या में श्रीराम के मंदिर कि प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर गगल, जमानाबाद रोड़ इच्छी सहित सारे क्षेत्र जय श्रीराम के नारों की गूंज से भक्तिमय माहौल हो गया। जमानावाद रोड गगल सहित सभी इलाकों में शोभा यात्रा निकाली गई। साथ ही के लोगों द्वारा मंदिरों में हवन, पूजा-पाठ व भंडारों का आयोजन किया गया। जगह-जगह में राम परिवार की झांकियां भी निकाली गई। इस अवसर पर जमानाबाद रोड़ में निशु मोंगरा के सानिध्य में इस उपलक्ष को लेकर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष रमेश बराड़, जिला परिषद सदस्य कुलभाष चौधरी ने भाग लिया ।

### दुरगेला में मैगा स्वास्थ्य शिविर 27 को

**शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा की पंचायत दुरगेला में 27 जनवरी को सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें आयुष, युवा खेल सेवाएं मंत्री यादविंद्र गोमा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित होंगे। यह जानकारी आयोजित मंगलवार को एसडीएम करतार चंद ने दी। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वार प्रदेश सरकार की उपलब्धियों, योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी स्टॉल लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मैगा स्वास्थ्य शिविर भी लगाया जाएगा। इसमें लोगों की स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच व दवाइयों का वितरण किया जाएगा।

### सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आज

**धर्मशाला।** सुलह विधानसभा की पंचायत धीरा में 24 जनवरी को सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें आयुष, युवा खेल सेवाएं मंत्री यादविंद्र गोमा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित होंगे। यह जानकारी आयोजित मंगलवार को एसडीएम सलीम आजम ने धीरा में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वार प्रदेश सरकार की उपलब्धियों, योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी स्टॉल लगाए जाएंगे।

### डॉक्टरों का रोष प्रदर्शन जारी

**धर्मशाला।** हिमाचल मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन (एचएमओए) के आह्वान पर जिला कांगड़ा के डॉक्टर्स द्वारा काले बैज लगाकर शांतिपूर्वक सरकार के प्रति रोष जताने का सिलसिला जारी है। पहली फरवरी तक काले बैज लगाकर चिकित्सकों द्वारा इसी तरह काम किया जाएगा। एसोसिएशन की मानें तो फरवरी माह के पहले सप्ताह को सीएम ने वार्ता हेतु समय देने की बात कही है। यदि समय मिलता है और सरकार की एसोसिएशन से वार्ता में मांगें मान ली गई तो ठीक, अन्यथा एसोसिएशन आगामी रणनीति बनाने को मजबूर होगी।

### धीरा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आज

**डरोह ।** सुलह विधानसभा क्षेत्र में 24 जनवरी को 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन उपमंडल कार्यालय धीरा में किया जा रहा है, जिसमें सुलह विधानसभा क्षेत्र में आते सभी सरकारी विभागों के अधिकारी, सभी कांग्रेस के पदाधिकारी एवं आमजन वहां पर मौजूद होंगे। इस जन जलास में माननीय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा हाल ही में मनोनीत किए गए आयुष एवं खेल मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री यादविंद्र गोमा मुख्यातिथि होंगे और लोगों की समस्याओं को सुनेंगे।

### साक्षरता को बढ़ाने के लिए कार्यशाला शुरू



**धर्मशाला।** मंगलवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान धर्मशाला के अंतर्गत आधारभूत साक्षरता और गणना में कुशलता को बढ़ाने और विद्यालयों में उचित मेंटरिंग करने के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा नीना पुन्न के मार्गदर्शन में वंडर वर्ल्ड रिजोर्ट चैतडू में प्रारंभ हुआ। कार्यशाला में तीन शिक्षा खंडों थुरल, खुंडियां, डाडासीबा और लंबागांव के खंड प्रारंभिक शिक्षाधिकारी और केंद्र मुख्यशिक्षकों सहित लगभग 50 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। संजीव मनकोटिया प्रवक्ता डाइट धर्मशाला इस कार्यशाला में समन्वयक के रूप में अपने कार्य का निर्वहन कर रहे हैं। सुरिंद्र शर्मा प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की तरफ से इस कार्यशाला से जुड़े हैं। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में सुरजन सिंह रक्कड़, मदन लाल केंद्र मुख्य शिक्षक नगरोटा सूरियां और नरेंद्र कुमार केंद्र मुख्य शिक्षक फतेहपुर द्वारा विद्यालयों में की जाने वाली मेंटरिंग तथा तीन से आठ वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को आधारभूत साक्षरता और गणना में निपुण बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा के माध्यम से नवीन जानकारियां शेयर की जाएंगी।

## पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली बोले-हर चौराहे पर लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे

# बाली ने बुजुर्गों से करवाया रेन शेल्टर का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

नगरोटा विधानसभा क्षेत्र में पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने नगरोटा में विकास कार्यों के उद्घाटन वरिष्ठ नागरिकों के कर कमलों से करवाने की नई रिवायत आरंभ की है।

मंगलवार को नगरोटा विस क्षेत्र के जंदराह पंचायत के अंतर्गत खबल खोली में गांव के बुजुर्गों जिनमें प्यार चंद, कौशल्या देवी और अन्य बुजुर्गों से नवनिर्मित रेन शेल्टर का उद्घाटन अपनी मौजूदगी में करवाया। इससे पहले भी सितंबर माह में नगरोटा विस क्षेत्र में पांच लाख की लागत से भरोबड़ चैक के सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन भी पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने वरिष्ठ नागरिकों से करवाया था। इस अवसर पर पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में विकास के लिए वरिष्ठ जनों तथा बुजुर्गों का सम्मान और आशीर्वाद जरूरी होता है। इसी के मद्देनजर नगरोटा विस क्षेत्र में ग्रामीण स्तर पर विकास कार्यों के उद्घाटन कार्यक्रमों में वरिष्ठ नागरिकों को विशिष्ट अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायत के विकास की कार्य योजना भी आम जनमानस के सुझावों के आधार पर ही तैयार की जाएगी, ताकि विकास में स्थानीय लोगों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जा सके। पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि नगरोटा विस क्षेत्र के विभिन्न चौकों के सौंदर्यीकरण के लिए कारगर कदम उठाए जाएंगे। इसके साथ ही मुख्य चैराहों पर रेन शेल्टर बनाए जाएंगे साथ में लाइट और सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे, जिन्हें



बुजुर्गों से रेन शेल्टर का उद्घाटन करवाते आरएस बाली

पुलिस कंट्रोल रूम के साथ जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि नगरोटा को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए भी कार्य योजना तैयार की गई है। इसमें नगरोटा बगवां में टूरिज्म विभाग का होटल भी खोला जाएगा तथा देश का सबसे बड़ा फाउंटेन भी नगरोटा में स्थापित होगा। इसके साथ ही विभिन्न जगहों पर चिल्ड्रन पार्क निर्मित किए जाएंगे। इसमें बच्चे तथा बुजुर्ग सुबह तथा शाम अपना समय व्यतीत कर सकें। बाली ने कहा कि विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए भी कारगर कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि नगरोटा विस क्षेत्र एक आदर्श विस क्षेत्र के रूप में अपनी पहचान कायम कर सके। इसके साथ ही पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने मंगलवार दोपहर बाद बालू ग्लोआ में बालू ग्लोआ, खप्पर नाला, घीन, मोरथ जसाई, बड़ोह, सरोतरी, ऊपरली कोठियां, के लोगों की समस्याओं को सुना और मौके पर उनका निपटारा किया। उन्होंने बड़ोह में लाइट लगाने की घोषणा भी की है। इस अवसर पर एसडीएम मुनीष शर्मा, बीडीओ राजेश सिंह, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी सुरेश वालिया, अधिशाषी अभियंता आईपीएच विवेक ठाकुर, अधिशाषी अभियंता बिजली बोर्ड कमल चैधरी, विशाल पत्रवाल, तहसीलदार शिखा राणा, एसडीओ जल शक्ति विभाग नितिन चनोरिया, एसडीओ सुनील कुमार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मानसिंह, महासचिव अरुण कटोच, उपप्रधान संजय, विशाल, फिना राम, रूमा, जुल्फीराम आदि मौजूद रहे।

## सीयू पर भाजपा करेगी आंदोलन

**धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय के मुद्दे को लेकर भाजपा उग्र हो गई है। धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए सरकार द्वारा 30 करोड़ रुपए जमा न करने को लेकर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने सरकार को आड़े हाथों लिया है। धर्मशाला में आयोजित पत्रकार वार्ता में विपिन सिंह परमार ने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार हर मुद्दे पर नाकाम साबित हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर तंज कसते हुए कहा कि यदि उनसे सरकार नहीं चल रही तो वह अपने पद से इस्तीफा दे दें। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला के निर्माण के लिए भाजपा ने आंदोलन की तैयारी कर ली है और सरकार को उक्त धनराशि को जल्द जमा करने पर मजबूर करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय के मुद्दे की लड़ाई के लिए सभी बुद्धिजीवी, नेता, सामाजिक एवं राजनीतिक दल एक मंच पर जुड़ रहे हैं।

## अनधिकृत स्रोतों से बिजली लेने पर दो लाख का जुर्माना

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

ज्वालामुखी विद्युत बोर्ड के अधिशाषी अभियंता कर्णवीर सिंह पटियाल ने अपनी फ्लाइंग स्क्वाड टीम के साथ ज्वालामुखी के निजी होटलों पर दबिश दी और एक सप्ताह में अनाधिकृत स्रोतों से बिजली लेने पर 2 लाख 13 हजार 415 रुपए का जुर्माना वसूला और अंतिम चेतवनी भी दी।

अधिशाषी अभियंता पटियाल ने बताया कि उनकी टीम ज्वालामुखी उपमंडल में जगह-जगह पहुंच रही है और बिजली चोरी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई के साथ जुर्माना लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले सप्ताह ही ज्वालामुखी के निजी होटलों पर विद्युत टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। इसमें अनाधिकृत स्रोतों से बिजली लेने पर उनपर जुर्माना लगाया गया है। अधिशाषी अभियंता कर्णवीर सिंह पटियाल ने चेताया है कि जो भी निजी होटल या गेस्ट हाउस घरेलू मीटरों से बिजली का उपयोग कर रहे हैं उन्हें बंद कर दें। 15 दिन के भीतर अपना नियमित कनेशन लें अन्यथा निरीक्षण के दौरान अगर कोई घरेलू मीटर उपयोग करता हुआ पाया गया तो कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और भारी जुर्माना भी वसूला जाएगा। वहीं, ज्वालामुखी विद्युत बोर्ड के अधिशाषी अभियंता कर्णवीर सिंह पटियाल ने अपनी फ्लाइंग स्क्वाड टीम के साथ ज्वालामुखी के निजी होटलों पर दबिश दी।

## धूमधाम से मनाया जाएगा मंत्री यादविंद्र गोमा का जन्मदिन



**पंचरुखी।** जयसिंहपुर ब्लॉक कांग्रेस की बैठक पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस जयसिंहपुर में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत ढ़डवाल की अध्यक्षता संपन्न की गई। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस संगठन के लगभग 250 पदाधिकारियों ने भाग लिया। संगठन की इस बैठक में चार फरवरी को कैबिनेट मंत्री यादविंद्र गोमा के जन्मदिन को मनाने की रूपरेखा तैयार की। 2024 लोकसभा चुनावों के लिए रणनीति के तहत आठ नए जोन का विस्तार किया गया। इनमें सलियना जॉन से विशाल राणा को, पंचरुखी जॉन से राकेश कुमार, अद्रेटा जोन से दिनेश कुमार, भुआना जॉन से सुरेश डोगरा, मझेड़ा जॉन से प्रताप सिंह प्राक्रम, टंबर जोन से राम धन को, जयसिंहपुर से बैनी धीमान, हारसी जॉन से केसर कटोच को, सघोल जॉन से प्रवीण मल्होत्रा को, सरी से राज कुमार को, तलवाड़ से रवि पटियाल, सकोह जॉन से हेम राज शास्त्री को, बालकरूपी से सिकंदर सिंह हैप्पी को, खैरा जोन से विनोद कुमार को, बंधाऊ से यश पाल चौहान को, जालग जोन से ओपी धीमान को तथा कोसरी जोन से अमित शर्मा को जोन अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। इसके साथ ही सभी जोन अध्यक्ष बूथ अध्यक्ष,अग्रणी संगठनों के अध्यक्ष एवं बीसीसी पदाधिकारियों को ब्लॉक अध्यक्ष जसवंत डडवाल की तरफ से दिशा निर्देश दिए गए तथा सभी से आग्रह किया गया की ज्यादा से ज्यादा लोगों को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ा जाए ताकि 2024 लोकसभा के चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशी को जयसिंहपुर विधानसभा से बढ़त दिलाई जा सके । वहीं, मंत्री यादविंद्र गोमा के जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए रंगारंग एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अंडर-10, अंडर-14 ओर अंडर-19 खेल चुके खिलाड़ियों जिन्होंने जिला स्तर, राज्य स्तर ओर राष्ट्रीय स्तर पर भाग लिया है । वहीं, खिलाड़ियों का सम्मानित किया जाएगा।

## पुलिस ने चरस के साथ पकड़े दो युवक

**धर्मशाला।** जिला के पुलिस थाना मैक्लोडगंज के तहत दो युवकों से चरस बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार बुलेट बाइक पर सवार हो जा रहे। वहीं, पंकज डोगरा और अरुण कुमार को नड्डी टैक्सी स्टैंड पर 115 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनों नड्डी के डल झील क्षेत्र के निवासी हैं और टैक्सी और होमस्टे चलाते हैं। इस मामले में पकड़े गए दोनों आरोपियों को बुधवार को अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी धर्मशाला वीर बहादुर ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा उन्हें बुधवार को अदालत में पेश किया जाएगा। वहीं, जिला के पुलिस थाना मैक्लोडगंज के तहत दो युवकों से चरस बरामद करने का मामला सामने आया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## पंचायतों से जुड़े विकास कार्यों में लेटलतीफी नहीं की जाएगी बर्दाश्त

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

पंचायतों से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के लिए कर्मचारी पूरी गंभीरता से कार्य करें। पंचायतीराज से जुड़े कार्यों में लेटलतीफी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा जिम्मेदार व्यक्तियों पर एक्शन लेने से भी सरकार परहेज नहीं करेगी। ब्लॉक ऑफिस बैजनाथ में पंचायतीराज विभाग से संबंधित विकास कार्यों की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य संसदीय सचिव कृषि, पशु पालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज किशोरी लाल ने यह बात कही। किशोरी लाल ने विकास खंड बैजनाथ की 50 पंचायतों से आए पंचायती राज विभाग के कर्मचारियों से उनके क्षेत्र में कहो रहे विकास कार्यों का पूरा ब्यौरा लिया।

उन्होंने कहा कि वे स्वयं पंचायत स्तर से उठकर यहां तक पहुंचे हैं इसलिए पंचायतों से संबंधित कार्यों के क्रियान्वन को लेकर उन्हें पूर्ण जानकारी है। उन्होंने कहा कि पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों का वे स्वयं स्पॉट पर जाकर निरीक्षण करेंगे और जहां कमी आएगी वहां एक्शन भी लेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायतों के कार्य आम लोगों से जुड़े हैं तथा इनकी गुणवत्ता और



अधिकारियों से बातचीत करते सीपीएस।

समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। वहीं, सीपीएस ने कहा कि मनरेगा के तहत अधिक कार्यों को आरम्भ कर लोगों को लाभ पहुंचाया जाये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस बात को भी सुनिश्चित किया जाये कि मनरेगा में रोजगार मांगने वाले प्रत्येक व्यक्ति को 100 कार्य दिवस उपलब्ध करवाए जाए। वहीं, इसके बाद सीपीएस किशोरी लाल ने धार-चढ़ियार में आयोजित धुईं मेले में शिरकत कर जनसंवाद किया।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस सड़क को बहुत जल्द पक्का किया जाएगा। उन्होंने बड़ी माली के विजेता पहलवान जुमा को 21000 रुपए और उपविजेता पहलवान शिवा को 15000 रुपए तथा छोटी माली के विजेता कृष्णा को ग्यारह हजार तथा उपविजेता साहिल को सात हजार रुपए की राशि पुरस्कार के रूप में दी।

## रजियाणा के जंगल में डेड बॉडी मिलने से फैली सनसनी

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

जिला के पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत एक शव मिलने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान हटवास के वार्ड नंबर-दो निवासी 32 वर्षीय नंदन शर्मा के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार देर शाम पुलिस को लोगों की ओर से सूचित किया गया कि रजियाणा के जंगल में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। इसके बाद मौके पर डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा तथा एसएचओ कांगड़ा संजीव कुमार की अगुआई में पहुंचीं पुलिस टीम ने शव को कब्जे में ले लिया है। वहीं, मृतक की कार भी शव से थोड़ी दूर खड़ी मिली। मृतक के शव पर चोट का कोई भी निशान नहीं पाया गया है। जांच के दौरान मृतक की जेब से कार की चाबी बरामद होने के बाद पुलिस ने जब कार के अंदर जांच की तो वहां से पुलिस को एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। इसमें मृतक ने खुद को ही अपनी मौत का जिम्मेदार बताया है। जानकारी के अनुसार मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा तीन वर्षीय बेटी के अलावा बड़ा भाई तथा माता-पिता हैं। उधर, मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि बुधवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा तथा इसके बाद मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। डीएसपी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों को पता चल पाएगा। वहीं, पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

**सालाना समारोह** घाड़जरोट स्कूल के सालाना समारोह में बोले कृषि मंत्री चंद्र कुमार

# शिक्षा ही जीवन में सबसे बड़ी पूंजी

**अनिल छांगू, जवाली**

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि शिक्षा मनुष्य के जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है, जो बांटने से और अधिक बढ़ती है। यह बात उन्होंने मंगलवार को जवाली विधानसभा क्षेत्र के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घाड़जरोट स्कूल के वार्षिक समारोह में बोलते हुए व्यक्त किए।

कृषि मंत्री ने वार्षिक समारोह की सभी को बधाई देते हुए कहा कि वार्षिक उत्सव किसी भी शिक्षण संस्थान की एक वर्ष की उपलब्धियों व कार्य प्रणाली को प्रदर्शित करता है। मंत्री चंद्र कुमार ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षण संस्थानों में बच्चों को गुणात्मक



कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को सम्मानित करते कृषि मंत्री चंद्र कुमार।

और संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करने पर विशेष बल दे रही है। शिक्षण संस्थानों में शिक्षा के मूलभूत ढ़ांचे को मजबूत बनाने के साथ रिक्त पड़े पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि नगरोटा सूरियां क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए नेशनल डेवलपमेंट बैंक के माध्यम से लगभग 30 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं । उन्होंने बताया कि इसके तहत 24 वाटर टैंक और पांच ट्यूबवेल बनाए गए हैं। मंत्री चंद्र कुमार ने बताया कि स्कूल में दो अतिरिक्त कमरों के निर्माण के लिए 18 लाख रुपए की राशि का प्रावधान किया जाएगा। इस मौके पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कृषि मंत्री ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए अपनी ऐच्छिक निधि से 21 हजार की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। वहीं, इस मौके पर कृषि मंत्री ने इस अवसर पर जनसमस्याएं सुनी तथा अधिकतर का मौके पर ही निपटारा कर दिया। उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए।



## न्यूज ब्रीफ

### नगरोटा में जल्द बने सिविल कोर्ट


नगरोटा बगवां में प्रेसवार्ता करते भाजपा के सदस्य।

**नगरोटा।** बुधवार को नगरोटा बगवां प्रेस क्लब में भाजपा के सदस्यों ने विधायक आरएस बाली पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को सरकारी छुट्टी होने के बाद भी जगह-जगह मीटिंग की और अपने साथ-साथ सरकारी कर्मचारियों को भी कल के कार्यक्रम से वंचित रखा और साथ ही उन्होंने नगरोटा में सिविल कोर्ट को लाने पर भी मुद्दा उठाया कि नगरोटा व आस-पास के क्षेत्र के लोगों को कांगड़ा कोर्ट के काम से जाना पड़ता है। इससे लोगों को काफी परेशानी होती है । तो कोर्ट लाने मे इतनी देरी क्यों हो रही । जबकि हाई कोर्ट ने पहले ही इसके लिए मंजूरी दी थी ।

### सुधेड़ के मंदिर में कीर्तन का आयोजन


सुधेड़ मंदिर में कृपालेश्वरी महिला मंडल की महिलाएं भजन-कीर्तन करती हुई।

**कांगड़ा।** अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर शाहपुर विधानसभा क्षेत्र की पंचायत सुधेड़ के मंदिर में कृपालेश्वरी महिला मंडल द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया । मंदिर में सुबह से ही कीर्तन शुरू हो गया। महिलाओं ने श्रीराम जी का गुणगान किया। इस अवसर पर लड्डू भी बांटे गए। मंदिर में भारी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया । इस दौरान रेणु बाज़वारिया, अंजु धीमान, प्रभा, नीलम, गायत्री, इंदु, पल्लवी, वीना कपूर, ललिता, मोनिका, सचना, मोनिका, शीला, गगना, सुनीता, उषा, अनु, स्वीटी, मीना, सुनीता, सावित्री व अमिता आदि मौजूद रही।

### चरपट महादेव मंदिर में सजा भंडारा


श्री चरपट महादेव शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करते भक्तजन।

**कांगड़ा।** शाहपुर विधान सभा क्षेत्र के बासा गांव के श्री चरपट महादेव शिव मंदिर में अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर भंडारा भी लगाया गया। इस दौरान मंदिर कमेटी के प्रधान मेघराज के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ तथा भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया । वहीं एक बड़ी एलईडी स्क्रीन द्वारा प्रधान मंत्री मोदी का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम भी दिखाया गया । इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में राम भगतों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के प्रबंधक प्रधान जेआरएम सिंह ठाकुर ने जानकारी दी की इस मंदिर की बहुत महत्ता है इसमें दूर-दूर से लोग आते हैं ।

### भाजपा नेत्री नीतू दमीर ने जलाए दीये



**कांगड़ा।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की सहकोषाध्यक्ष व भाजपा नेत्री नीतू दमीर ने अपनी सहयोगियों से साथ सोमवार रात को स्वस्तिक परिसर मटौर मे दीप प्रज्वलित किए व उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनकी टीम का आभार जताया कि उनकी अगुआई में उन्हें इस सुभअवसर का मौका मिला। उन्होंने कहा कि यह बड़े गर्व की बात है कि धर्म स्थापना मे यह अवसर भाजपा के कार्यकाल में इस अवसर पर उन्होंने मिठाई भी बांटी व जय श्रीराम का जयघोष किया। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी सभी धर्मों का मानसम्मान करती है।

### शाहपुर में लगाया जलेबी का लंगर


शाहपुर बाजार में लगाया जलेबियों का भंडारा।

**कांगड़ा।** समाजसेवी भाजपा नेता कमल शर्मा ने शाहपुर में लगाया जलेबी का लंगर अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में शाहपुर के बाजार में बने हनुमान मंदिर में राम भगवान को भोग लगाने के साथ जलेबी के लंगर का शुभारंभ किया। छह घंटे तक चले इस लंगर में हजारों भक्तों ने जलेबी का प्रसाद ग्रहण किया। कमल शर्मा ने जहां बाजार में डीजे की धुन पर राम भजन लगाए हुए थे। वहीं पर एलइडी का विशेष अयोध्या से प्रसारण का प्रोग्राम लाइव दिखाया जा रहा था।

### वाटर टैंक का काम शुरू, लोगों में खुशी



**ज्वालामुखी।** विधानसभा क्षेत्र ज्वालामुखी के अंतर्गत चंगर क्षेत्र की पिछड़ी पंचायत पीहड़ी के अधीन आने वाले गांव अपर नलोटी में वॉटर टैंक का कार्य शुरू होने पर ग्रामीणों में खुशी की लहर है। स्थानीय लोगों ने इस कार्य के लिए ज्वालामुखी के लोकप्रिय विधायक और विकास के मसीहा संजय रतन का बहुत-बहुत आभार प्रकट किया। स्थानीय निवासी साधुराम, पवन कुमार, रतन चंद, कांता देवी, प्रताप सिंह, सुरेंद्र कुमार, वरिंद्र कुमार, मीना कुमारी, रमेश कुमार, कुलदीप, दिव्यांग नरेंद्र सिंह ने कहा कि वाटर टैंक के बनने से हमारी कई वर्षों पुरानी पानी की समस्या दूर हो जाएगी। अक्सर गर्मियों में पानी लाने के लिए दो से तीन किलोमीटर दूर जाना पड़ता था।

### पीएम जो कहते हैं वो करके दिखाते हैं : घनश्याम

**बैजनाथ।** पूर्व में प्रदेश कर्मचारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा कार्य समिति के सदस्य घनश्याम शर्मा ने कहा कि आज विश्व समुदाय किसी की बात को गारंटी के रूप में लेता है तो उसका नाम नरेंद्र मोदी है। कांगड़ा-चंबा लोकसभा सीट से भाजपा के प्रबल दावेदार घनश्याम शर्मा आज बैजनाथ के प्रेस भवन में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि बाकी पार्टियों की कथनी और करनी में जमीन आसमान का फर्क है, परंतु नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं। यही वजह है कि आज विश्व समुदाय उन्हें एक उम्मीद की दृष्टि से देखता है । पूर्व कर्मचारी नेता ने कहा जी बिजली बोर्ड से कभी सरकार लोन लेती थी। आज हालात इतनी खराब हो चुकी है कि बिजली बोर्ड के पास दस तारीख तक अपने कर्मचारियों को वेतन तथा पेंशन देने के लिए पैसे नहीं है। उन्होंने वर्तमान कांग्रेस सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि सुक्खू की सरकार झूठी दस गारंटियों को लेकर सत्ता में आई थी, परंतु तक एक भी गारंटी पूरी नहीं हो सकी है।

## स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान मंत्री यादविंद्र गोमा ने दी जानकारी, छात्रों को किया सम्मानित

# आईटीआई बालकरूपी में शामिल होंगे दो नए ट्रेड

**अजय पाल, पंचरुखी**

नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर आयुष, नयुवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बालकरूपी में नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उसके बाद आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बालकरूपी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में छात्रों और लोगों को संबोधित किया।

गोमा ने कहा कि मुख्यमंत्री, सुखविंद्र सिंह सुक्खू के गतिशील नेतृत्व में सरकार शैक्षणिक ढांचे को मजबूत बनाने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि विद्यालय व महाविद्यालय में शिक्षकों के समुचित पद सृजित कर भरने की प्रक्रिया को तेज किया गया है। उन्होंने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र से सभी सरकारी स्कूलों में इग्लिश मीडियम भी आरंभ करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार के उद्देश्य से हर श्रेणी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले दस स्कूलों को राज्य स्तर तथा जिला स्तर पर पांच स्कूलों को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार छात्रों में तकनीकी शिक्षा से कौशल विकास की ओर भी गंभीर प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के 17 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आधुनिक प्रासंगिक व्यवसायों की 19 इकाइयां आरंभ की गई हैं। उन्होंने कहा कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बालकरूपी में अगले शैक्षणिक सत्र से दो नए ट्रेड आरंभ करने का प्रयास करेंगे, ताकि चंगर क्षेत्र के छात्रों को लाभ मिलेगा। गोमा ने कहा कि अगले वित्तीय वर्ष में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बालकरूपी के नए भवन के लिए धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि भारी वर्षा से हुए नुकसान के कारण कटे पपरोला लाहडू क्षेत्र को आठ करोड़ 21 लाख से सड़क से जोड़ा जाएगा और अगले माह मुख्यमंत्री जयसिंहपुर प्रवास के दौरान इस कार्य का भूमि पूजन करेंगे। उन्होंने कहा कि नौ फरवरी को लाहडू, कुहण, बालकरूपी में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल को 15 हजार तथा छंटी स्कूल को दस हजार विद्यालय में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए देने की घोषणा की। उन्होंने छंटी विद्यालय के लिए दो कमरे तथा मैदान को धनराशि देने की भी घोषणा की। उन्होंने पंचायत की सभी मांगों को भी चरणबद्ध पूर्ण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने छात्रों को वर्षिक उत्सव में पुरस्कृत होने वाले छात्रों को बधाई दी। उन्होंने विद्यालय के उत्कृष्ट छात्रों को पुरस्कृत किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर विद्यालय की स्मारिका बाल भूमि का विमोचन किया। कार्यक्रम में सिकंदर कुमार, अशोक राणा, मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य बृज मोहन शर्मा, मोहिंदर सिंह, गोवर्धन, रतन चंद, विद्यायल के प्रधानाचार्य राजिंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)


विद्यालय की स्मारिका बाल भूमि का विमोचन करते मंत्री यादविंद्र गोमा के साथ अन्य गणमान्य।

## अवर ऑन इंग्लिश स्कूल शाहपुर में धूमधाम से मनाया सालाना समारोह



कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुतियां देती अवर ऑन इंग्लिश स्कूल की छात्राएं।

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

अवर ऑन इंग्लिश स्कूल शाहपुर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर प्रदीप चौधरी ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई।

ये कार्यक्रम प्रधानाचार्य नीना अवस्थी की देखरेख में मनाया गया। स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर ने पारस अवस्थी ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया और स्कूल की उपलब्धियों के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा भूमिका को स्टूडेंट ऑफ दि अवार्ड से मुख्यातिथि प्रदीप चौधरी ने सम्मानित किया। इसके साथ ही विभिन्न कक्षाओं के टॉपर और खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूल के पूर्व छात्र और आईआईटी रोपड़ में पढ़ाई करने वाले अंशुल ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए।

## पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक राजीव कुमार ने जांची कपूर बैडमिंटन अकादमी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा में हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के होटलों के निरीक्षण के बाद निगम के प्रबंध निदेशक राजीव कुमार ने ज्वालामुखी के धवाला स्थित कपूर बैडमिंटन अकादमी का दौरा किया। यहां बताते चलें कि राजीव कुमार इससे पहले युवा एवं खेल सेवाएं विभाग में बतौर निदेशक सेवाएं दे चुके हैं।

उन्होंने बताया कि अकादमी उभरते बैडमिंटन खिलाड़ियों को सर्वोत्तम खेल सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। बताते चलें कि इस अकादमी के प्रमुख रविंद्र कपूर हैं, जो भारत की बैडमिंटन टीम के पूर्व कोच हैं। अतीत में, वह पंचकूला में स्थित थे और 40 से अधिक गौरवशाली वर्षों तक हेड बैडमिंटन कोच के रूप में हरियाणा सरकार की सेवा की। उन्होंने कुछ बेहतरीन भारतीय राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को तैयार किया है। वर्तमान में अकादमी बैडमिंटन हॉल चार होवा और लकड़ी के कोर्ट के साथ 10,000 वर्ग फुट के विशाल क्षेत्र में फैला हुआ है। बैडमिंटन कोचों की एक उच्च पेशेवर और समर्पित टीम यहां उत्तरी भारत क्षेत्र के लिए उभरते बैडमिंटन पेशेवरों को तैयार करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं।

इस बैडमिंटन अकादमी में सभी आधुनिक सुविधाओं के साथ लड़के और लड़कियों दोनों के लिए छात्रावास की सुविधा है। अकादमी ने छात्रावास, विशेषकर मेस में साफ-सफाई और स्वच्छता सुनिश्चित करने का बहुत ध्यान रखा है। कुछ खिलाड़ियों ने शुरुआती तौर पर शुरुआत की है और अब उनमें से लगभग सभी राज्य विजेता हैं और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में विभिन्न राज्यों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वहीं, खेल निदेशक तथा वर्तमान में पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि ये अकादमी बैडमिंटन के क्षेत्र में हिमाचल समेत देश की खेल प्रतिभाओं को निखारने का काम कर रही है तथा इस अकादमी के प्रयास सराहनिय हैं। इस दौरान प्रबंध निदेशक ने खिलाड़ियों से भी मुलाकात की।



पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक तथा प्रबंधन के साथ अकादमी के खिलाड़ी।

## पपरोला में भजन संध्या का आयोजन

**पपरोला।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के विशेष शुभ अवसर पर श्री दुर्गा माता मंदिर (नजदीक नंदा विला पपरोला) के प्रांगण में 22 जनवरी 2024 को दोपहर बाद भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसमें विधिवत पूजा-अर्चना उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों ने हनुमान चालीसा के सुंदरकांड का समवेत स्वर में पाठ किया और भजन संध्या में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य जजमान रमेश नंदा, धीरज नंदा एवं सह संयोजक के रूप भारत विकास परिषद शाखा बैजनाथ पपरोला के समस्त सदस्यों ने भक्तजनों में हलवा, समोसा और चाय आदि वितरित की व्यवस्था की। इस मौके पर भारत विकास परिषद् शाखा बैजनाथ पपरोला के अध्यक्ष प्रीतम भारती, सचिव अनुज आचार्य, डॉक्टर देवेंद्र सूद, डॉक्टर वीरेंद्र कौल, संजय सोनी, डॉक्टर अनिल भारद्वाज, डीआर ठाकुर, हरीश अरोड़ा, दिशांत महाजन, अनिल नंदा नीटू, आशुतोष राही और पवन कौंडल आदि उपस्थित थे।

## ईट राइट मिलेट्स मेला 31 जनवरी को

**धर्मशाला।** पौष्टिक आहार विशेष तौर पर मोटे अनाज के उपयोग के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। इस के लिए जिला स्तरीय ईट राइट मिलेट्स मेले का आयोजन पालमपुर के शहीद कैप्टन विक्रम बतरा मैदान में 31 जनवरी को किया जाएगा। मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। वहीं, यह मेला जिला प्रशासन और स्वास्थ्य सुरक्षा एवं विनियम विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित किए जा रहे ईट राइट मिलेट्स मेले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। मेले में विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा मिलेट्स के उत्पादों की प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मिलेट्स उत्पादों पर आधारित शैफ प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। मिलेट्स या मोटा अनाज को सुपर फूड कह सकते हैं। इसमें खास सेहतमंद गुण होते हैं। पोषक तत्वों से भरपूर मोटे अनाज के अंतर्गत आठ फसलें शामिल हैं। इसमें ज्वार, बाजरा, रागी, सावां, कंगनी, चीना, कोदो, कुटकी और कुट्टू को मोटा अनाज की फसल कहा जाता है।

## विधायक मलेंद्र राजन ने होनहार छात्रों को किया सम्मानित


कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सम्मानित करते विधायक मलेंद्र राजन।

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

विधायक मलेंद्र राजन ने कहा कि मजबूत शिक्षण संस्थान तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव होता है। यह बात विधायक ने आज मंगलवार को इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बसंतपुर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए कही।

विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों की बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर है तथा इस पर सरकार का पूरा ध्यान केंद्रित है। मलेंद्र राजन ने बताया कि विद्यालय में 15 लाख रुपए की जन लागत से खेल मैदान का निर्माण किया जाएगा। इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रदेश सरकार को स्वीकृति हेतु भेजी गई है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में साइंस ब्लॉक निर्माण के लिए भी प्रदेश सरकार को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट भेजी जाएगी। मलेंद्र राजन ने कहा कि स्कूल में पंजाबी भाषा अध्यापक का पद भी सृजित करवाया जाएगा, ताकि यहां के बच्चे भी पंजाबी सीख सकें। इस मौके पर छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए विधायक ने 21 हजार की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की।

## धर्मशाला में केंद्रीय विवि को लेकर धरना जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



धरने के दौरान प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करती महिलाएं।

केंद्रीय विश्वविद्यालय के मुद्दे को लेकर धर्मशाला में चल रहे क्रमिक धरने के छठे दिन मंगलवार को वार्ड-चार बल्ला की महिलाएं धरने पर बैठीं। धरने पर बैठी महिलाओं ने प्रार्थना व आशा प्रकट करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में भी राम राज्य आएगा तथा शीघ्र ही केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला परिसर के निर्माण का 30 करोड़ जमा हो जाएगा। धरने पर बैठे लोगों ने विभिन्न गाने गाकर प्रदेश सरकार पर तंज कसे।

लोगों का कहना है कि जब तक सरकार उक्त राशि को जमा नहीं करवाती है तब तक यह धरना और विरोध प्रदर्शन ऐसे की जारी रहेगा। धरने के छठे दिन क्रमिक धरने में शामिल महिलाओं में कुशला देवी, सविता, अंजना, सुभद्रा, कांता, अर्चना, शुकंतला, शशिबाला, जगतंबा, व्रतो, विनता, सुमना, कमलेश कमला, रेशमा, राजकुमारी, मंजू, मधु, रमना, सम्मी, सीमा, शिवानी, शशि बाला, वंदना, अरना, रविकांत डोगरा, नरेश जैन मदन लाल व मेहर चंद विजय भारद्वाज आदि शामिल रहे।

### छह उपजातियों को गद्दी शब्द प्रदान करने की उठाई मांग

**धर्मशाला।** हिमालयन गद्दी यूनियन हिमाचल प्रदेश ने समुदाय के साथ गद्दी शब्द जोड़ने की लंबित मांग का एक बार फिर उठाया है। धर्मशाला में आयोजित एक प्रेस वार्ता में प्रदेशाध्यक्ष मोहिंद्र सिंह ने कहा कि गद्दी शब्द को समुदाय की छह वंचित उपजातियों के साथ जोड़ने की लगातार सरकार से मांग उठा रहे हैं, लेकिन अब तक इस मुद्दे का हल नहीं हो पाया है। अध्यक्ष ने कहा कि अब हिमालयन गद्दी यूनियन अपनी मांग को उठाने के साथ-साथ सामाजिक कार्यों, आपदा में मदद सहित संस्कृति व राज्य को आगे बढ़ाने में मदद कर रही है, जिसमें कोविड-19, आपदा सहित अन्य मामलों में लगातार लाखों रुपए की आर्थिक मदद व सभी प्रकार से स्वयंसेवी के रूप में भी मदद प्रदान कर रही है। इसके बावजूद सरकार की ओर से आखिर क्यों बार-बार अनदेखी की जा रही है, यह कह पाना मुश्किल है। मोहिंद्र सिंह ने कहा प्रदेश में कुछ अधिकारी लगातार गद्दी समुदाय में होते हुए गद्दी शब्द को हटाने की त्रुटि को दरूस्त करने की जहमत नहीं उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समुदाय में 70 फीसदी आवादी होने के बाबजूद धोखे में रखा जा रहा है। वहीं, ट्राइबल को लेकर हमारी मांग नहीं है, मात्र अब मान-सम्मान के लिए ही गद्दी शब्द की जरूरत है। उन्होंने सरकार को चेताया कि लोक सभा चुनावों को लेकर भी अब वोट के लिए प्रयोग किया जा रहा है।

**दिक्कत** — आवारा पशुओं के आतंक से किसान परेशान, खेती छोड़ने को मजबूर, जल्द मांगा समाधान

# पालमपुर में बेसहारा पशुओं की वजह से बंजर हुए खेत

**अमर सिंह, पालमपुर**



दर्जनों ठेठ गांवों को मर्ज कर नए-नए शहर बने पालमपुर में यदि देखा जाए तों हर जगह आवारा पशु ही नजर आएगा। जहां दिन-रात दर्जनों नंदी सड़कों पर विचरण करते मिल जाएंगे, सार्वजनिक स्थलों पर गोबर के ढेर भी आम नजर आते हैं। वे चाहे रैन शेल्टर हो या डिस्पेंसरी का बरामदा, स्कूल पंचायत घर हर जगह इनका अतिक्रमण हो चुका है, लेकिन कसूर इन बेजुबान पशुओं का नहीं आम आदमी का ही है, जो इनका दोहन कर उपयोग में न रहने पर लठ मार कर सड़कों पर छोड़ रहे है। इसके चलते दर्जनों पशु अलग-अलग झुंड बनाकर रात के अंधेरे में लोगों के खेतों को चट कर जाते। यह सिलसिला पिछले पांच सालों से नियमित चल रहा है। हर साल हजारों खर्च करने के बाद खेत उजड़ने पर लोगों ने अब खेती करना बंद कर दिया है। लोगों के साग, सब्जी और गमलों से फूल तक यह जानवर खा जाते हैं। अब इसमें दोष किसका यह कहना मुश्किल है, लेकिन समस्या भी छोटी नहीं है, कई हेक्टेयर भूमि इस समस्या से बंजर हो चुकी है। (अनंत ज्ञान)

### बौने पड़े गोसदन

**बेसहारा** पशुओं कई तादाद इतनी बढ़ चुकी है कई इलाके में इका दुका गोसदन बौने साबित हो रहे हैं। क्योंकि अब तो सैकड़ों गोसदन बने तब भी यह समस्या हल नहीं होंगी। वहीं, अब पावर ट्रिल्लर आने से पशु सड़कों पर छोड़ दिए जाते है। इस आधुनिकता के चक्कर में हम आगे जा रहे है उतना ही पीछे भी हटना पड़ रहा है।

### जब खेत उजड़ते हैं तो बहुत दुख होता है

**इस** समस्या के चलते चौकी, खलेट, राजपुरा, सिद्धपुर, मारंडा, देहण, पुन्नर, मांलनु, भवरना आदि के कई किसानों ने इस बार अपने खेत नहीं बीजे है। किसानों में कुलदीप, अनिल, रवि, किशोरी, मिलापी, जसवंत, विनोद आदि का कहना है कई हजारों रुपए खर्च करने पर जब सारे खेत उजड़ जाते हैं तो बहुत दुख होता है।

### वाहनों को पहुंचा रहे नुकसान

**शहर** में बेसहारा पशुओं की समस्या नासूर बनती जा रही है, लेकिन प्रशासन इसे लेकर बिलकुल भी गंभीर नहीं दिख रहा। आए दिन आवारा पशुओं की धमाचौकड़ी की चपेट में आकर निर्दोष लोग अपने हाथ-पैर तुड़वाने को मजबूर है तो वाहनों को भी नुकसान पहुंच रहा है।

### सड़कों पर लगा रहता है जमावड़ा

**शहर** की एक भी ऐसी गली या मोहल्ला नहीं है, जहां आवारा पशुओं का विचरण नहीं हो रहा है। मुख्य मार्गों पर झुंड के झुंड बनाकर आवारा पशु बैठे रहते हैं। नगर निगम रोड, मुख्य बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, सब्जी मंडी, शास्त्री चौक, बिंद्रावन, घुगर, बनूरी होल्टा, टांडा, वेटरनरी कालेज, कृषि विवि सहित मुख्य मार्गों पर दिन भर आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है।

## खिलाड़ियों में भरा जोश

**शाहपुरकंडी।** शाहपुरकंडी के साथ लगते गांव मनवाल में रुद्राक्ष क्रिकेट क्लब की ओर से महाराणा प्रताप स्टेडियम मनवाल में क्लब की ओर से फाइनल क्रिकेट मैच करवाया गया। इसमें आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं सीनियर नेता ठाकुर अमित सिंह मंटू विशेष तौर पर उपस्थित हुए। इस मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। जिला प्रधान ने क्लब के पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहा कि आज देश एवं समाज को ऐसे क्लबों की सख्त जरूरत है जो युवाओं का मार्गदर्शन कर उन्हें खेलों के प्रति प्रेरित कर सकें। उन्होंने क्लब को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर क्लब के खिलाड़ियों एवं सदस्यों के अलावा भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पांच आधार कार्ड बनाए , 74 की सेहत जांची

## चुराह विधानसभा क्षेत्र के तहत भंजराडू में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम का लोगों ने उठाया लाभ

**अनंत ज्ञान, तीसा**

चुराह विधानसभा क्षेत्र के तहत भंजराडू में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन के नए सूत्रपात से जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों एवं योजनाओं से समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक लाभ पहुंचाना सुनिश्चित बनाया है। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक डॉ. हंसराज भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

पठानिया ने अपने संबोधन में सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनसाधारण तक सुनिश्चित बनाने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर शुरू किया गया है और यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। लोगों द्वारा रखी गई समस्याओं का निश्चित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित बनाया जाएगा। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया। कार्यक्रम में लोगों द्वारा 127 मांगें और 54 शिकायतें प्रस्तुत की गई। इस दौरान राजस्व विभाग द्वारा मौके पर 18 भूमि के इंतकाल दर्ज किए तथा 41 प्रमाण पत्र जारी करने के साथ छह एफिडेविट भी अनुप्रमाणित किए गए। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया। इसमें 41 लोगों की स्वास्थ्य जांच व विभिन्न प्रकार के निशुल्क टेस्ट कर दवाइयां बांटीं गई तथा 14 लोगों को अपंगता प्रमाण पत्र भी जारी किए गए। आयुष विभाग द्वारा 74 लोगों की स्वास्थ्य जांच करने के साथ दवाइयां भी वितरित की गई।

इस दौरान पांच लोगों के आधार कार्ड बनाए गए, 75 लोगों के आधार कार्ड को अपडेट किया गया और तीन नए पैन कार्ड बनाए गए। विधानसभा अध्यक्ष को कार्यक्रम में स्थानीय कांग्रेस नेता यशवंत सिंह खन्ना सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने शॉल, टोपी व चंबा थाल भेंट कर सम्मानित किया। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।



'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में टैब प्राप्त करने वाले मेधावी मुख्यातिथि विधानसभा अध्यक्ष के साथ।

### छात्रों को टैब बांटे

विधानसभा अध्यक्ष ने इस दौरान श्रीनिवास रामानुजन डिजिटल योजना के तहत 88 मेधावी विद्यार्थियों को टैब भी वितरित किए। कार्यक्रम में लोगों की जानकारी एवं जागरूकता के लिए विभिन्न विभागीय योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए। निर्वाचन विभाग द्वारा इस दौरान ईवीएम के माध्यम से मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुरेंद्र भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, एसडीएम तीसा जोगिंद्र पटियाल, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों सहित पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# सलूणी क्रिकेट क्लब नें बेरा इलेवन को 132 रन से हराकर हासिल की जीत

## चुराह में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन



चुराह में क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन पर विजेता खिलाड़ी सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, तीसा**

चुराह में चल रहे सबसे बड़े क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हो गया। समापन समारोह में चुराह के विधयाक हंस राज मुख्यातिथि मौजूद रहे। सलूणी नें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खोकर 221 रन बनाए। सन्नी ठाकुर ओर आशिक नें शतकीय साझेदारी की सन्नी ठाकुर ने 36 बाल पर 56 रन बनाए और आशिक ने 31 बाल में 50 रन बनाकर आउट हुए ।

बाद में हैरी ने आते ही ताबड़तोड़ बेटिंग करके सात छक्कों की मदद से 18 बाल में 51 रन बनाकर नाटआउट रहे। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी बेरा इलेवन की टीम मात्र 89 रन ही बना पाई। बेरा इलेवन की टीम शुरुआत में ही लड़खड़ा गई और एक के बाद एक अपने विकेट गिराते चले गए और 17 ओवर में मात्र 89 रन ही बना पाई। सलूणी क्रिकेट क्लब नें बेरा इलेवन को 132 रनों से हराकर क्रिकेट प्रतियोगिता जीत ली।

## न्यूज ब्रीफ

### चंबा कोर्ट परिसर में हलवा बांटा

**चंबा।** अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर चंबा कोर्ट परिसर में हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान चंबा कोर्ट के वकील जज व चंबा बार ऐसोसिएषन के सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान उनके द्वारा भगवान श्रीराम का गुणगान किया गया और जय जयकार के नारे लगाए गए। इस दौरान चंबा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मदन रावत ने सभी चंबा वासियों को इस अवसर पर बधाई दी।

### लोगों को बताई सरकारी योजनाएं




भंजराडू में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार।

**तीसा।** चुराह विधानसभा क्षेत्र के तहत ग्राम भंजराडू में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित विशेष प्रचार सामग्री का वितरण कर लोगों को विभिन्न विभागीय योजनाओं से जुड़कर लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ विभाग द्वारा प्रदेश सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल में अर्जित उपलब्धियों पर आधारित पुस्तिका व्यवस्था परिवर्तन का एक साल, हिमाचल प्रदेश सरकार के 365 दिन 365 फैसले, सरकार गांव के द्वार फोल्डर भी लोगों को वितरित किए गए। विभाग के साथ संबद्ध मां सरस्वती म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से अवगत करवाया। कलाकारों ने फोक मीडिया माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों की भी जानकारी दी।

### सलूणी में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम आज

**चंबा।** 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के तहत विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में विधानसभा क्षेत्र डलहौजी के तहत ग्राम पंचायत सलूणी में 24 जनवरी को कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष लोगों की समस्याओं को सुनेंगे।

### काले बिल्ले लगाकर दी ड्यूटी

**चंबा।** राज्यस्तरीय डॉ. एसोसिएशन के आह्वान पर पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा में डॉ. एसोसिएशन ने भी अपना समर्थन देने सहित आंदोलन में शामिल हुए। जिसके चलते मेडिकल कॉलेज चंबा में डॉ. एसोसिएशन द्वारा काले बिल्ले लगाकर ड्यूटी कर राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। मेडिकल कॉलेज चंबा में कार्यरत डॉ. एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य विनोद धीमान ने कहा कि सात माह पहले डॉक्टर एसोसिएशन द्वारा हड़ताल की गई थी। जिस पर प्रदेश सरकार ने आश्वासन देकर हड़ताल को स्थगित करवाया गया, लेकिन आज तक भी उनकी मांगों पर सरकार द्वारा न विचार किया गया और न ही पूरा किया गया। जिसके विरोध में प्रदेश डॉ. एसोसिएशन द्वारा शांतिपूर्ण हड़ताल का कदम एकदम सही है। जिसका मेडिकल कॉलेज चंबा में कार्यरत डॉ. एसोसिएशन पूर्ण समर्थन करती है। वहीं आंदोलन के पहले चरण में तमाम सेवाएं देने सहित मात्र काले बिल्ले लगाकर डॉ. विरोध कर रहे है। यदि सरकार इस दिशा में जल्द निर्णय नहीं लेती है तो डॉ. एसोसिएशन द्वारा दूसरे चरण के आंदोलन में कठोर पग भी उठा सकती है।

# डलहौजी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धासुमन अर्पित किए

## सुभाष चौक में जयंती पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए सुभाष चौक में देश भक्ति के तरानों द्वारा वातावरण को देश भक्ति के रंग में सराबोर करते हुए मनाई गई। इस अवसर पर तहसीलदार डलहौजी रमेश कुमार चौहान ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की।

इस दौरान उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और नेताजी द्वारा देश के स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान को याद किया।

इस अवसर पर देशभक्त सरदार अजीत सिंह यादगार सभा डलहौजी के महासचिव वीरेंद्र ठाकुर ने भी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान अधीक्षक प्रेम कुमार, दर्शन कुमार, राकेश गुप्ता, भान सिंह चौहान, रमेश कुमार, सुबीर कुमार, तिलक शर्मा, उत्तम शर्मा, तिलक राज, केवल कुमार, विजय कुमार, कवि राज, सुभाष कुमार, रोहित, राकेश शर्मा, बलराज खोसला, सुभाष चौक टैक्सी यूनियन के सदस्यों व पर्यटकों ने भी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।



नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित करते तहसीलदार डलहौजी रमेश कुमार चौहान व अन्य।

### कोविड वॉरियर्स को मिले प्राथमिकता

**भरमौर।** स्वास्थ्य विभाग में 1450 पद भरे जा रहे हैं, उनमें सबसे पहले कोविड वॉरियर्स को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यह मांग कोविड वॉरियर्स संगठन ने प्रदेश सरकार व मुख्यमंत्री से उठाई है। कोविड वॉरियर्स संगठन का कहना है कि जितने भी डाटा एंट्री ऑपरेटर, लैब टेक्नीशियन, वार्ड ब्वॉय, स्टाफ नर्स हैं इन सबको सबसे पहले रखा जाए। इन लोगों ने कोविड के समय अपने बहुमूल्य जीवन का समय इस बीमारी की रोकथाम के लिए दिया हुआ है। इसलिए सरकार को इन कर्मचारियों की अनदेखी न करके इन्हीं कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। जितना भी जल्दी हो सके इन सभी।कर्मचारियों को इनकी ड्यूटी पर दोबारा वापस बुलाया जाना चाहिए। यह कर्मचारी काफी समय से बिना सैलरी के अभी भी नौकरी का इंतजार कर रहे हैं। संगठन ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है कि उनकी दिक्कतों व परेशानियों को समझते हुए इन पदों के भरने के दौरान कोविड वॉरियर्स को प्राथमिकता दी जाए ।

# भरमौर-लामू-हीलिंग रूट पर नहीं चल रही सरकारी बस

- लोगों को करना पड़ रहा परेशानियों का सामना

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर-लामू-हीलिंग रूट पर परिवहन निगम की बस सेवा एक सप्ताह भी नहीं चल पाई। इससे ग्रामीणों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। ग्रामीणों ने कहा कि यह बस सुबह करीब सात बजे भरमौर से चलती थी और करीब साढ़े आठ बजे हीलिंग पहुंचती थी। इसके बाद बस होली से सांह रूट पर जाती थी। एक महीने से यह बस सेवा बंद है। लोगों को निजी वाहनों में आवाजाही करनी पड़ रही है।

लोगों ने बताया कि कोरोना काल के बाद यह बस नियमित रूप से नहीं चली है। इस कारण उन्हें आवाजाही करने के लिए निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है। ग्रामीण रोशन लाल, अमित कुमार, विनोद कुमार, शक्ति प्रसाद, रोशन लाल और सुरेश कुमार ने कहा कि एक तरफ निगम बेहतर परिवहन सेवा मुहैया करवाने के दावे करता है, दूसरी ओर बसों को चलाने के बाद बंद किया जा रहा है। इस बस का क्षेत्र की करीब तीन पंचायतों को लाभ मिलता था, मगर अब बस सेवा बंद होने के चलते लोग परेशान हो रहे हैं।



उन्होंने निगम प्रबंधन से मांग की है कि इस बस सेवा को दोबारा बहाल किया जाए। आरएम चंबा शुगल सिंह ने कहा कि इस बारे में जल्द ही प्रयास किए जाएंगे।

# चंबा मिलेनियम स्कूल की छात्राएं बनीखेत में छाई



प्रतियोगिता में अव्वल रही प्रतिभागी छात्रा को सम्मानित करते प्रतियोगिता प्रबंधन समिति के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

केंद्रीय विद्यालय बनीखेत में चित्रकला प्रतियोगिता में चंबा मिलेनियम पब्लिक स्कूल के छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता का विषय चंद्रयान, परीक्षा पे चर्चा, विकसित भारत रहा।

प्रतियोगिता में चंबा मिलेनियम पब्लिक स्कूल की छात्रा गुंजन ठाकुर कक्षा दसवीं ने प्रथम स्थान तथा दीवा मोंगा कक्षा नौवी ने चौथा स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के नौ विद्यार्थियों ने भाग लिया था। यह विद्यालय के लिए बहुत गौरव की बात है। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी आकाश महाजन और वाइस प्रिंसिपल अर्नब चक्रवर्ती ने बच्चो को बधाई दी। वहीं भविष्य में उन्हें अन्य गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

### मजदूरों की वरिष्ठता सूची तैयार नहीं

**भरमौर।** एमएफबी जियोटेक प्राइवेट लिमिटेड निर्माणाधीन जेएसडब्ल्यू एनर्जी हाइड्रो प्रोजेक्ट कुटेहर के छंटनी सूचना संख्या एमएफबी जेएसडब्ल्यू की ओर लाना चाहती है। ऑल हिमाचल पीडी आईपीएस और कोंट्रैचयुल वर्कर्स यूनियन प्रधान जय करण ने बताया कि एमएफबी जियोटेक प्राइवेट लिमिटेड प्रबंधन ने छंटनी प्रक्रिया शुरू करने से पहले मजदूरों की वरिष्ठता सूची तैयार नहीं की है। बनाई गई सूची में अधिकतम मजदूर वरिष्ठ मजदूर हैं। जिन्हें छंटनी किया जा रहा है जबकि कनिष्ठ मजदूरों को छंटनी नहीं किया जा रहा है जो औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की धारा 25 जी की अवहेलना है। छंटनी प्रक्रिया को स्थगित कर पहले नियमानुसार वरिष्ठता सूची बनाई जाए उसके पश्चात ही कनिष्ठ मजदूरों की पहले छंटनी की जाए ऐसा न करने की स्थिति में ट्रेड यूनियन एक्शन में जाएगी जिसकी जिम्मेदारी प्रबंधन वर्ग की होगी।

# चंबा के चमीणू में रूरल फेस्ट कल से लोग लेंगे पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ

## ग्रामीण जीवन के बारे में करीब से जानने का मिलेगा मौका

**एमएम डैनियल, चंबा**

चलो चंबा अभियान के अंतर्गत चंबा के चमीणू में रूरल फेस्ट का आयोजन किया जाएगा। फेस्ट 25 से 28 जनवरी तक चलेगा। इसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। फेस्ट में लोगों को पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ उठाने के साथ-साथ पारंपरिक खेल गतिविधियों, प्रदर्शनी, सेल, म्यूजिक सहित ग्रामीण जीवन के बारे में करीब से जानने का मौका मिलेगा।

नॉट ऑन मैप संस्था के सह संस्थापक मनुज शर्मा व जिला पर्यटन अधिकारी राजीव मिश्रा ने बताया कि 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर कार्यक्रम का आगाज होगा। यह आयोजन स्वयं सहायता समूह चंबा री डिस्कवर्ड, गाब्दिका, हॉलिस्टिक हिमालय एफपीसी, ग्राम समिति चमीणू व युवक मंडल चढ़ीयारा द्वारा मिलकर किया जा रहा है। 25 जनवरी को इंस्टामीट व सस्टेनेबल जर्नी एवं टाइमलेस मेमोरी के साथ अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएगी। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। 27 को पारंपरिक खेल गतिविधियों का आयोजन होगा। जबकि 28 जनवरी को कवि सम्मेलन, मेडिकल कैंप और समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही एचटूओ आनंदम सरवन वाटर मिल गुरुकुल में खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। महिला समूह की ओर से एचटूओ आनंदम मे चंबा री डिस्कवर की ओर से फूड फेस्ट का आयोजन किया जाएगा। वहीं ग्रामीण जीवन को करीब से जानने के लिए लोगों को गांव में तीन टूर करवाए जाएंगे। मनुज शर्मा और राजीव मिश्रा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि 25 से 28 जनवरी तक चमीणू में चलो चंबा में ग्रामीण उत्सव में जुड़कर जीवंत संस्कृति, पारंपरिक संगीत और स्थानीय स्वाद का अनुभव करें। जिला पर्यटन विकास अधिकारी राजीव मिश्रा ने बताया की यह प्रयास जो चमीणू के ग्रामीणों द्वारा काफी सराहनीय है बाकि गांव भी इसे देखें समझे व इससे प्रेरणा लेकर अपने गांव मे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करें। (अनंत ज्ञान)




# पराक्रम दिवस पर बच्चों ने बनाए चित्र

## बनीखेत में जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती को पराक्रम दिवस एवं परीक्षा पे चर्चा के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय बनीखेत में जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल कर्मजीत कौर ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

इसमें चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और विजेताओं को प्रमाण पत्र दिए गए। उन्होंने बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से पीएम की किताब एग्जाम वॉरियर्स के मंत्रों के साथ चंद्रयान, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, भारत की खेलों में सफलता, विकसित भारत, आदित्य एल-1 विषय पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सुंदर चित्रों को कागज पर उकेरा। चित्रकला प्रतियोगिता में चंबा मिलेनियम पब्लिक स्कूल की गुंजन ठाकुर ने प्रथम स्थान हासिल किया, गुरुनानक पब्लिक स्कूल डलहौजी की दिपाशा शर्मा ने द्वितीय, केंद्रीय विद्यालय चमेरा-दो करियां की हर्षिता ने तृतीय, चंबा मिलेनियम पब्लिक स्कूल की दिवा मोंगा ने चौथा और केंद्रीय विद्यालय चमेरा-एक खैरी की आशु देवी ने पांचवां स्थान हासिल किया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रिंसिपल कर्मजीत कौर ने सभी प्रतिभागियों को चित्रकला सामग्री वितरित की ।

निर्णायक मंडल के रूप में नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के कला सनातक शिक्षक वीरेंद्र ठाकुर, सेवानिवृत्त कला अध्यापक उमेश नंदन और सेवानिवृत्त सेंटर हेड टीचर राजकुमार शर्मा उपस्थित रहे। मंच संचालन शैलजा कालिया ने किया।



केंद्रीय विद्यालय बनीखेत में जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी आयोजकों के साथ सामूहिक चित्र में।

**विशेष** पर्यटन नगरी में आज भी मौजूद है नेताजी के नाम की निशानियां

# सुभाष चंद्र बोस का डलहौजी से रहा गहरा नाता

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

मंगलवार को उस शख्स की जयंती थी जिनके आह्वान पर हजारों लोग आजादी की लड़ाई में कूद पड़े। जिनके जादुई और अदभुत नेतृत्व कौशल ने भारतीय स्वतंत्र संग्राम में नई जान फूंकी। 23 जनवरी को स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को भारतवर्ष पराक्रम दिवस के रूप में मनाता आ रहा है।

भारत की आजादी के महानायक एवं आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस और डलहौजी के बीच का नाता अत्यंत गहरा है। जिसके कई निशानियां आज भी जिला चंबा के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल डलहौजी में विद्यमान है। गौर हो कि भारत देश के ब्रिटिश हुकुमत के दौरान वर्ष 1937 में नेताजी ने डलहौजी में अपनी जिंदगी के कई लम्हें गुजारे थे। वहीं इन लम्हों में उन्होंने कई योजनाओं को तैयार कर उन्हें उनके अंजाम तक पहुंचाया। बात उन दिनों की है जब नेताजी को ब्रिटिश सरकार ने आजादी की लड़ाई के लिए जेलबंद कर दिया था। इसी बीच नेताजी की सेहत इतनी बिगड़ गई की चिकित्सकों ने उन्हें अस्वस्थ घोषित कर दिया और ब्रिटिश सरकार ने उन्हें पैरोल पर रिहा कर दिया था। उस समय वह स्वास्थ्य लाभ के लिए डलहौजी पहुंचे जहां उनके दोस्त डॉ. धर्मवीर ने अपने बंगले कायनांस कोठी में ठहरने का आग्रह किया। जिसे स्वीकार करते हुए नेताजी की इच्छा एवं व्यक्तित्व अनुरूप कोठी को तैयार करवाया गया।

आराम से छुट्टियां बिताने के लिए सुभाष बावली से बेहतर कोई जगह नहीं है। ठंडी हवा और झरनों का बहता पानी यात्रियों के मन और शरीर में ताजगी लाता है। सही मायनों में नेताजी और डलहौजी का नाता आपस में काफी जुड़ा हुआ है नेता जी ने गुलामी के दिनों में डलहौजी की जनता के साथ काफी मेलमिलाप रखा। डलहौजी में एक चौक को सुभाष चौक का नाम दिया गया है तो वही सरकारी स्कूल को नेताजी सुभाष चंद्र बोस सीनियर सेकेंडरी स्कूल का नाम दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### सुभाष बावली के नाम से विख्यात हुआ चशमा



जिला चंबा के विश्व प्रसिद्ध पर्यटक स्थल डलहौजी में प्राकृतिक चश्मे के पानी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के स्वास्थ्य पर ऐसा करिश्मी असर डाला जिसकी चर्चाएं देश-विदेशों तक पहुंच गई। जिसके परिणाम स्वरूप आज वही प्राकृतिक चश्मा सुभाष बावली के नाम से विश्व विख्यात है और डलहौजी में एक आकर्षण का केंद्र भी है। सुभाष बावली नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम पर ही है। डलहौजी का एक अन्य लोकप्रिय गंतव्य सुभाष बावली एक सुरम्य स्थल है, जिसका नाम प्रसिद्ध भारतीय स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस के नाम पर रखा गया है, यह सुंदर, शांत है। आगंतुक विशेष रूप से प्रकृति प्रेमी यहां अपनी छुट्टियां बिताना पसंद करते हैं। सुभाष बावली कई और विशाल ऊंचे पेड़ों से घिरा हुआ है और बर्फ से ढकी चोटियों और ऊंचे पहाड़ों के सुंदर दृश्य प्रस्तुत करता है मौजूदा समय में यहां पर्यटकों के आने-जाने और पहाड़ों के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने के लिए बैठने की व्यवस्था की गई है।

### डलहौजी के चशमे के पानी से हुए थे स्वस्थ

नेताजी सुभाष चंद्र बोस अपनी बीमारी के दौरान पर्यटक स्थल डलहौजी के गांधी चौक से लगभग एक किलोमीटर दूर सैर करने जाया करते थे जहां एक प्राकृतिक चश्मा था जो आज भी वहां मौजूद है। अक्सर नेताजी उस चश्मे के पास बैठकर अपना काफी समय बिताया करते थे। स्थानीय लोगों का मानना है कि नेताजी उस चश्मे के पानी से ही स्वस्थ हुए क्योंकि देव भूमि हिमाचल के प्राकृतिक चश्मे कई तरह के औषधीय गुणों से भरपूर है जिससे नेताजी बहुत जल्द स्वस्थ हो गए थे।

## न्यूज ब्रीफ

### सुभाष चंद्र बोस जयंती पर प्रतियोगिताएं


कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

**जोगिंद्रनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बस्सी में तुलसी युवा एवं ईको क्लब के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। इसमें भाषण, विषय आधारित प्रश्नोत्तरी, एकल गान, समूहगान, चित्रकला, शतरंज, बैडमिंटन, क्रॉस कंट्री, मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। इस अवसर पर ईको क्लब प्रभारी प्रवक्ता संजय कुमार ने भी समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर अपने विचार रखे। इसके अतिरिक्त सुभाष चंद्र बोस की जयंती व बेटी सशक्तिकरण पहल के उपलक्ष्य पर भी विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गई।

### बालीचौकी में नव मतदाता सम्मेलन 25 को

**बालीचौकी।** सराज विधानसभा के अंतर्गत 25 जनवरी को भाजपा नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन करेगी। सराज भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष मुकेश मैडी ने बताया कि सम्मेलन में सराज के विधायक एवं नेता प्रतिपक्ष पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगे। सम्मेलन में सराज के नव मतदाताओं सहित 1500 के आसपास भाजपा कार्यकर्ता भाग लेंगे। भाजयुमो अध्यक्ष ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भाजयुमो के कार्यकर्ता अभी से सक्रिय हो गए हैं।

### गाड़ागुसैणी में होम स्टे की जानकारी दी



होम स्टे पर्यटन प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित प्रशिक्षु।

**बालीचौकी।** पर्यटन विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा बालीचौकी उपमंडल के अंतर्गत आने वाले गाड़ागुसैणी में तीन दिवसीय होम स्टे पर्यटन को लेकर एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर अनुसूचित जाति सब प्रोग्राम के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें 25 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। शिविर का आयोजन जिला मंडी के जालपा होम स्टे गाड़ागुसैणी थाचाधार में किया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान दुर्गा देवी भी उपस्थिति रही। यह प्रशिक्षण शिविर करियर एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसायटी डलहौजी जिला चंबा के सौजन्य से करवाया गया। शिविर में ट्रेनर अश्विनी कुमार द्वारा अभ्यर्थियों को पर्यटन विभाग व होम स्टे की जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में मंडी जिला के पर्यटन कारोबार के जुड़े कारोबारी, गेस्ट हाउस व होम स्टे के मालिक और इस व्यवसाय को भविष्य में और बेहतर तरीके से करने वाले लोग मौजूद थे। करियर एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसायटी डलहौजी जिला चंबा के चेयरमैन हरप्रीत सिंह ने जिला मंडी पर्यटन विभाग अधिकारी मनोज का भी इस आयोजन के लिए आभार जताया।

### कैंटीन के सामने फहराएंगे तिरंगा

**बलद्वाड़ा।** बलवाड़ा और समीपवर्ती 18 पंचायतों के रहने वाले पूर्व सैनिक बलद्वाड़ा सीएसडी कैंटीन के समीप प्रांगण में संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन जेसीओ एवं ओआर बलद्वाड़ा के बैनर तले गणतंत्र दिवस मनाएंगे। संगठन के प्रधान चीफ पेटी ऑफिसर विद्यासागर ने बताया कि 11 बजे शुक्रवार को कैंटीन के सामने राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा और इसमें ज्यादा से ज्यादा पूर्व सैनिक शामिल होंगे।

### बलद्वाड़ा के बतैल में इंटक की जनसभा आज

**मंडी।** बलद्वाड़ा के बतैल में हिमाचल भवन एवं अन्य सहनिर्माण व मनरेगा मजदूर इंटक द्वारा 24 जनवरी को सुबह 10 बजे एक जनसभा आयोजित की जाएगी। इस जनसभा में कांग्रेस के महासचिव पवन ठाकुर बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहेंगे। हिमाचल भवन एवं अन्य सहनिर्माण व मनरेगा मजदूर इंटक के जिला प्रधान चेतराम ने बताया कि कई सालों से श्रम बोर्ड द्वारा मजदूरों को मिलने वाली सुविधाओं को रोका गया है। इस मौके पर सभी मजदूर कांग्रेस महासचिव के समक्ष अपनी मांगों को भी रखेंगे। उन्होंने सभी मजदूरों से इस जनसभा में भाग लेने की अपील की है।

### झंग्गी स्कूल में मेरिट सर्टिफिकेट बांटे


मेरिट सर्टिफिकेट दिखाते स्कूल के छात्र अध्यापकों के साथ।

**धर्मपुर।** धर्मपुर उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंग्गी के तीन बच्चों ने मार्च 2023 में हुई हिमाचल शिक्षा बोर्ड की दसवीं की वार्षिक परीक्षा में बोर्ड की मेरिट में स्थान प्राप्त किया है। जिनमें प्रिंस ठाकुर, दीक्षा ठाकुर तथा अनमोल सकलानी शामिल हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य बीएस भंडारी ने उन्हें मेरिट सर्टिफिकेट वितरित किए तथा बच्चों को उनकी मेहनत पर बधाई दी।

### छात्रों ने ली वोट देने की शपथ

**मंडी।** मंडी सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में 25 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर मंगलवार को डेमोक्रेसी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लोकतंत्र की मजबूती व शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाता है। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मंडी सदर ओम कांत ठाकुर ने बताया कि [illegible]ज प्रतियोगिता में सदर मंडी के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के लगभग 750 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर वोट देने की शपथ भी ली।

### रेहड़ी धारकों ने महापौर को सौंपा ज्ञापन


महापौर को ज्ञापन सौंपते हुए रेहड़ी-फड़ी धारक।

**मंडी।** रेहड़ी-फड़ी यूनियन के प्रधान सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में अन्य सदस्यों ने महापौर वीरेंद्र शर्मा को मांग पत्र सौंपा। इसमें उन्होंने वैडिंग क्षेत्रों में लाइट लगाने का कार्य, नाम पट्टिकाएं देने बारे पड्डल और महामृत्युंजय चौक पर पानी का कूलर लगाने तथा गुजराती मार्केट के लिए गेट बनाने का कार्य, वर्तमान में वैडिंग क्षेत्रों में रेहड़ी-फड़ी लगाने के लिए निर्धारित साइज, दो रेहड़ी-फड़ी के बीच आगे पीछे जाने के लिए दो फुट का स्थान खाली छोड़ा जाए, वैडिंग क्षेत्रों में पानी, स्ट्रीट लाइट, सफाई व कूड़ादानों की व्यवस्था की जाए मांगें शामिल हैं। इसके साथ ही वैडिंग क्षेत्रों में कूड़ा देने की बजाय शाम के समय उठाने का प्रबंध किया जाए तथा बड़े साइज के कूड़ेदान उपलब्ध करवाए जाएं। सर्वेक्षण सूची में छूट गए पुराने वैंडर्ज के लाइसेंस तुरंत जारी किए जाए, सेरी चानणी वैडिंग क्षेत्र की तहबजारी और वहां निर्मित स्थायी ढांचे की स्थिति स्पष्ट की जाए और इस क्षेत्र की लंबित तहबजारी के आधार पर सभी रेहड़ी-फड़ी धारकों के बारे में दुष्प्रचार न किया जाए, शहर के मुख्य स्थानों पर रेहड़ियों को सुंदर व आकर्षक बनाने के लिए योजना बनाई जाए। गुजराती व पंचवक्त्र समुदाय के वेंडर्स की समस्याओं को हल करने के लिए विशेष योजना बनाई जाए आदि मांगें भी शामिल हैं। इस पर महापौर ने आश्वासन दिया कि उनके द्वारा दिए गए मांग पत्र पर चरणबद्ध तरीके से कार्रवाई की जाएगी।

# 36 खाद्य पदार्थों के सैंपल की रिपोर्ट आई, छह डिफॉल्टरों को नोटिस जारी

## दुकानदारों को अधिक कमाई के चक्कर में भरना पड़ेगा जुर्माना

**पुष्पराज, मंडी**

नगर निगम मंडी खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा दिए गए खाद्य पदार्थों की सैंपल रिपोर्ट्स में से कुछ रिपोर्ट आ गई हैं। नगर निगम के खाद्य सुरक्षा विभाग ने अब तक 81 खाद्य पदार्थों के सैंपल भरे थे, जिनमें से 36 खाद्य पदार्थ की रिपोर्ट निगम के पास पहुंच गई है।

नगर निगम खाद्य सुरक्षा विभाग ने छह डिफॉल्टर्स को नोटिस भी जारी कर दिए हैं। निगम के पास आई रिपोर्ट में पाया गया की शहर में दुकानदार कम खर्च में अधिक कमाई के चक्कर में गलत खाद्य पदार्थों का उपयोग कर ग्राहकों को बेच रहे हैं। रिपोर्ट में पाया गया है कि दुकानदारों द्वारा खाद्य पदार्थों में अधिक रंग उपयोग किया जा रहा है, जो की सेहत के लिए हानिकारक है। खाद्य पदार्थों में उपयोग होने वाले अधिक रंग से मुंह का कैंसर जैसी अन्य बीमारियां भी हो सकती है जो ग्राहकों के लिए हानिकारक है। दुकानदारों को विभाग द्वारा नोटिस जारी कर दिए हैं और कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। विभाग द्वारा सैंपलों में शक्कर, घी, रिफाइंड और शुगर के सैंपलों में खामियां पाई गई है। नगर निगम खाद्य सुरक्षा की सहायक आयुक्त विजया गौतम ने बताया कि शहर में सभी दुकानदारों के लिए अवेयरनेस कैंप आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें दुकानदारों को आवश्यक चीजों के बारे में जानकारी प्रदान की जाती है। दुकानदारों को यह भी निर्देश दिए जाते हैं कि यदि बिना बिल और नियमों के किसी भी ग्राहक को सामग्री बेची जाती है तो इस पर कड़ी कार्रवाई का प्रावधान है। समय-समय पर इस तरह के कैंप निगम आयोजित करवाता रहता है। (अनंत ज्ञान)

### अब फलों के भी लिए जाएंगे सैंपल


विजया गौतम सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा विभाग मंडी।

नगर निगम मंडी का खाद्य सुरक्षा विभाग अब फलों के भी सैंपल भरना शुरू करेगा क्योंकि पड़ोसी राज्यों में जैसे पंजाब में फलों की सैंपलिंग के दौरान फलों में लेड कंटेंट की मात्रा अधिक पाई गई जो की सेहत के लिए हानिकारक है। नगर निगम मंडी में भी अब फलों की जांच के लिए सैंपलिंग शुरू की जाएगी ताकि ग्राहकों की सेहत के साथ खिलवाड़ न हो।

## आजाद हिंद फौज के सेनानी गोवर्धन के गांव बैहली में मनाई सुभाष जयंती


बैहली में सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर मौजूद गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, धनोटू**

आजाद हिंद फौज के सेनानी गोवर्धन सिंह के गांव बैहली में सेनानायक सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। जयंती पर वार्ता में भाग लेते हुए इंजीनियर अतर सिंह राणा ने विस्तार से सुभाष चंद्र के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि गोवर्धन सिंह आजाद हिंद फौज के अमर सेनानी रहे हैं। चर्चा में भाग लेते हुए हीरा लाल लदवाण ने कहा कि गोवर्धन सिंह करीब पांच वर्ष सिंगापुर में कैद रहे। विजय सिंह ने कहा कि हमें आजाद हिंद फौज और सुभाष चंद्र बोस पर गर्व है। शिक्षक पुरस्कार प्राप्त सोहन सिंह ने कहा कि अंग्रेजों को भारत से बाहर भगाने में सुभाष चंद्र बोस और उनकी आजाद हिंद सेना की भूमिका अहम है।

अंतरराष्ट्रीय पहलवान जितेंद्र चौहान ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस और उनके सेनानियों की जयंतियां मनानी चाहिए। विचार गोष्ठी में कृष्ण चंद्र महादेविया ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस राष्ट्र के महानायक हैं। बैहली के गोवर्धन सिंह, घांघल के लछमण राम हमारे प्रेरणा स्रोत हैं।

## लोगों को भाया 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम

**कार्यक्रम में मंत्री जनता के साथ कर रहे संवाद**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम सरकार और ग्रामीण लोगों में एक बेहतर संवाद स्थापित करने में कामयाब हो रहा है। इस कार्यक्रम से जहां सरकार अपनी एक वर्ष की उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचा पाने में सफल रही है, वहीं लोग भी सरकार तक अपनी बात पहुंचा पाए हैं। लोगों को प्रदेश सरकार का यह कार्यक्रम भा गया है।

लोग खुले मन से इसकी तारीफ कर रहे हैं। सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ 17 जनवरी को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नादौन विधानसभा से किया था। उनकी यह सोच है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। प्रदेश सरकार के मंत्री कार्यक्रम में पहुंच कर उनके साथ संवाद स्थापित कर रहे हैं और उनके हित में बनी जन कल्याणकारी योजनाओं और एक वर्ष में लिए निर्णयों से अवगत करवा रहे हैं।

मंडी जिला की बात करें तो अभी तक बल्ह विधानसभा की ग्राम पंचायत छातड़ू तथा सरध्वार, द्रंग विधानसभा की पंचायत टकोली, करसोग विधानसभा की ग्राम पंचायत बखरोट और नाचन विधानसभा की घरोट पंचायत में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं।

बल्ह विधानसभा के नीलमणि ने कार्यक्रम में पहुंच कर अपनी पानी की समस्या के बारे कार्यक्रम के अध्यक्ष को अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि मेरी समस्या को दूर करने के लिए जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अब मेरी पानी की समस्या दूर हो जाएगी। करसोग विधानसभा के उत्तम चंद चौहान ने कहा इससे ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान ऑन स्पॉट हो रहा है।

## लैब टेक्नीशियन की हो टाइम बाउंड प्रमोशन

**मंडी।** स्वास्थ्य विभाग लैब टेक्नीशियन संघ के जिला प्रधान अमरजीत शर्मा ने मांग की है कि लैब टेक्नीशियन कैटेगरी की टाइम बाउंड प्रमोशन होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लैब टेक्नीशियन 30-30 साल नौकरी करने के बाद भी इसी पद से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 35 वर्ष पहले चीफ लैब टेक्नीशियन के 45 पद स्वीकृत किए गए हैं जबकि सीनियर लैब टेक्नीशियन के 956 पद स्वीकृत है। इस संख्या के हिसाब से चीफ लैब टेक्नीशियन के 50 पद और सृजित होने चाहिए। तब पदोन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि लैब टेक्नीशियन की रिपोर्ट के आधार पर ही डॉक्टर मरीज का इलाज करते हैं। उन्होंने कहा कि उनका मनोबल बनाए रखने के लिए पदोन्नति व खाली पदों को भरना तथा वेतन विसंगति को दूर करना अति आवश्यक है। उन्होंने लैब टेक्नीशियन को जोखिम भत्ता देने की भी मांग की।

## खुले में बहती गंदगी अंडरग्राउंड की

### खबर छपने पर नगर निगम ने पक्की करवाई गंदी नाली

**अनंत ज्ञान इंपैक्ट**

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के 30 दिसंबर के अंक में प्रकाशित समाचार।

जिला न्यायालय की ऐतिहासिक इमारत इमर्शन भवन के बाहर चौहटा बाजार की ओर एक सार्वजनिक वाटर कूलर से बहते पानी का गंदगी वाला स्वरूप अब अंडरग्राउंड हो गया है।

खुले में बहती व नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाती गंदी नाली का मामला अनंत ज्ञान द्वारा 30 दिसंबर के अंक में उठाने के बाद नगर निगम हरकत में आया और नाली को पक्का कर लोहे की जाली से ढक दिया। यह क्षेत्र पार्षद माधुरी कपूर जो उप महापौर हैं के वार्ड का है। उनके ध्यान में मामला आने के बाद उन्होंने महापौर विरेंद्र शर्मा को साथ लेकर मौका किया व तुरंत कार्य शुरू करवा दिया। इससे डीपीआरओ कार्यालय का प्रवेश द्वार व बाहर का प्रांगण साफ-सुथरा हो गया है।

यही नहीं ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के नाम से युक्त एक चमचमाती शिलान्यास पट्टिका के चबूतरे के संग बहती गंदगी से भी छुटकारा मिल गया। अब यहां पर जो ग्रामीण अपनी सब्जी या त्योहारी मौसम के दौरान चीजें बेचने वालों को भी साफ-सुथरी जगह मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

### थनेहड़ा बाजार व जैंचू नौण के आसपास लगाए जाएं कैमरे

**मंडी।** थनेहड़ा बाजार में चोरी की वारदातों से यहां के दुकानदार, वाशिंदे व मंदिर प्रबंधक चिंतित हो गए हैं। ऐसे में यहां मांग उठने लगी है कि थनेहड़ा बाजार में व प्राकृतिक जल स्रोत जैंचू नौण के आसपास गैर सामाजिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। हाल ही में यहां एक दुकान शुरू भी नहीं हुई पर चोरी पहले ही हो गई। इससे पूर्व व्यस्त कॉलेज रोड में जैंचू नौण के पास ही ऐतिहासिक पैहरू की बाई के चालू जीर्णोद्धार कार्य के ठेकेदार का सामान कुछ दिन पहले चोरी हो गया था। यहां के व्यवसायी बीरबल शर्मा, राजेंद्र कटोच, व महेंद्र सिंह व नीलकंठ मंदिर के दीपक गुलेरिया ने यहां सीसीटीवी कैमरे लगाने व रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# स्टेट हुड को दुल्हन की तरह सज रहा धर्मपुर

## कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विधायक ने दिन-रात संभाली है कमान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**धर्मपुर** के 52 वर्षों के इतिहास में पहली बार आयोजित होने वाले स्टेट हुड को लेकर न सिर्फ तैयारियां चल रही है, बल्कि समूचे धर्मपुर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है, जिसकी कमान खुद विधायक चंद्रशेखर ने संभाल रखी है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिकारी कर्मचारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांग्रेस सेवादल के साथ धर्मपुर व्यापार मंडल और आम जनता भी मदद कर रही है।

मंगलवार को बाकायदा जिलाधीश, एसपी मंडी, एडीसी सरकाघाट धर्मपुर के एसडीएम, लोक निर्माण जल शक्ति, विद्युत और कृषि और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ विधायक चंद्रशेखर ने बकायदा बैठक करके कार्यक्रम की अंतिम रूपरेखा को फाइनल किया। इसके अलावा उन्होंने कमेटियों को जिम्मेदारी भी सौंपी। विधायक चंद्रशेखर ने इस ऐतिहासिक आयोजन को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का धर्मपुर की जनता से विशेष प्रेम करार दिया हैं। स्थानीय कॉलेज ग्राउंड में आयोजित होने वाले इस भव्य आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा राज्यत्व दिवस के लिए धर्मपुर की जनता को विशेष मान सम्मान से नवाजा गया है। इस राजकीय आयोजन में प्रातः साढ़े दस बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ध्वजारोहण करके कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।

### कचौरियों की महक से महकेगा धर्मपुर का कॉलेज मैदान

**सरकाघाट।** धर्मपुर में इस बार राज्य सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह में भाग लेने वाले विशिष्ट अतिथियों, आला अधिकारियों, कर्मचारियों और आम लोगों को स्थानीय डेढ़ दर्जन महिला समूहों द्वारा तैयार की जा रही कचौरियों का स्वादिष्ट लंच करवाने की प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। 25 जनवरी को धर्मपुर का कॉलेज मैदान कचौरियों की महक से भी महकेगा। ग्रामीण विकास विभाग के आजीविका मिशन और सहकारिता विभाग के एफपीओ के माध्यम से बने महिला समूहों को 11 हजार कचौरियां बनाने का कार्य प्रशासन ने सौंपा है। इन समूहों द्वारा माह और चने दली की कचौरियां बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गौरतलब है कि ये महिलाएं पिछले कुछ समय से मोटे अनाज जैसे कोदरे के लड्डू, चाय और मौसमी फलों के अचार डालने का भी कार्य बखूबी अंजाम दे रही हैं और उससे आमदनी भी अर्जित कर रही है। सिद्धपुर पंचायत के समूह ने कोदरे के लड्डू बनाकर पूरे देश में पहचान बना ली है और उनके बनाए लड्डू दो दिन पहले झारखंड की राजधानी रांची में हुई राष्ट्रीय स्तर की बैठक में भी बिक्री किए गए हैं जो देश के सभी राज्यों में पहचान बनाने और मांग बढ़ाने में मददगार साबित होंगे। आजीविका मिशन और किसान उत्पादन सहकारी सभा धर्मपुर के संचालकों ने उम्मीद जताई है कि प्रदेश सरकार इन समूहों द्वारा किए जा रहे अलग अलग उत्पादों को मंच प्रदान करने और उनकी मार्केटिंग करने भी मदद करेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस बारे कोई नीति बनाने की मांग की है और सभी सरकारी कार्यक्रमों और बैठकों में इन्हीं महिला समूहों को खाने वाले उत्पाद बनाने के ऑर्डर देने की मांग की है, जिसमें धर्मपुर के विधायक व व प्रशासन ने जो पहल की है वह उस दिशा में सराहनीय कदम है। वहीं एफपीओ के सचिव भूपेंद्र सिंह ने कहा कि एक कचौरी का समूहों को 20 रुपए मूल्य निर्धारित करना बहुत कम है जो कम से कम 30 रुपए प्रति कचौरी होना चाहिए था। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इनका रेट बढ़ाया जाए।

### टिकरू स्कूल के होनहारों को बांटे इनाम



**जोगिंद्रनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टिकरू के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन द्वारा मुख्यातिथि का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने बच्चों की इनाम बांटे। उन्होंने बच्चों को कहा कि जीवन के दो पहलू हैं जीतता वही है जो हार को अपनाता है। उन्होंने कहा कि आज हम सभी को बच्चों पर नजर रखनी होगी, ताकि वे बढ़ते हुए नशे की ओर अग्रसर ना हो।

### वल्लभ कॉलेज में मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण शुरू

**मंडी।** उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत मंगलवार को वल्लभ कॉलेज मंडी में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ, जिसमें मंडी, कुल्लू, लाहौल-स्पीति व बिलासपुर जिला के करीब 38 शिक्षक मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण ले रहे हैं। प्रशिक्षण लेने के बाद मास्टर ट्रेनर अपने-अपने खंडों में वालंटियर टीचर्स को प्रशिक्षण देंगे। वालंटियर टीचर्स फिर 15 से ऊपर आयु के असाक्षर लोगों को पढ़ाएंगे। एससीईआरटी की एसोसिएट प्रोफेसर एवं कार्यक्रम समन्वयक रजनी सांख्यान व सहायक प्रोफेसर एवं कार्यक्रम की सदस्य सारिका तलवार शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। कार्यक्रम की समन्वयक रजनी सांख्यान ने बताया कि इससे पहले सोलन व धर्मशाला में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण हासिल कर मास्टर ट्रेनर अपने-अपने खंडों में वालंटियर टीचर्स को प्रशिक्षण देंगे, जो 15 से ऊपर आयु वर्ग के असाक्षर लोगों को आधारभूत भाषा व गणित का ज्ञान प्रदान करेंगे। प्रशिक्षण शिविर में डाइट मंडी से जिला नोडल अधिकारी देवराज शर्मा, आशा राणा, डाइट कुल्लू से जिला नोडल अधिकारी पुष्पा वैद्य व जिला बिलासपुर से नोडल अधिकारी राकेश ठाकुर भी मौजूद रहे।

### नेरचौक के सौंदर्यीकरण को खर्च किए जा रहे करोड़ों



**नेरचौक।** नगर परिषद नेरचौक में पिछले एक वर्ष से विभिन्न विकासात्मक योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। नगर परिषद के सौंदर्यीकरण के लिए आम जनमानस सहित विभिन्न विभागों के साथ सहयोगपूर्ण तालमेल से करोड़ों रुपए की योजनाओं को कार्यान्वित किया जा रहा है। अध्यक्ष नर्वदा अभिलाषी ने बताया कि नगर परिषद के सभी वार्डों में लगभग पांच करोड़ की राशि व्यय की जा चुकी है। करोड़ों रुपए की इस राशि से पक्के रास्तों एवं नालियों का निर्माण तथा प्रत्येक वार्ड में स्ट्रीट लाइट लगवाई गई है जिन वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगना शेष रह गई है, उन्हें भी जल्द लगवाया जाएगा। अध्यक्ष ने बताया कि शहर में पानी की कमी को देखते हुए नगर परिषद द्वारा जल शक्ति विभाग को एक करोड़ की धनराशि पेयजल के तीन बड़े टैंकों के निर्माण के लिए दी गई है।

**बैठक** | **दिव्यांग कल्याण संस्था की जिला प्रधान ने उठाई मांग**

# अलग से आयुक्त की नियुक्ति की जाए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



भूतनाथ मंदिर परिसर में मासिक बैठक के दौरान मौजूद हिमालयन दिव्यांग कल्याण संस्था की जिला प्रधान व अन्य।

दिव्यांगों की मांगों को लगातार दरकिनार किया जा रहा है और दिव्यांगों के साथ मारपीट गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। यह बात हिमालयन दिव्यांग कल्याण संस्था की जिला प्रधान हेमलता पठानिया ने मंगलवार को मासिक बैठक के दौरान भूतनाथ मंदिर परिसर में कही।

उन्होंने कहा की बैठक में ऐसे भी दिव्यांग अपनी समस्या लेकर आए है जिनके साथ अभद्र व्यवहार कर के आत्महत्या तक करने पर मजबूर किया जा रहा है। पिछले लंबे समय से बैठक के लिए भवन की मांग की गई है पर अभी तक उस पर कोई मंजूरी नहीं मिली। उन्होंने बताया की कोटली क्षेत्र की रहने वाली दिव्यांग महिला हंसा देवी पौड़ियों पर गिर गई। गनीमत है की कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा की बहुत सी समस्याओं पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई तो की गई पर कुछ पर अभी भी स्पष्टता प्रशासन द्वारा नहीं दिखाई गई है।

हेमलता पठानिया ने बताया कि दिव्यांगों की समस्याओं के लिए अलग से आयुक्त की नियुक्ति की जाए ताकि उनकी समस्याओं पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। उन्होंने बताया कि दिव्यांग कल्याण समिति की बैठक जनवरी माह में होनी थी जो कि अभी नहीं हो पाई है जिसमें की कई मांगों को प्रशासन के समक्ष रखा जाता है। उन्होंने जिला कल्याण अधिकारी और उपायुक्त से आग्रह किया है की बैठक समय रहते की जाए।

वहीं रिवालसर ध्वजा धारी मंदिर में एक दिव्यांग को सफाई कर्मचारी के तौर पर नियुक्त किया है, उसको तीन महीने 11 दिन का वेतन नहीं दिया गया है। हेमलता पठानिया ने बताया कि ध्वजा धारी मंदिर कमेटी के प्रधान से बात की गई तो उनका कहना था कि अभी मस्ट्रॉल बनाया जा रहा है लेकिन पहले का वेतन खाते में आता था। उन्होंने प्रशासन से मंदिर को अपने अधीन लेने और मंदिर कमेटी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### नहीं हुए अल्ट्रासाउंड

**मंडी।** क्षेत्रीय अस्पताल मंडी में सोमवार से मरीजों को अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिलनी शुरू होनी थी अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट डॉ. यशपाल ने ज्वाइनिंग तो कर लिया है पर अभी तक कार्यभार नहीं संभाला। मंगलवार को लोग जब लोगों ने सुविधा के लिए जोनल अस्पताल आए तो जानकारी मिली की डॉक्टर नहीं आए है। जोनल अस्पताल मंडी के एमएस धर्म सिंह वर्मा ने बताया था कि अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट ने ज्वाइनिंग कर लिया है और जल्द ही वह कार्यभार संभाल लेंगे।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

सूचना

मैं, प्रेम चंद पिता नं. JC-432939X, Rank Sub., पवन कुमार निवासी गांव मसोली, डाकघर जलपेहड़, तहसील जोगिंद्रनगर, जिला मंडी (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मेरे बेटे के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम प्रेम सिंह गलत दर्ज है, जबकि मेरा सही नाम प्रेम चंद है। अतः प्रेम सिंह और प्रेम चंद एक ही व्यक्ति है। सभी संबंधित नोट करें।

# निगम ने बसें बंद नहीं कीं तो निजी ऑपरेटर आरटीओ को सौंपेंगे चाबियां

## पब्लिक डिमांड के नाम पर एचआरटीसी चला रही गलत तरीके से बसें

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

निजी बस ऑपरेटर यूनियन जिला कुल्लू के प्रधान रजत जम्बाल ने कहा है कि जिला कुल्लू में एचआरटीसी के द्वारा पब्लिक डिमांड के नाम पर गलत तरीके से बसें चलाई जा रही है। जिससे निजी बस ऑपरेटर्स को खास नुकसान हो रहा है। ऐसे में अगर अब जल्द ही एचआरटीसी के द्वारा इन बसों को बंद नहीं किया गया तो निजी बस ऑपरेटर अपनी बसों की चाबियां आरटीओ को सौंप देंगे और इसकी जिम्मेदारी एचआरटीसी की होगी।

जिला कुल्लू के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में इन दोनों पब्लिक डिमांड के नाम पर एचआरटीसी के द्वारा बसों का संचालन किया जा रहा है। निजी बस ऑपरेटर यूनियन कुल्लू के द्वारा इस बारे में कुल्लू के सरवरी में एक बैठक की गई और इस मुद्दे को आरटीओ तथा उपायुक्त के समक्ष भी उठाया गया। निजी बस ऑपरेटर यूनियन कुल्लू के प्रधान रजत जंबाल ने बताया कि ग्रामीण इलाकों में पहले से ही निजी बस ऑपरेटर की सेवाएं सुचारू रूप से चली हुई है और कई इलाकों में एचआरटीसी के द्वारा अपनी बसों का संचालन गलत तरीके से किया जा रहा है। ऐसे में निजी बस ऑपरेटर टैक्स चुकाने में भी समर्थ नहीं हो पा रहे हैं।


रजत जम्बाल व अन्य सदस्य कुल्लू बस स्टैंड में अपनी समस्या को लेकर चर्चा करते हुए।

### निजी बस ऑपरेटरों को ले जानी पड़ रही हैं खाली बसें

**निजी** बस ऑपरेटर का कहना है कि बंजार और सैंज घाटी में पब्लिक डिमांड के नाम पर हर 10 मिनट के बाद बस चलाई जा रही है, जबकि निजी बस ऑपरेटर को अपनी बसों को खाली ले जाना पड़ रहा है। रजत जंबाल का कहना है कि पहले ही निजी बस ऑपरेटरों पर कई तरह के टैक्स सरकार के द्वारा लगाए गए हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में उन्हें सवारी न मिलने के चलते अपनी बसों को खड़ा करना पड़ रहा है। अब अगर जल्द ही एचआरटीसी के द्वारा इन बसों को बंद नहीं किया गया तो निजी बस ऑपरेटर यूनियन के सभी सदस्य अपनी बसों की चाबी आरटीओ को सौंप देंगे।

# चनाल बेहड़ में मारपीट, तीन भाई-बहनों सहित चार घायल


अपनी व्यथा सुनाती निशा देवी व उनके भाई-बहन।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी में चनाल बेहड़ में मारपीट का मामला सामने आया है। इस घटना में आधी रात को करीब 30-35 लोगों ने एक घर में घुसकर जानलेवा हमला किया है।

गांव की निशा देवी ने पुलिस को बयान दिया है कि बीती रात को करीब डेढ़ बजे गांव के ही करीब 30-35 लोग अचानक घर में घुसे, जिन्होंने पहले बिजली काट दी और उसके बाद डंडे लेकर अंदर घुसे और हमारे साथ मारपीट की। इस मारपीट की घटना में मुझे सिर में चोटें आई है और साथ चाची रूमा देवी और भाई रोहित और बहन अंजुम को भी चोटें आई है। जानकारी के अनुसार मारपीट में घायलों को अस्पताल लाया गया है जहां उनका मेडिकल किया गया है।

निशा देवी ने अपने बयान में कहा है कि हमला करने वाले लोगों ने बाद में हमें कमरे में बंद कर दिया और घर के साथ लगती जमीन से उन्होंने 40 पौधे काटकर नदी में फेंक दिए, जिसमें 20 सेब और 20 अनार के पौधे शामिल हैं। निशा देवी ने हमला करने वाले कुछ लोगों के नाम पुलिस को दिए हैं, जिसमें भीमा, मनोज, मनीष, देवा, रमा, आर्य और विशाल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मारपीट करने के बाद जब हमें कमरे में बंद किया तो पुलिस के 100 नंबर पर डायल कर इसकी सूचना पुलिस को दी। उसके बाद जब पुलिस मौके पर आई तो उसके बाद भी नहीं मान रहे थे।

## न्यूज ब्रीफ

### नेचर पार्क मौहल के पास 61.72 ग्राम चिट्टा बरामद

**कुल्लू।** जिला कुल्लू के मौहल स्थित नेचर पार्क में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स कुल्लू (एएनटीएफ) की टीम ने 61.72 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। चिट्टा तस्कर मौके पर चिट्टा फेंक कर फरार हो गए और टीम चिट्टा तस्करों को गिरफ्तार करने में कामयाब नहीं हो पाई। जानकारी के अनुसार एएनटीएफ की टीम ने मौहल नेचर पार्क के पास गश्त पर थी तो इस दौरान जब तलाशी के लिए रोका तो वाहन में सवार दो लोगों ने चिट्टा फेंक कर गाड़ी को मौके से भगा दिया। हालांकि एएनटीएफ की टीम ने गाड़ी का पीछा भी किया लेकिन वे भागने में कामयाब हुए। एएनटीएफ के डीएसपी हेम राज वर्मा ने बताया कि चिट्टा तस्करी करने वाले दोनों व्यक्ति की पहचान हो चुकी है जिन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दोनों की पहचान आकाश पुत्र टेक चंद गांव शाढ़ाबाई डाकघर व तहसील भुंतर जिला कुल्लू 30 वर्ष व अमन निवासी तेगूबेहड़, तहसील भुंतर जिला कुल्लू के रूप में हुई है, जिनकी धरपकड़ के लिए जाल बिछाया गया है और जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### फीडबैक से बेहतर काम कर सकती है प्रशासनिक मशीनरी

**कुल्लू।** मीडिया की फीडबैक से प्रशासनिक मशीनरी बेहतर काम कर करती है। इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों को मीडिया के साथ अच्छा समन्वय बिठाना चाहिए। यह बात उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग ने परिधि गृह में कही। वह यहां प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू के साधारण अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू ने डीसी कुल्लू को बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कुल्लू प्रेस का योगदान हमेशा समाज उत्थान का रहा है। आपदा व कोरोना काल में भी कुल्लू मीडिया ने सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पूरे समय में जिला प्रशासन को यहां के मीडिया का भरपूर सहयोग मिला है। मीडिया से पब्लिक ओपिनियन व फीड बैक हम तक पहुंचती रही और हम उसका समाधान करने में प्रयासरत रहे। उन्होंने कहा कि हर अधिकारी को मीडिया की फीडबैक पॉजिटिव तरीके से लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मीडिया पूरे दिनभर जनता के बीच रहती है और उनसे जो फीडबैक मिलती है उस पर कार्य करने से प्रशासनिक मशीनरी कामयाब होती है। इस अवसर पर उन्होंने प्रेस क्लब के प्रेस रूम के जीर्णोद्धार का भी शुभारंभ किया। इस दौरान प्रेस क्लब के प्रधान धनेश गौतम ने प्रेस क्लब कुल्लू की उपलब्धियों के बारे जानकारी दी और उपायुक्त कुल्लू का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष एवं प्रेस क्लब के होनरेरी सदस्य गोपाल कृष्ण महंत,उपाध्यक्ष चंदन प्रेमी,डीपीआरओ कुल्लू नरेंद्र शर्मा,एपीआरओ कुल्लू जेपी प्रकाश सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


उपायुक्त आशुतोष गर्ग प्रेस क्लब कुल्लू के सदस्यों के साथ।

### भूमिहीन व आवासहीन संघ की बैठक संपन्न

**मनाली।** भूमिहीन एवं आवासहीन संघ की ब्लॉक कमेटी मनाली की बैठक 15 मील में मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुई। संघ की अध्यक्ष मैणी देवी ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में भूमिहीनों व आवासहीनों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ कि आगामी रणनीति भी तैयार की गई। बैठक में सरकार से भूमिहीनों को दो से तीन बिस्वा भूमि नौतोड़ के रूप में देने की मांग की गई। इसके अलावा तलाकशुदा व एकल नारी भूमिहीन जो बिलकुल अलग से अपना गुजर-बसर कर रही है, उसे भूमि देने की मांग उठाई गई। बैठक में कहा गया कि 1995 में बाढ़ग्रस्त परिवारों को भूमि देकर भी परेशान किया जा रहा है। साल 2004 से पहले भूमिहीनों को चरागाह वाली भूमि देकर गलत दर्शाया गया। उसकी भी सरकार दुरुस्ती करे। अवैध कब्जाधारकों और गरीब परिवारों के बने आशियानों को न उजाड़ने, वन संरक्षण अधिनियम के तहत आ रही समस्या को दूर करने के लिए कानून के मुताबिक नीति बनाने जैसी मांगों पर बैठक में विस्तार से मंथन किया गया। बैठक में सचिव जगर नाथ, उपाध्यक्ष शौक़त अली, कमला देवी, चंद्रावती भी मौजूद रहे।

### शाट में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम आज

**कुल्लू।** सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम का आयोजन कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के शाट में बुधवार को होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य संसदीय सचिव वन, ऊर्जा, पर्यटन व परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर करेंगे। यह जानकारी उप मण्डलाधिकारी कुल्लू विकास शुक्ला ने दी है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम प्रातः 10 बजे आरंभ होगा। जिसमें शाट सहित साथ लगती ग्राम पंचायतों के लोगों की शिकायतों व समस्याओं को सुनकर मौके पर समाधान सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा विकासात्मक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। वास्थ्य तथा आयुष विभाग द्वारा संयुक्त रूप से मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा जहां गैर-संचारी रोगों के टेस्ट के अलावा विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच की जाएगी। इस दौरान नेत्र रोगियों की आंखों की जांच भी की जाएगी। हिम केयर कार्ड ,आयुष्मान भारत कार्ड के अलावा आधार कार्ड आदि बनाने की सुविधा भी होगी।

### सैंज में मनाई सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**कुल्लू।** केंद्रीय विद्यालय एनएचपीसी सैंज में केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। मंगलवार को इस अवसर पर परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी सुबह 10 बजे से 12 बजे तक किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता के बहुआयामी विषयों को रखा गया था। इस चित्रकला प्रतियोगिता के लिए केंद्रीय विद्यालय सैंज को नोडल विद्यालय के रूप में अधिकृत किया गया। इस आयोजन में कुल्लू जिला के केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के 20 विद्यालयों के 100 स्टूडेंट्स ने प्रतियोगिता में भाग लिया। विद्यालय में पधारे सभी स्टूडेंट्स और संरक्षकों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। प्राचार्या विनीता परशीरा ने कार्यक्रम की शुरुआत महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया। प्राचार्या एवं कक्षा नवमी की छात्रा युब्ता देवी ने सभी छात्रों को नेताजी सुभाष चंद्र के जीवन परिचय एवं कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए प्रतियोगिता में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए सभी को शुभकामनाएं प्रदान की। इस प्रतियोगिता के निर्णायकों के रूप में आईटीआई सैंज के कला शिक्षक प्रथम सिंह, गुलशन ठाकुर, कला अध्यापक राजकीय उच्च विद्यालय रुआड़ एवं नरेंद्र कुमार कला अध्यापक केंद्रीय विद्यालय सैंज रहे। इस प्रतियोगिता का समापन पुरस्कार वितरण के साथ किया गया। प्राचार्य ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए पुरस्कार के रूप में प्रथम पांच प्रतिभागियों को फिजिकल रूप में सर्टिफिकेट और स्वतंत्रता सेनानियों से संबंधित पांच-पांच पुस्तकें भेंट की ओर अन्य सभी प्रतिभागियों को डिजिटल प्रमाण पत्र दिया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा लिखित पुस्तक एग्जाम वारियर्स भी डाक द्वारा उपलब्ध होने के पश्चात दी जाएगी। विद्यालय में सभी स्टूडेंट्स के लिए चित्रकला सामग्री एवं जलपान की व्यवस्था भी की गई। स्नातकोत्तर शिक्षक सुमन कुमार ने विभिन्न विद्यालयों से आए स्टूडेंट्स, उनके संरक्षकों और पत्रकार बंधुओं का धन्यवाद ज्ञापन किया।

### एचबीवाईसी के तहत आशाओं को दी ट्रेनिंग

**कुल्लू।** जिला कुल्लू के नग्गर खंड में छोटे बच्चों की बेहतर देखभाल के लिए होम बेस्ड यंग चाइल्ड केयर के तहत प्रशिक्षण चलाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतलीकूहल में आशाओं के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों के छह माह तक स्तनपान पर बल, पोषण आहार, आवश्यक पोषक तत्वों वाले भोजन की उपलब्धता, परिवार नियोजन व संपूर्ण टीकाकरण पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण शिविर में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया। आशा को-ऑर्डिनेटर एवं स्वास्थ्य शिक्षिका ममता चौहान ने बताया कि आशा कार्यकर्ताओं को इस प्रशिक्षण के अलग अलग सत्रों में विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई। पोषण संबंधी, स्तनपान का महत्व, उपरी भोजन और भोजन में आवश्यक खनिज तत्वों की उपलब्धता पर तकनीकी जानकारी सहित परिवार नियोजन की प्रत्येक विधि के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। व्यक्तिगत साफ-सफाई स्वस्थ्य रहने के लिए जरूरी है। इसे ध्यान में रखते हुए आशा कार्यकर्ताओं को साफ पानी के इस्तेमाल, स्वच्छता व व्यक्तिगत सफाई संबंधी जानकारी आमलोगों को देने का प्रशिक्षण दिया गया।बीएमओ नग्गर डा. रणजीत ने बताया कि छोटे बच्चों की गृह आधारित देखभाल में आशा की अहम भूमिका होती है। वह घर-घर जाकर पोषण संबंधी जानकारी, स्तनपान का महत्व, उपरी भोजन और भोजन में आवश्यक खनिज तत्वों की उपलब्धता पर तकनीकी जानकारी लोगों को देती है। इसके लिए आशाओं को भी इनकी संपूर्ण जानकारी रखना जरूरी है, ताकि लोगों को समुचित जानकारी दी जा सके। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण 17 जनवरी से 23 जनवरी तक चला। पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में 30 आशाओं ने एचबीवाईसी प्रशिक्षण में भाग लिया।


आशा वर्करों को सम्मानित किए जाने का दृश्य।

# पढ़ाई को चिंता नहीं, चुनौती के रूप में करें स्वीकार

**अनंत ज्ञान, सैंज**

प्रतिभाशाली स्टूडेंट्स को स्कूलों में सकारात्मक मोटिवेशन देने के लिए शिक्षा विभाग हर वर्ष स्कूलों में वार्षिक समारोह का आयोजन करवाता है, ताकि स्कूली बच्चों का मनोबल ऊंचा किया जा सके। इसी कड़ी में मंगलवार को मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सैंज में सालाना समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री पंडित खीमी राम ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

सालाना समारोह का शुभारंभ खीमी राम ने सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्वलित कर शुरू किया, जबकि स्कूल के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने स्कूल की वर्ष भर की रिपोर्ट पढ़ते हुए खेल व शैक्षणिक उपलब्धियों को भी अवगत करवाया। इससे पूर्व स्कूल के अध्यापकों, विद्यार्थियों व अभिभावकों ने मुख्यातिथि का जोरदार स्वागत किया। प्रधानाचार्य ने मुख्यातिथि को टोपी व मफलर पहनाकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने कहा कि किसी भी स्कूल में वार्षिक समारोह उसकी प्रगति का एक प्रतीक माना जाता है। पाठशाला के जीवन में इस समारोह का विशेष स्थान होता है। ऐसे समारोह में आम लोगों तथा अभिभावकों को स्कूल की गतिविधियां देखने का भी अवसर प्राप्त होता है। पूर्व मंत्री ने कहा कि बच्चे राष्ट्र का धन है। मुख्यातिथि ने स्कूल स्टाफ व प्रबंधन समिति को बधाई देते हुए कहा कि हर वर्ष इस तरह के सालाना समारोह आयोजित करवाए जाएं। समारोह में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर खूब रंग जमाया। बच्चों द्वारा प्रेरणादायक गान की मनमोहक प्रस्तुति अत्यंत प्रभावशाली रही। पहाड़ी, देश भक्ति पंजाबी तथा हिंदी गीतों पर परफॉर्म करते हुए उपस्थित लोगों को स्टूडेंट्स ने खूब मंत्रमुग्ध किया। पंडित खीमी राम ने साल भर में उत्कृष्ट रहे स्टूडेंट्स को भी सम्मानित किया। इस मौके जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष रोहिणी चौधरी, जय बिहारी लाल, प्रभा पालसरा, कांग्रेस नेता मोती राम पालसरा, रामकृष्ण चौहान, पूर्व प्रधान मोतीराम ठाकुर आदि उपस्थित रहे।


मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सैंज में सालाना समारोह में पहुंचे पंडित खीमी राम, साथ हैं अन्य।

## जगतगुरु से भेंट


प्रसिद्ध भागवत कथाकार जगतगुरु रामभद्राचार्य स्वामी से भेंट करते हुए भगवान रघुनाथ मंदिर कुल्लू के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह।

# लाहौल घाटी के यांगला और कोकसर में पर्यटकों का तांता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल घाटी के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सिस्सू में इन दिनों पर्यटन गतिविधियां जहां पूर्ण रूप से बंद हैं। वहीं, अब कोकसर सहित यांगला में पर्यटकों का तांता लग गया है। हालांकि इस बार बर्फबारी न होने से सैलानियों को कहीं भी बर्फ के दीदार नहीं हो रहे हैं, लेकिन लाहौल घाटी के कोकसर व यांगला में अभी बर्फ शेष है। कुछ दिन ओर बर्फबारी नहीं होती है तो इन पर्यटन स्थलों से भी बर्फ गायब हो जाएगी।

मंगलवार को लाहुल के यांगला गांव में पर्यटकों का मेला लग गया। पर्यटक कोकसर सहित यांगला पहुंचे। लाहौल सहित मनाली के सभी पर्यटन कारोबारियों को हिमपात का इंतजार है। हिमपात न होने से मनाली के सभी पर्यटन स्थल सुनसान पड़े हैं। मनाली के पर्यटन स्थलों में जिप लाइन का कारोबार हल्का फुल्का चल रहा है, जबकि हिमपात न होने से पर्यटकों ने सोलंग कोठी सहित गुलाबा व हामटा से दूरी बना ली है। सोलंगनाला में भी छुटपुट पर्यटक पैराग्लाइडिंग कर रहे हैं।

स्थानीय पर्यटन कारोबारी पूनम व डोलमा ने बताया कि अटल टनल के खुल जाने से पर्यटन के लिए सब से बेहतर स्थल लाहौल घाटी बन चुका है। जिस में गोंदला के वाम तट में बसे यांगला गांव पर्यटको लिए सब से मनमोहक स्थल बन चुका है। उन्होंने कहा कि हिमपात न होने से घाटी में बर्फ की सफेदी गायब हो गई है, लेकिन गोंदला के बम तट पर बसे यांगला गांव में बर्फ होने के कारण पर्यटकों का तांता लगा हुआ। उन्होंने बताया कि मंगलवार को भी बर्फ के दीदार करने मनाली से सैकड़ों पर्यटक यांगला पहुंचे।

मनाली के पर्यटन कारोबारी पूर्ण ठाकुर व रोशन ने बताया कि हिमपात न होने से उनका कारोबार ठप पड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि सभी को हिमपात का इंतजार है। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश ठाकुर ने कहा कि हिमपात न होने के कारण विंटर सीजन फीका चल रहा है। उन्होंने कहा कि हिमपात होने के बाद ही पर्यटन गति पकड़ेगा।


बर्फ में मस्ती करते पर्यटक।

# कृषक उत्पादक संघों में महिलाओं की अधिक भागीदारी करें सुनिश्चित

**कुल्लू।** केंद्र सरकार की राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड द्वारा 10000 कृषक उत्पादक संघ एफपीओ की पांचवीं समीक्षा बैठक मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय में उपायुक्त आशुतोष गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कुल्लू जिला के लिए सीबीओ कम्युनिटी बेस्ड बिजनेस ऑर्गेनाइजेशन अरावली सिरमौर तथा डिमोर्ड रामपुर को कृषक उत्पादक संघ से जुड़े कृषक सदस्यों के लिए कुल्लू जिला में ही प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संस्थाओं द्वारा जिले से बाहर अपने मुख्यालय पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाने से जिले के किसान बागवान प्रशिक्षण लेने से वंचित रह जाते हैं ऐसे में कुल्लू स्थित कृषि विज्ञान केंद्र व डॉ. वाईएस परमार बागवानी व वानिकी विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र बजौरा में प्रशिक्षण करवाया जाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक सदस्यों लाभान्वित हो सके। आशुतोष गर्ग ने सीबीबीओ को प्रदेश सरकार के संबंधित विभागों विशेष कर बागवानी विभाग के साथ समय समन्वय बनाने पर भी जोर दिया ताकि किसानों को और बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि कृषक उत्पादक संघ का गठन करने का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म व लघु किसानों को उनके उत्पादों का बेहतर मूल्य दिलाने के साथ-साथ उन्हें नवीनतम प्रशिक्षण व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना है ताकि सूक्ष्म और लघु किसानों की आर्थिक सुदृढ़ हो सके उन्होंने कृषक उत्पादक संघों में महिलाओं की और अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी बल दिया।

# बिजली बोर्ड प्रबंधन की गलत नीतियों से समय पर नहीं मिल रहा वेतन व पेंशन


हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद पेंशनर्स की बैठक में उपस्थित उपप्रधान केएल शर्मा व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन कुल्लू इकाई की मासिक बैठक केएल शर्मा उपप्रधान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भारी संख्या में भाग लिया।

बैठक में एक आवाज उठी की इतिहास में जबसे बिजली बोर्ड बना है आज तक 53 सालों से कभी भी ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं हुई थी कि महीने की पहली तारीख को कर्मचारियों को वेतन तथा पेंशनर्स को पेंशन समय पर नहीं मिल पाई। यह स्थिति बोर्ड प्रबंधन की गलत नीति के कारण पैदा की गई, जिससे कर्मचारियों को धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर किया, जबकि सबसे अहम भूमिका इन सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मेहनत का ही परिणाम है जिन्होंने सबसे ऊंची पहाड़ों की चोटियों में भी बिजली के खंबे गाड़ कर हर गांव में बिजली पहुंचाई है और शत-प्रतिशत इलेक्ट्रिफिकेशन प्रदेश में की गई, लेकिन आज स्थिति इतनी गंभीर कैसे हो गई की बिजली बोर्ड के पास अपने कर्मचारियों को समय पर वेतन एवं पेंशन देने के भी लाले पड़ गए। यह सारी वजह बोर्ड प्रबंधन की गलत नीतियों के कारण ही पैदा हुई है।

स्थायी प्रबंधक की नियुक्ति न करना भी मूल कारण रहा व सरकार को चाहिए की इतने बड़े विभाग के लिए जिम्मेदार प्रबंधक की नियुक्ति की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति न उत्पन हो। इस बिजली बोर्ड बैठक में यह भी निर्णय लिया कि जिन कर्मचारियों की पेंशन संबंधी सेवा लाभ नहीं मिल रहे हैं। वे लोग अपने मंडल कार्यालय में जाकर पता करें कि किन कारणों से उनके सेवालाभ पैंडिंग पड़े हैं। इस दौरान सेवानिवृत एसडीओ विमल प्रकाश लोपा, भोला राम, कृष्ण कुमार वरिष्ठ सहायक तथा अन्य कर्मचारियों ने भी सदस्यता ग्रहण की।

# बंजार के अंबेडकर भवन में कल युवा नवमतदाता सम्मेलन

**अनंत ज्ञान, बंजार**

भाजपा द्वारा पूरे देश में 25 जनवरी को युवा नवमतदाता सम्मेलन का आयोजन किया जाना है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बार के आगामी लोकसभा चुनावों में पहली बार अपने मत का प्रयोग करने जा रहे चुनिंदा युवा मतदाताओं से संवाद करेंगे व मतदाता की शक्ति पर चर्चा करेंगे।

भाजपा द्वारा यह कार्यक्रम पूरे देश में आयोजित किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा सके व युवाओं की लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। इसी कड़ी में बंजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भी 25 जनवरी को बंजार के अंबेडकर भवन में युवा नवमतदाता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

विधायक ने कहा कि इस सम्मेलन 500 के करीब युवा भाग लेंगे व देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का युवाओं से संवाद सुनेंगे। लोकतंत्र के भविष्य को सुदृढ़ करने के लिए मतदान में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना अति आवश्यक है।

युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा यह श्रेष्ठ योजना बनाई गई है। बूथ स्तर पर इस कार्यक्रम को सफल बनाने का प्रयास किया जाएगा व कार्य योजना पर चर्चा की जाएगी।

## क्रिकेट टूर्नामेंट | जिले की 24 टीमें लीग टूर्नामेंट में लेंगी हिस्सा

# जिला कुल्लू क्रिकेट संघ के लीग टूर्नामेंट का आगाज

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जिला कुल्लू क्रिकेट संघ जो कि हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन का अभिन्न अंग है। इस बार की लीग टूर्नामेंट का आगाज मंगलवार को कुल्लू के ढालपुर में स्थित खेल मैदान में जिला कुल्लू क्रिकेट संघ द्वारा किया गया। टूर्नामेंट की शुरुआत 20-20 मैच के साथ हुई। मैच के शुरू होने से अध्यक्ष दानवेंद्र सिंह ने महाराजा युवक मंडल पीज और कार्तिक युवक मंडल मनाली (लल्लू-11) के खिलाड़ियों से मुलाकात की। बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए महाराजा युवक मंडल पीज को हराकर टूर्नामेंट की धमाकेदार शुरुआत की। इसके बाद टूर्नामेंट का दूसरा मैच चिंगपोंग-11 पतलीकूहल टीम और जवाणी महादेव टीम न्यूली के बीच हुआ जिसमें जवाणी महादेव टीम ने चिंगपोंग-11 को हराया। इस अवसर पर दानवेंद्र सिंह ने बताया कि जिला कुल्लू क्रिकेट संघ इस बार जिला की प्रतिभा को निखारने के मकसद से लीग टूर्नामेंट करवाने जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला में रजिस्टर्ड क्लबों की संख्या 18 के करीब है और कुछ नए क्लब हैं जिन्हें जोड़ा गया है और इस बार 24 टीमें लीग टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं। दानवेंद्र सिंह ने बताया कि इस बार लीग टूर्नामेंट में नई उभरती हुई प्रतिभाओं को मौका दिया जा रहा है जिनमें अंडर-19 के दो खिलाड़ी अंडर-16 के दो खिलाड़ी और नेशनल से एक खिलाड़ी को मौका दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह सभी खिलाड़ी अकादमी से चुने जाएंगे। (अनंत ज्ञान)


जिला कुल्लू क्रिकेट संघ की ओर से करवाए गए लीग टूर्नामेंट का पहला मैच खेलती टीमें।

# एचपीटीयू में दोहरी डिग्री कार्यक्रम को मंजूरी

## शैक्षणिक परिषद की बैठक में प्रस्ताव स्वीकृत, सुंदरनगर व बंदला इंजीनियरिंग कॉलेजों में खुलेंगे शोध केंद्र

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर में स्थित हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद की 33वीं बैठक कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत दोहरी डिग्री कार्यक्रम को शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

दोहरी डिग्री कार्यक्रम के तहत तकनीकी विवि सहित संबंधित शिक्षण संस्थानों में बैचलर ऑफ साइंस एंड मास्टर ऑफ साइंस (बीएस-एमबीए) और बैचलर ऑफ साइंस एंड मास्टर ऑफ साइंस (बीएस-एमएस) विद्यार्थी कर सकते हैं। शैक्षणिक परिषद में जवाहर लाल नेहरू इंजीनियरिंग कॉलेज सुंदरनगर और हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला (बिलासपुर) में शोध केंद्र शुरू करने को स्वीकृति मिली है। अब दोनों इंजीनियरिंग कॉलेजों में पीएचडी की पढ़ाई शुरू की जाएगी। जिसके लिए शैक्षणिक परिषद ने जल्द समिति का गठन कर नियम तय करने के निर्देश दिए।

बैठक में तकनीकी विवि के कुलसचिव एवं शैक्षणिक परिषद के सदस्य सचिव कमल देव सिंह कंवर, अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव, डॉ. एसपी गुलेरिया, डॉ. हिमांशु मोंगा, डॉ. दीपक बंसल, डॉ. मनोज शर्मा मौके मौजूद रहे, जबकि एनआईटी उत्तराखंड के निदेशक प्रो ललित अवस्थी, डॉ. विवेक कुमार, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. अभिलाष, डॉ मनीष वशिष्ठ, डॉ. राजूल अस्थाना, डॉ. एल राजू व डॉ. विनय कुमार ने आभासी माध्यम से उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)


परिषद की बैठक में मौजूद बीसी, निदेशक और अन्य।

### पीएचडी प्रोग्राम किए जा रहे शुरू

**वहीं,** कुलपति ने कहा कि इंजीनियरिंग के क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देने के लिए इंजीनियरिंग कॉलेजों में पीएचडी प्रोग्राम शुरू किए जा रहे हैं। इसके अलावा बैठक में स्टूडेंट्स से जुड़े विभिन्न शैक्षणिक प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई।

## ग्रामीणों ने जाने खाद्य सुरक्षा के नियम

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश टेक्निकल यूनिवर्सिटी हमीरपुर की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवियों ने शिविर के दूसरे दिन दड़ूही गांव में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान स्वयंसेवियों ने दड़ूही गांव में स्थित मंदिर परिसर, आंगनबाड़ी केंद्र, महिला मंडल भवन सहित आसपास के रास्ते में सफाई की। साथ ही गांव के लोगों से भी संवाद किया। शिविर के दूसरे दिन खाद्य सुरक्षा विभाग हमीरपुर के सहायक आयुक्त अनिल कुमार ने बतौर स्त्रोत व्यक्ति स्वयंसेवियों और ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने खाद्य सुरक्षा सहित खाद्य सुरक्षा से जड़े नियमों के बारे में विस्तारपुर्वक जानकारी दी। इस मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी मधुबाला, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीना कुमार, आयुष गुलेरिया भी मौजूद रहे।

# लोस चुनाव के लिए बनी रणनीति


राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की जिला इकाई की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन की जिला इकाई की बैठक जिला संयोजक राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन विक्रम शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मनोज सिंह भट्टी इंचार्ज हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश सहसंयोजक ठाकुर हीरा पाल सिंह भी उपस्थित रहे।

बैठक में आगामी लोकसभा चुनावों के लिए विस्तार से चर्चा हुई और बूथ स्तर पर काम कैसे किया जाए इसके लिए पदाधिकारी को दिशा-निर्देश दिए गए संगठन में नई नियुक्तियों को लेकर भी प्रभारी ने अपनी सहमति प्राप्त की।

इस मौके पर मनोज भट्टी ने बताया कि इस बार लोकसभा में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत को सुनिश्चित बनाने के लिए संगठन दिन-रात मेहनत करेगा। इस बैठक में राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के महामंत्री राजेश ठाकुर, कुलदीप सिंह राणा, सुभाष चंद सचिव संजीव कुमार धीमान, जगदीश चंद भारद्वाज, सचिव राजेंद्र सिंह वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## हमीरपुर में प्रस्तावित ड्राइविंग टैस्ट स्थगित

**हमीरपुर।** एसडीएम कार्यालय हमीरपुर के अंतर्गत 24 जनवरी को बाईपास पर प्रस्तावित ड्राइविंग टेस्ट प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दिए गए हैं। एसडीएम मनीष कुमार सोनी ने बताया कि ड्राइविंग टेस्ट की नई तिथि जल्द ही निर्धारित कर दी जाएगी।

## लंबलू में देवर भाभी और जेठ में झगड़ा, केस दर्ज

**टौणी देवी।** हमीरपुर सदर पुलिस स्टेशन के तहत लंबलू में देवर, भाभी और जेठ के बीच लड़ाई-झगड़ा होने का मामला दर्ज हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार एफआईआर में कुसुम कुमारी पत्नी संजीव कुमार निवासी लंबलू ने शिकायत की है कि उसके देवर सुमित कुमार ने लड़ाई-झगड़ा किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आईपीसी की धारा में मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

उधर, दूसरी ओर वर्षा कुमारी पत्नी सुमित कुमार निवासी लंबलू की शिकायत पर एफआईआर पुलिस स्टेशन हमीरपुर में दर्ज हुई है। शिकायत पत्र के मुताबिक उसके जेठ ने भी लड़ाई-झगड़ा किया, जिस पर सौरव, संजीव कुमार और कुसुम कुमारी के खिलाफ आईपीसी की तहत मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

# अनुबंध डॉक्टरों को मिल रहा सबसे कम वेतन

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

सूबे में डॉक्टर्स का काले बिल्ले लगाकर विरोध जताने का सिलसिला लगातार जारी है। पहले तो हिमाचल प्रदेश चिकित्सा अधिकारी संघ ने यह सिलसिला बीती 18 जनवरी से जारी रखा हुआ था, लेकिन अब मंगलवार से मेडिकल कॉलेज में रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने भी काले बिल्ले लगाकर विरोध जताने का तरीका अपना लिया है। प्रदेश के सभी छह मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टर्स भी मंगलवार से काले बिल्ले लगाकर विरोध जताने उतर आए हैं।

संगठन प्रमुख डॉ. राजीव कुमार का कहना है कि प्रिंसिपल ऑफिस के बाहर सभी सदस्यों ने इकट्ठे होकर काले बिल्ले लगाए और अपने-अपने काम के लिए निकल गए। उनका कहना है की आरडीए का मंगलवार से या प्रदर्शन शुरू हो गया है। आगे की रणनीति बाद में तैयार की जाएगी।

उनका कहना है कि मांगे दोनों संगठनों की एक जैसी हैं, लेकिन अब दोनों ही संगठन काले बिल्ले लगाकर विरोध जताते रहेंगे। उनका कहना है कि प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज में आज से यह सिलसिला शुरू हो गया है। उनका कहना है कि मांगें तो एक जैसी ही हैं, लेकिन अब दूसरे संगठन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना होगा, क्योंकि उनकी जायज मांगों पर भी गौर नहीं हो रहा है। इधर संघ ने कहा है कि यदि उनकी मांगों को नहीं माना गया, तो शीघ्र ही नई रणनीति तैयार की जाएगी। संघ ने कहा है कि हिमाचल में अनुबंध पर नियुक्त चिकित्सकों को पूरे भारत वर्ष में सबसे कम वेतन 33,660 दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने संघ को आश्वासन दिया था कि चिकित्सकों की अग्रिम भर्ती में उनकी वेतन के साथ एनपीए को जोड़ा जाएगा, लेकिन धरातल पर उनके वचनों का निरादर हुआ है। हिमाचल प्रदेश चिकित्सा अधिकारी संघ के सभी सदस्य 18 जनवरी से काले बिल्ले लगाकर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। सदस्यों ने छठे दिन भी काले बिल्ले लगाकर अपना विरोध-प्रदर्शन जारी रखा हुआ है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र डोगरा का कहना है कि अन्य विभागों की तुलना में चिकित्सकों की प्रमोशन के बहुत ही कम पद स्वीकृत हैं, उन्हें केंद्र सरकार की तर्ज पर डायनेमिक करियर प्रोग्रेशन स्कीम दी जाए, जो कि अन्य राज्यों में जैसे कि बिहार मध्य प्रदेश में केंद्र सरकार की तर्ज पर लागू की गई है। (अनंत ज्ञान)



आरडीए के सदस्य मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल ऑफिस के बाहर लगाकर विरोध जताते हुए।

### रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन ने काले बिल्ले लगाकर जताया विरोध

# स्टूडेंट्स को सही दिशा देना टीचर्स का कर्तव्य

**आरके चौधरी, रंगस**

स्टूडेंट्स को सही समय पर करियर काउंसलिंग की दिशा मिल जाए, तो वे अपना रास्ता खुद ही चुन लेते हैं। यह बात डीसी हेमराज बैरवा ने जोल सप्पड़ सीनियर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कही।

बैरवा ने कहा कि टीचर्स को उन्हें सही दिशा देना उनका कर्तव्य है, ताकि वे अपना भविष्य संवार सकें। उन्होंने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, वे जिला व ब्लॉक स्तर पर अपना परफॉर्मेंस भी कर रहे हैं, वे मेडल भी जीत रहे हैं, ऐसे बच्चों के लिए स्कूल की तरफ से टीचर्स करियर काउंसलिंग भी करे, जिससे सही समय पर सही दिशा उन्हें मिल सके।

उन्होंने कहा कि जोल सप्पड़ में बनने वाली डिजिटल लाइब्रेरी आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी, जिससे स्टूडेंटस के साथ-साथ आसपास के लोगों को भी सुविधा मिलेगी। इससे पहले स्कूल की प्रिंसिपल राज कौशल ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्यातिथि व डिप्टी डायरेक्टर (हायर) अनिल कौशल ने इलाके के स्वतंत्रता सेनानी व वरिष्ठ नागरिकों सहित अनीश राणा, दीक्षा, सुजल राणा, रजत, पायल, साइना, काजल सहित विभिन्न स्पर्धाओं में अव्वल रहे स्टूडेंट्स को पुरस्कृत भी किया।

इस अवसर पर लोगों सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए दिल खोल कर दान भी दिया। पूर्व प्रधान उद्योराम धीमान ने 2100 रुपए, जान मोहम्मद 1000, स्वतंत्रता सेनानी की पत्नी कैलाशो देवी ने 1100 रुपए, नेहरू युवा क्लब के फाउंडर सदस्य सुभाष धीमान ने 1000, प्राइमरी स्कूल की एसएमसी प्रधान निकिता शर्मा ने 1000 रुपए, एसएमसी सदस्यों ने 2100, अशोक सडियाल ने 1100, सोमा देवी ने 500 रुपए स्कूल को दिए। इस अवसर पर पूर्व उपप्रधान फांदी खान, रंगस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल नरेश ठाकुर, अभिभावक व स्टूडेंटस भी मौजूद थे। स्टूडेंटस ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। (अनंत ज्ञान)


मेधावी स्टूडेंट्स को सम्मानित करते डीसी हेमराज बैरवा।

## दुकानदारों से मिले केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर

हमीरपुर। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को जिला मुख्यालय से बिलासपुर की ओर जाते हुए मट्टनसिद्ध बाईपास पर रुककर स्थानीय लोगों से वार्तालाप की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय दुकानदारों से भेंट करते हुए समस्त देश व प्रदेश वासियों को भगवान श्रीराम जी के अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण व प्राण प्रतिष्ठा पर बधाई भी दी। केंद्रीय मंत्री ने विशेष रूप से हमीरपुर जिला भाजपा मीडिया प्रभारी विकास शर्मा को 'राज किरण फूड हब' खोलने पर बधाई दी। उन्होंने इस मौके पर बतौर कार्यकर्ता उनकी कार्यप्रणाली की खुले दिल से प्रशंसा की। इससे पहले मट्टनसिद्ध बाईपास पर पहुंचने पर स्थानीय लोगों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं दुकानदारों द्वारा केंद्रीय मंत्री का गर्मजोशी के साथ स्वागत भी किया गया।


दुकानदारों से मिलते हुए अनुराग ठाक्कुर।

## 'मेरी झोपड़ी के भाग खुल जाएंगे...'


डीएवी भड़ोली के बच्चे कार्यक्रम के दौरान श्री राम, सीता व लक्ष्मण के रूप में।

**अनंत ज्ञान, नादौन**

डीएवी भड़ोली में स्कूल के प्रिंसीपल सुरजीत कुमार राणा के दिशा-निर्देश में आज स्कूल में एसथेटिक क्लब की तरफ से श्रद्धा व भक्तिभाव से रामलला प्राण प्रतिष्ठा दिवस के उपलक्ष्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल की कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के स्टूडेंट्स ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जीवन से संबंधित विभिन्न मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

प्रिंसीपल ने बच्चों और अध्यापकों को रामलला प्राण प्रतिष्ठा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और बच्चों को बताया कि भगवान राम एक श्रेष्ठ राजा थे। उन्होंने सत्य, दया, करुणा, धर्म और मर्यादा के मार्ग पर चलते हुए राज किया। इन्हीं गुणों की वजह से उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। भगवान राम के जीवन से यह प्रेरणा मिलती है हमें अपने माता-पिता, गुरुजनों की भावनाओं का पूरा सम्मान करना चाहिए। हमें साहस और बुद्धि से प्रत्येक कठिनाई का सामना करना चाहिए। कार्यक्रम की शुरुआत हवन-यज्ञ से की गई। बच्चों के द्वारा राम आएंगे राम आएंगे राम आएंगे, मेरी झोपड़ी के भाग खुल जाएंगे, भजन पर स्कूल का वातावरण भक्तिमय बन गया।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धासुमन किए अर्पित


नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धासुमन अर्पित करते स्टूडेंट्स व टीचर्स।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ राजकीय प्राइमरी स्कूल घिरथेड़ी में मनाई गई। नेताजी की पावन जयंती पर हिमाचल प्रदेश स्वतंत्रता सेनानी कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोत्तम लाल कालिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस जयंती पर अध्यापकों, स्टूडेंट्स व संघ के सदस्यों ने नेताजी की पावन जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर भाषण और पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। बीएड प्रशिक्षुओं ने भी नेताजी के जयंती पर नाटक का मंचन किया। कालिया ने स्टूडेंट्स को नेताजी के पद चिन्हों पर चलने की प्रेरणा दी तथा नशों एवं व्यसनों से दूर रहने का उपदेश दिया। मुख्याध्यापक नरेश शर्मा ने सभी बच्चों से आह्वान किया कि नेताजी द्वारा बताए गए मार्ग एवं आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और देश को विकसित करने में अपना योगदान प्रदान करें। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान, सदस्य एवं अन्य लोग भी शामिल हुए।

**धनेटा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सेरा में नेता जी सुभाष चंद्र बोस जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। प्रधानाचार्य बीएल कौशल व स्टाफ सदस्यों ने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर फूल-मालाएं अर्पित कीं। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य ने बच्चों को सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डाला और उनकी देश के आजादी में निभाई गई भूमिका बारे में बच्चों को अवगत करवाया।

**विडंबना** | गोदामों में पड़ा नमक हो रहा खराब, डिपो संचालक भी सप्लाई लेने से कर रहे मना

# उपभोक्ता नहीं खरीद रहे डिपो से सस्ता नमक

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

जिला में उचित मूल्य की दुकानों से नमक की सप्लाई समय पर नहीं उठाई जा रही है। डिपो संचालक भी नमक की सप्लाई लेने से मना कर रहे हैं। वजह यह है कि डिपुओं में मिलने वाले नमक को उपभोक्ता नहीं खरीद रहे हैं। ऐसे में सिविल सप्लाई के गोदामों में नमक का स्टॉक लगातार बढ़ता जा रहा है। सिविल सप्लाई ने सस्ते राशन की दुकानों को नमक की सप्लाई समय पर उठाने के निर्देश दिए हैं, ताकि गोदामों में नमक की सप्लाई खराब न हो सके।

सस्ते राशन के डिपुओं में प्रदेश सरकार गुणवत्ता युक्त डबल फोर्टिफाइड नमक का एक किलो पैकेट आठ रुपए में उपलब्ध करवा रही है, लेकिन राशनकार्ड धारक डिपुओं से फोर्टिफाइड नमक खरीदने में कोई खास रुचि नहीं दिखा रहे हैं। बताया जा रहा है कि नमक में काले-काले दाने देखकर भी लोग इसे खरीदने से पीछे हट रहे हैं, जबकि विभाग की मानें तो राशनकार्ड धारकों को फोर्टिफाइड नमक सस्ते दामों पर मुहैया करवाया जा रहा है। फिर भी लोग इसे खरीदने से पीछे हट रहे हैं और बाजार से 20 से 28 रुपए किलो में नमक का पैकेट जरूर खरीद रहे हैं। ऐसे में कई डिपो संचालक सस्ते राशन का नमक खरीदने की बजाय टाटा इत्यादि का नमक डिपुओं में राशनकार्ड धारकों को बेच रहे हैं। यही वजह है कि सस्ते राशन के डिपुओं में नमक की सप्लाई समय पर नहीं उठाई जा रही है।

सिविल सप्लाई कारपोरेशन हमीरपुर की मानें तो हमीरपुर व ऊना जिला में पिछले दो माह से नमक की 50 फीसदी बिक्री का लक्ष्य भी पूरा नहीं हो पाया। हमीरपुर जिला में 40 फीसदी और ऊना जिला में 22 फीसदी नमक ही डिपुओं में बिक पाया है। ऐसे में सिविल सप्लाई के गोदामों में नमक का स्टॉक लगातार बढ़ता जा रहा है और डिपो संचालक इसे खरीदने से आना-कानी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि डिपुओं में एक माह का नमक का कोटा चार से पांच माह में जाकर खत्म हो रहा है। ऐसे में निगम के गोदामों में नमक खराब होने की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता। सिविल सप्लाई हमीरपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक ने इस संबंध में हिमाचल प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाइज कारपोरेशन लिमिटेड शिमला के प्रबंध निदेशक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले शिमला के निदेशक और हिमाचल प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाइज कारपोरेशन लिमिटेड धर्मशाला के मंडलीय प्रबंधक को इस बारे समय पर सूचित कर दिया है, ताकि सिविल सप्लाई के गोदामों में नमक का स्टॉक खराब होने से बच सके। (अनंत ज्ञान)



> **वहीं** क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव वर्मा का कहना है सस्ते राशन की दुकानों में उपभोक्ताओं को सरकार द्वारा गुणवत्ता युक्त डबल फोर्टिफाइड नमक सस्ते दामों पर मुहैया करवाया जा रहा है। फिर भी उपभोक्ता इसे नहीं खरीद रहे हैं। सस्ते राशन के डिपुओं में हालत ऐसे हैं कि एक माह नमक का कोटा पांच से छह माह में खत्म हो रहा है। ऐसे में सिविल सप्लाई के गोदामों में नमक का काफी अधिक भंडारण हो गया है। अगर इसे समय पर नहीं उठाया गया, तो नमक का स्टॉक गोदामों में पड़े-पड़े ही खराब हो जाएगा।
> **-संजीव वर्मा, क्षेत्रीय प्रबंधक, स्टेट सिविल सप्लाइज कारपोरेशन लिमिटेड हमीरपुर**

## न्यूज ब्रीफ

### विधायक सुरेश कुमार के कार्य ऐतिहासिक

**भोरंज।** भोरंज पंचायत के पूर्व प्रधान एवं कांग्रेस के महासचिव गरीब दास ने प्रेसवार्ता में कहा कि भोरंज विधायक सुरेश कुमार विधानसभा भोरंज में ऐतिहासिक एवं प्रशंसनीय कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भोरंज दौरे पर जो विधायक ने मांगें रखीं उन्हें मुख्यमंत्री ने तुरंत घोषणा कर भोरंज की जनता को नायाब तोहफा दिया। जिस पर भोरंज की जनता सुरेश कुमार की कार्य प्रणाली से खुश नजर आ रही है तथा विधायक की प्रशंसा कर रही है। हाल ही में ही भोरंज विधायक द्वारा बस्सी चौक पर भगवान श्री रामचंद्र जी की मूर्ति की स्थापना की गई तथा बस्सी चौक का नाम बदलकर श्री रामचंद्र चौक रखा गया। इसके अलावा बस्सी चौक से सम्मू लाल तक पुरानी सड़क जिसका नाम भी श्री रामचंद्र मार्ग रखा गया अपने आप में एक ऐतिहासिक एवं सराहनीय कार्य का उदाहरण है।

### छह तक बंद रहेगी कुढियार चौक-बलौणी चौक सड़क

**हमीरपुर।** कुढियार-मसियाणा सड़क के सुदृढ़ीकरण कार्य के चलते इस सड़क के एक हिस्से पर वाहनों की आवाजाही छह फरवरी तक बंद कर दी गई है। डीसी हेमराज बैरवा ने बताया कि कुढियार-मसियाणा सड़क की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य को सुचारु रूप से जारी रखने के लिए इस मार्ग पर कुढियार चौक से लेकर बलौणी चौक तक यातायात छह फरवरी तक बंद किया गया है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक बलौणी-नारा-गलोट सड़क से आवाजाही कर सकते हैं।

### नारा लेखन प्रतियोगिता करवाई

**हमीरपुर।** जिला कार्यक्रम कार्यालय हमीरपुर के सौजन्य से आईटीआई हमीरपुर में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ सप्ताह के पांचवे दिन नारा लेखन व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने योजना की विस्तृत जानकारी दी और प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रिंसिपल सुभाष शर्मा सहित कई स्टूडेंट्स भी मौजूद थे।

### आज होने वाले प्रस्तावित ड्राइविंग टेस्ट स्थगित

**हमीरपुर।** एसडीएम कार्यालय हमीरपुर के तहत 24 जनवरी को बाईपास पर प्रस्तावित ड्राइविंग टेस्ट प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दिए गए हैं। एसडीएम मनीष कुमार सोनी ने बताया कि ड्राइविंग टेस्ट की नई तिथि जल्द ही निर्धारित कर दी जाएगी।

### जिला स्तर पर मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर 25 जनवरी को जिला, उपमंडल और प्रत्येक बूथ स्तर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डीसी हेमराज बैरवा ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर जिला स्तरीय कार्यक्रम हमीरपुर के बचत भवन में आयोजित किया जाएगा। सुबह 11 बजे आरंभ होने वाले इस समारोह में कई जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे तथा मतदाताओं को लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखने और सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई जाएगी।

### गणतंत्र दिवस में भोरंज के सात पूर्व सैनिक लेंगे भाग

**भोरंज।** विधानसभा क्षेत्र भोरंज के अंतर्गत 26 जनवरी को शिमला राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस में भोरंज के सात पूर्व सैनिक भाग लेंगे। बताते चलें कि 35 पूर्व सैनिक हमीरपुर से शिमला में गए हैं, जिसमें से भोरंज के सात पूर्व सैनिक भाग ले रहे हैं। सेना से रिटायर होने के बाद भी अपने गांव का नाम रोशन कर रहे हैं। यह हमीरपुर एवं भोरंज क्षेत्र के लिए गर्व की बात है, जिसमें भोरंज क्षेत्र से इकबाल सिंह गांव रौंही, हिटलर गांव बजड़ौह, मनजीत सिंह गांव प्लासी, रविंद्र कुमार गांव मुड़खर, अशोक कुमार गांव सुलगवान, सुनील कुमार गांव लग, विजय कुमार गांव भौर भाग लेंगे।

### डीसी ने बिझड़ी स्टेडियम में सुरक्षा व्यवस्था जांची

**बिझड़ी।** सीएम के दौरे को लेकर व्यवस्थाओं का जायजा लेने हेतु डीसी हेमराज बेरवा दल-बल सहित बिझड़ी पहुंचे। काबिले गौर यह है कि बुधवार को सीएम लोगों की जन समस्याएं सुनेंगे। इसी के साथ करोड़ों रुपए के उद्घाटन एवं ऑनलाइन शिलान्यास भी करेंगे।इस अवसर पर एसडीएम बड़सर डॉक्टर रोहित शर्मा, कांग्रेस प्रदेश सचिव कृष्ण कुमार चौधरी, बीडीओ रमेश चंद, एसएचओ प्रदीप राणा, एएसआई प्रताप सिंह कश्यप उपस्थित रहे।

### श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा पर कांग्रेसियों ने बाटे लड्डू

**बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा, चोड़ू, लाहड़, पुतडियाल, रैल, जीहन, आदि क्षेत्र में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान 51 किलो लड्डू क्षेत्र वासियों को बांटे। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता सुरिंद्र ठाकुर सुन्नी, कांग्रेस के पूर्व मंडला अध्यक्ष डॉ. मोहन लाल कौंडल, डीएफए प्रधान प्रदीप सिंह, दीपू परमार, ग्राम पंचायत पुतड़ियाल के उपप्रधान संजीव कुमार, ग्राम पंचायत फस्टे के पूर्व उपप्रधान राजेश ठाकुर पिंका, कॉग्रेस किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह ठाकुर, प्रवीण चौधरी, राजेश कुमार, अंकु परमार, हरवंश सिंह आदि विशेष रूप से शामिल थे। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोगों अयोध्या में बने राम मंदिर की लोगों को बधाई दी।

### आईटीआई हमीरपुर में लगाया वित्तीय साक्षरता शिविर

**हमीरपुर।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की ओर से सहायक प्रबंधक पुनीत शर्मा ने आईटीआई के लगभग 120 के करीब प्रशिक्षकों को बैंकिंग संबंधी जानकारियों के बारे में बताया गया और इसमें प्रशिक्षकों को अटल पेंशन योजना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और जीवन ज्योति बीमा योजना, नेट बैंकिंग आदि जानकारी दी गई। साथ ही डेबिड कार्ड, क्रेडिट कार्ड व उनके पासवर्ड के बारे में भी बताया गया। डिजिटल सुविधाओं का उपयोग करते समय पूरी सावधानी बरतें और ओटीपी भी शेयर न करने के लिए भी सलाह दी। प्रशिक्षकों को अपना काम शुरू करने के लिए 50000 रुपए तक के लोन लेने के भी बताया गया। इस शिविर में बैंक की ओर से सहायक प्रबंधक पुनीत शर्मा व बशीर मोहम्मद आईटीआई के स्टाफ और लगभग 120 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

### बड़ा में रात को जलाए गए 11000 दीपक

**बड़ा।** अयोध्या में हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान कस्बा बड़ा के राम मंदिर में राम भक्तों ने इस आयोजन को धूमधाम से मनाया। कस्बा बड़ा के राम मंदिर में हुए इस आयोजन में क्षेत्र के हर व्यक्ति ने राजनीतिक भावना एवं द्वेष से ऊपर उठकर इस आयोजन को सफल बनाने में अपना भरपूर सहयोग दिया। इस आयोजन को लेकर सुबह से ही कस्बा बड़ा के राम मंदिर लोगों की चहल-पहल शुरू हो गई थी। देर रात तक क्षेत्रवासी भगवान राम का गुणगान करते रहे। रात को राम मंदिर में दीप-यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर में प्रभु राम के स्वागत में क्षेत्रवासियों द्वारा 11000 दीपक जलाए जिसके बाद माहौल पूर्ण रूप से राम मय हो गया था।

### शिव मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू

**टौणी देवी।** भोरंज विधानसभा के बराड़ा गांव में 11 लाख रुपए की लागत से शिव मंदिर का सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू हो गया है। भूतपूर्व सैनिक निगम के पूर्व चेयरमैन मिलाप चंद परमार के सहयोग से मंदिर के विस्तार का कार्य मंत्रोच्चारण और हवन के साथ शुरू किया गया। मंदिर कमेटी के प्रधान मदन परमार ने बताया कि इस पुनीत कार्य के लिए मिलाप चंद परमार ने 11 लाख रुपए प्रदान किए हैं। इस मौके पर मंदिर में भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का कार्य भी किया गया।

### ममंस वायरस की चपेट में जिला हमीरपुर में सात बच्चे

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिला में ममंस वायरस की चपेट में अब तक तकरीबन सात बच्चे आ चुके हैं। उधर स्वास्थ्य विभाग ने इस वायरस की पेट में आने के कारणों की टेस्टिंग शुरू कर दी है। इस वायरस में बच्चों के कान के नीचे गले की ओर एक गिल्टी पैदा हो रही है। कई बच्चों को बुखार भी स्पीड में आने लगा है। हमीरपुर शहर के स्कूलों में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई है और इस दौरान अब तक सात बच्चे वायरस की चपेट में पाए गए हैं।अब लोगों को इस बीमारी के प्रति भी विभाग जागरूक कर रहा है। गाइडलाइन भी जारी की गई है। स्कूल प्रबंधन से कहा गया है कि वे इस तरह की बीमारी की चपेट में यदि कोई बच्चा स्कूल में है, तो वह शीघ्र विभाग को जानकारी दें। ताकि समय पर उसका उपचार हो सके।

### मोदी ने किया देश की जनता का सपना साकार

सुजानपुर। सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता ने जिस तरह से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया, उसके लिए सुजानपुर की जनता बधाई की पात्र है। सुजानपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम राणा, भाजपा नेता कैप्टन रंजीत ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने भगवान राम का मंदिर बनाकर जनता को समर्पित कर दिया है।

### बस्सी बाजार में लगाया भंडारा

**भोरंज।** भोरंज उपमंडल के बस्सी बाजार में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर भंडारे का अयोजन किया गया। यह भंडारा पशुपति क्लब भोरंज की तरफ से करवाया गया। क्लब के अध्यक्ष पंकज ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया की हम सबके लिए यह दिन बहुत खुशी का है। हम सबको भगवान राम के बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। बस्सी बाजार में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अमित, शम्मी, लक्की, गोपी, नेगी, पम्मू, विक्की, पीएस, अंकू, निखिल,राहुल, युग्म ,अमन, अमन, शिबू, मीतू, चिंकी, शुभम, अब्बू इत्यादि मौजूद थे।

# प्रदेश में निशानदेही व पटिशन के लिए चलाया जाएगा विशेष अभियान : धर्माणी

## युवाओं को स्वरोजगार प्रदान करने के लिए 680 करोड़ की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना आरंभ की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

प्रदेश में विशेष इंतकाल अदालतों की भांति निशानदेही और पटिशन के लिए भी विशेष अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी प्रदेश सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कोट और हटवाड पंचायत में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कहा।

उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार युवाओं को बेहतर स्वरोजगार प्रदान करने के लिए 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना आरंभ की गई है। योजना के पहले चरण में ई-टैक्सी की खरीद पर 50 प्रतिशत उपदान दिया जा रहा है। प्रदेश में 7,000 विधवा और एकल नारियों को घर बनाने के लिए डेढ़-डेढ़ लाख रुपए दिए जाएंगे। दो लाख से कम वार्षिक आय वाली



हटवाड पंचायत में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम को संबोधित करते राजेश धर्माणी।

महिलाओं के लिए जल्द ही मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास प्रदेश में योजना शुरू होने जा रही है।

उन्होंने कोर्ट पंचायत में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में बिजली की समस्या से निपटने के लिए 33 केवी का सब स्टेशन स्थापित किया जा रहा है, जिसे कोट पंचायत के आसपास के अन्य पंचायत को इसका सीधा लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त इस क्षेत्र में सभी मुख्य सड़कों और छोटी संपर्क सड़कों को दुरुस्त करने के लिए विभाग को आदेश जारी किए गए हैं जल्द इस क्षेत्र में प्रमुख सड़कों को मेटल किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बल्ली की ओर जाने वाली सड़क को भी पक्का किया जाएगा।

- कोर्ट में बिजली की समस्या से निपटने के लिए 33 केवी का सब स्टेशन स्थापित किया जाएगा
- हिमाचल प्रदेश में 7,000 विधवा और एकल नारियों को घर बनाने के लिए डेढ़-डेढ़ लाख रुपए दिए जाएंगे

### भगवान राम आस्था का विषय न की राजनीति का

उन्होंने हटवाड़ पंचायत में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम आस्था का विषय है न की राजनीति का, उन्होंने कहा कि विपक्षी दल चुनाव के आसपास भगवान राम को राजनीति का विषय बना देते हैं। राम की सच्ची आराधना, उनके आदर्श, मर्यादा और धर्म आचरण को अपने और समाज के जीवन में उतारना होगा। इस अवसर पर उद्यान विभाग के अभिषेक शर्मा, कृषि विभाग के बृजेश उद्योग विभाग की पूनम वीडियो दफ्तर की पूनम ने संबंधित विभाग के योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर एसडीएम गौरव चौधरी, प्रधान सोमा देवी, उपप्रधान पवन गौतम, प्रधान कांग्रेस कमेटी अमरचंद, प्रधान राजेंद्र, कैप्टन करतार, कैप्टन पवन उपस्थित रहे।

# अधिकारी अपनी शक्तियों का कर रहे दुरुपयोग

**घुमारवीं।** श्रम कल्याण बोर्ड बिलासपुर में कार्यरत अधिकारियों के खिलाफ इंटक ने मोर्चा खोल दिया है। आरोप लगाया कि अधिकारी अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर रहे हैं।

आखिर किसके निर्देशों के अनुसार मजदूर संगठनों को तंग किया जा रहा है। यह बात बिलासपुर में जारी बयान में यूनियन के जिला प्रधान रूप सिंह ठाकुर, महासचिव रमेश कुमार और झंडूता ब्लॉक के प्रधान चैन सिंह सुमन ने कही। 14 दिसंबर, 2023 को हिमाचल बिल्डिंग-कंस्ट्रक्शन एंड मनरेगा मजदूर यूनियन की प्रतिनिधि चंचल कुमारी सैकड़ों कामगारों की नवीनीकरण की पहचान पुस्तिकाएं, जो कि पंचायत सचिव की ओर से सत्यापित की थी, कामगारों के मृत्यु मुआवजा क्लेम, कामगारों के बच्चों की शादियों के क्लेम और कामगारों के पेंशन के कलेम लेकर श्रम कल्याण अधिकारी के कार्यालय में लेकर गई थी। उन्होंने यूनियन के प्रतिनिधि से डाक लेने से इंकार कर दिया कि कामगार स्वयं कार्यालय में आएं।

# प्रो .राम कृष्ण ने किया अमर पाल की पुस्तक का विमोचन


प्रो. राम कृष्ण अमर पाल की पुस्तक का विमोचन करते हुए।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं की एचईआईएस में बीसीए/पीजीडीसीए विभाग में कार्यरत प्रो. अमर पाल सिंह की पुस्तक का विमोचन मंगलवार को घुमारवीं कॉलेज में प्राचार्य प्रो.राम कृष्ण की ओर से किया गया।

इस अवसर पर एचईआईएस के सचिव डॉ. सुरेश शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित थे। पुस्तक का शीर्षक 'डेटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम' है। प्रो. अमर पाल ने निबंध पुस्तक को बनाने और अंतिम छोर तक पहुंचने का श्रेय अपने मार्गदर्शक डॉ. योगेश मोहन और अपने सह लेखक विनीत राणा को दिया। पुस्तक के कार्य को सफल बनाने के लिए अपने स्टाफ और कॉलेज प्रशासन को धन्यवाद दिया व वित्तीय और मानसिक सहायता के लिए अपने परिवार का धन्यवाद किया। प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण तथा डॉ. सुरेश शर्मा ने कहा ने विश्वास जताया कि यह पुस्तक बीसीए तथा पीजीडीसीए के विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगी।

# बल्हसीणा में चिट्टे के साथ युवक व युवती पकड़े

**शाहतलाई।** पुलिस थाना शाहतलाई की टीम ने गश्त के दौरान 83 मिलीग्राम चिट्टे के साथ युवक और युवती को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।



पुलिस की टीम बल्हसीणा क्षेत्र में गश्त कर रही थी। सड़क किनारे खड़ी कार में एक युवक और युवती सवार थे। शक होने पर पुलिस ने दोनों से पूछताछ की। कार की तलाशी लेने पर 83 मिलीग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपी युवक की पहचान अजय कुमार उर्फ विक्की (28) निवासी गांव रोहल तहसील झंडूता के रूप में हुई है। आरोपी युवती मंडी जिले की निवासी है। मामले की पुष्टि डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल ने की है।

- 83 मिलीग्राम चिट्टा बरामद

# लोकतांत्रिक मर्यादाओं का हनन कर रही सरकार

## रणधीर ने सरकार पर विपक्षी दल के विधायकों के हलकों के साथ भेदभाव करने का लगाया आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया विभाग के प्रभारी एवं नयनादेवी के विधायक रणधीर शर्मा ने राज्य की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार पर विपक्षी दल के विधायकों के हलकों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है।

उनका कहना है कि सरकार लोकतांत्रिक मर्यादाओं का हनन कर रही है और चुने हुए जनप्रतिनिधियों को दरकिनार कर सरकारी कार्यक्रमों से दूर रख रही है, जिसकी पार्टी कड़ी निंदा करती है। सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम पूर्व भाजपा सरकार के जनमंच कार्यक्रम की नकल है। मंगलवार को बिलासपुर परिधि गृह में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में रणधीर शर्मा ने कहा कि सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में अनेक कमियां हैं और यह कार्यक्रम मात्र जनसभा बनकर रह गए हैं। पिछली सरकार के समय जनप्रतिनिधियों को बाकायदा बुलाया जाता है और उनकी सुनी भी जाती थी, लेकिन यह सरकार


बिलासपुर परिधि गृह में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस करते रणधीर शर्मा व अन्य।

भाजपा संबंधित विधायकों को कार्यक्रमों में नहीं बुलाया जा रहा। नयनादेवी में 21 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम में उन्हें न तो सूचना दी गई और न ही आमंत्रित किया गया।

विपक्षी दल के विधायकों की आवाज को दबाने का प्रयास हो रहा है। ऊपर से मंत्री की ओर से आईटीआई भवन बेसमेंट का उद्घाटन करवा दिया गया। इससे जनता में हास्य का पात्र बन रहे हैं। अधूरे कार्यों का उद्घाटन करवाया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में जिले के सभी विभागीय अधिकारियों को उपस्थिति दर्ज करवाई जा रही है, जिसके चलते दफ्तर खाली रहने से विकास के काम प्रभावित हो रहे हैं। इससे साफ पता चलता है कि लोकसभा चुनाव के चलते सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम करवाए जा रहे हैं। विकास कार्यों को करवाना तो दूर पिछली सरकार के समय शुरू हुए कार्यों को भी आगे नहीं बढ़ाया जा रहा। रणधीर शर्मा ने आरोप लगाया कि सरकार विपक्षी विधायकों के हलकों के साथ अन्याय कर रही है।

### इन दिनों किसानों की खेतीबाड़ी को सिंचाई की आवश्यकता

इन दिनों किसानों की खेतीबाड़ी को सिंचाई की सर्वाधिक आवश्यकता है, लेकिन एक भी कनिष्ठ अभियंता न होने की वजह से उन्हें परेशानी झेलनी पड़ रही है। सब डिवीजन में चार पद सिंचाई, तो एक जेई का पद पेयजल के लिए सृजित हैं मगर विडंबना यह है कि बार-बार आग्रह करने के बाद भी सरकार की ओर से इस दिशा में जरा भी गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। सृजित छह पदों में डॉक्टरों के पांच पद खाली पड़े हैं, जिससे जनता को ईलाज करवाने के लिए दूसरे अस्पतालों का रूख करने को विवश होना पड़ रहा है।

# जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह आगामी 26 जनवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) बिलासपुर के मैदान में धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने बिलासपुर में दी।

उन्होंने समस्त अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित सौंपी गई जिम्मेदारी को पूर्ण रूप से निभाने के निर्देश दिए, ताकि इस समारोह को सफल बनाया जा सके। उन्होंने समस्त जिला अधिकारियों को समारोह में अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की उपस्थिति को सुनिश्चित बनाने के भी आदेश दिए, ताकि समारोह को बेहतर ढंग से आयोजित किया जा सके। उपायुक्त ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह में पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, नेवल विंग तथा विभिन्न स्कूलों के बच्चों की ओर से भव्य मार्चपास्ट प्रस्तुत की जाएगी, जिसके लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की देख-रेख में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) बिलासपुर के ग्राउंड में मार्चपास्ट टुकड़ियों का पूर्वाभ्यास करवाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यह भी सुनिश्चित करेंगे कि परेड में भाग लेने वाली सभी टुकड़ियां सुसज्जित तथा अनुशासित हों। समारोह में स्थानीय कॉलेज, विभिन्न स्कूलों के बच्चों तथा अन्य संस्थाओं की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए इसमें देश भक्ति तथा राष्ट्रीय एकता पर आधारित समूह नृत्य तथा समूह गान का समावेश किया जाएगा, जिसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त निधी पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) में मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

# देश राज और हरदयाल सिंह बने संयोजक

**श्री नयना देवी जी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल श्री नयनादेवी जी ने अप्पर व लोअर मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है, जिसमें देश राज को संयोजक, जबकि किशोरी लाल को सह संयोजक नियुक्त किया गया है।

इसके अलावा राकेश, योगी गौतम, प्रदीप, दिनेश, विक्की, हंसराज, प्रदीप, वीरेंद्र ठाकुर, जतिन शर्मा व यशीष गौतम को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया है। इसके अतिरिक्त लोअर मंडल से हरदयाल सिंह ठाकुर को संयोजक तथा गंगू राम शर्मा को सह संयोजक बनाया गया है। इसके अलावा पंकज गौतम, सोहन लाल, भूपेंद्र सिंह, राजेंद्र कुमार, भूपेंद्र शर्मा, दिनेश ठाकुर, रामपाल संधू, नरेंद्र कुमार व शौर्य पाठक को सदस्य चुना गया है।

- लोअर मंडल से गंगू राम को सह संयोजक बनाया

# 26 को मिनर्वा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के 66 अचीवर्स को करेंगे सम्मानित

**घुमारवीं।** मिनर्वा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स घुमारवीं के 66 अचीवर्स को सम्मानित किया जाएगा, जिनमें दो सिविल जज, चार प्रशासनिक अधिकारी, एक वैज्ञानिक, एक आर्मी में कैप्टन के अलावा भावी 11 इंजीनियर तथा 47 डॉक्टर शामिल हैं।

होनहार अचीवर्स को सम्मानित करने के लिए मिनर्वा ग्रुप 26 को बलोह (घुमारवीं) में अचीवर्स अभिनंदन समारोह का आयोजन करेगा, जिसमें मिनर्वा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स से निकले अचीवर्स का सम्मान किया जाएगा। समारोह में प्रदेश सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर इन अचीवर्स को नवाजेंगे। जानकारी देते हुए मिनर्वा ग्रुप इंस्टीट्यूट्स के संस्थापक प्रवेश चंदेल व राकेश चंदेल ने बताया कि ग्रुप 26 को अचीवर्स डे मना रहा है, जिसमें इस इंस्टीट्यूट्स से पढ़ाई करके निकले अपना लक्ष्य हासिल करने वाले 66 अचीवर्स को सम्मानित किया जाएगा। स्कूल के नए कैंपस बलोह में 26 को अचीवर्स अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा। यह समारोह दोपहर बाद 12:15 बजे शुरू होगा, जिसमें 12:15 बजे अचीवर्स का तथा दोपहर दो बजे मुख्यातिथि का स्वागत किया जाएगा। 2:30 बजे मुख्यातिथि मिनर्वा ग्रुप के निकले होनहार अचीवर्स को प्राइज देकर सम्मानित करेंगे।

## जिला खो-खो संघ बिलासपुर ने करवाया सम्मान समारोह

# राष्ट्रीय युवा खेलो इंडिया के लिए अमरजीत ठाकुर बतौर तकनीकी अधिकारी चयनित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

तमिलनाडु के मदुरई शहर में आगामी 26 से 31 जनवरी तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय युवा खेलो इंडिया खेल प्रतियोगिता के लिए बतौर तकनीकी अधिकारी चयनित अमरजीत ठाकुर के सम्मान में जिला खो-खो संघ बिलासपुर की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस दौरान जिला खो-खो संघ की तरफ से उन्हें शॉल वह टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष पवन ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि यह न केवल बिलासपुर जिले के लिए, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है कि हमारे जिले के जुखाला क्षेत्र से संबंध रखने वाले अमरजीत ठाकुर राष्ट्रीय युवा खेलों में तकनीकी अधिकारी के रूप में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनका चयन प्रदेश में खो-खो खेल व खिलाडियों में नई ऊर्जा तथा



जिला खो-खो संघ की तरफ से अमरजी को शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित करते हुए।

प्रेरणा का संचार करेगा। वह स्वयं खो-खो के अपने समय के बेहतरीन खिलाड़ी रह चुके हैं तथा हमेशा से प्रदेश में खो-खो खेल के उत्थान हेतु प्रयासरत रहे हैं।

अमरजीत वर्तमान में प्रदेश खो-खो संघ की तकनीकी कमेटी के अध्यक्ष व बिलासपुर जिला खो-खो संघ के महासचिव पद का दायित्व भी निभा रहे हैं। जिला खो-खो संघ बिलासपुर अध्यक्ष पवन ठाकुर, उपाध्यक्ष चुन्नी लाल ठाकुर, अश्वनी ठाकुर, सतपाल ठाकुर, कोषाध्यक्ष विक्रम ठाकुर, मुकेश ठाकुर, नवीन नड्डा आदि पदाधिकारियों ने इसके लिए राष्ट्रीय खो-खो संघ महासचिव के त्यागी, प्रदेश खो-खो संघ चेयरमैन राकेश ठाकुर, प्रदेशाध्यक्ष अभिषेक ठाकुर, उपाध्यक्ष एल आर वर्मा, महासचिव देवदत तंवर, सचिव लक्ष्मी दत्त का भी आभार व्यक्त किया है।

# निबंध लेखन वर्ग में माहिका प्रथम और अंशुमन रहे द्वितीय



अखिल हिमालयन व्यास उत्सव मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या में मुख्यातिथि सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

अखिल हिमालयन व्यास उत्सव मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या में डॉक्टर श्वेता पठानिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उनके साथ वार्ड नंबर दो की पार्षद संतोष जोशी ने बतौर विशेष अतिथि शिरकत की। मेले के अध्यक्ष कमलेंद्र कश्यप, चमन गुप्ता, कृष्णकांत, राज कुमार व अन्य ने मुख्यातिथि व विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। रात्रि कार्यक्रम में कविता, श्लोक, धार्मिक गायन व धार्मिक नृत्य विभिन्न आयु वर्ग में प्रतियोगिता करवाई गई। मुख्यातिथि ने दिन में हुई प्रतियोगिता के विजेता को भी पुरस्कार दिए। निबंध लेखन वर्ग में माहिका प्रथम, अंशुमन द्वितीय, वर्ग ख में अविका प्रथम, सौरवी द्वितीय, चित्रकला वर्ग क में वंश प्रथम, रियांश द्वितीय, वर्ग ख में सौम्य प्रथम, तेजस द्वितीय। धीरे साईकल क वर्ग में अंश प्रथम, अनिका द्वितीय, ख वर्ग में माधव प्रथम, आयुष द्वितीय दौड़ वर्ग क में वर्शिका प्रथम श्रीयशन द्वितीय, ख वर्ग में सईमा प्रथम, अनीश द्वितीय रहे। समिति के अध्यक्ष कमलेंद्र कश्यप ने डॉक्टर श्वेता पठानिया को शॉल, टोपी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कमलेंद्र कश्यप, चमन गुप्ता, कृष्णकांत, राज कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

# रिलेशनशिप ऑफिसर के 176 पदों के लिए इंटरव्यू 25 जनवरी को

**बिलासपुर।** जिला रोजगार अधिकारी बिलासपुर राजेश मैहता ने जानकारी देते हुए बताया कि रक्षिका वेलफेयर मार्ट बिलासपुर की ओर से रिलेशनशिप ऑफिसर के 176 पदों के लिए 25 को रक्षिका वेलफेयर मार्ट के कार्यालय, शॉप नं. 214-बी, नजदीक चेतना चौक, मेन मार्केट बिलासपुर, बिलासपुर हि.प्र. में 10: 30 बजे से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास और मासिक मानदेय 18000 रुपए होगा तथा पीएफ एवं ईएसआई भी दिया जाएगा।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 18 से 40 आयु वर्ग के इच्छुक पुरुष व महिला उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित 25 जनवरी बिलासपुर पहुंच कर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार एंप्लॉयमेंट एक्सचेंज के पोर्टल eemis.hp.nic.in पर पंजीकरण करके ऑनलाइन आवेदन करें। अधिक जानकारी के लिए रक्षिका वेलफेयर मार्ट बिलासपुर के कार्यालय में 8091169278 पर संपर्क कर सकते हैं।

- शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास और मासिक मानदेय 18000 होगा

## आयोजन | घुमारवीं स्कूल में अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर बच्चों ने मनाया उत्सव

# 'मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे' पर दी प्रस्तुति

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

मंगलवार को हिम सर्वोदय सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं में अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर एक उत्सव मनाया।

इस कार्यक्रम में स्कूल के प्रबंध निदेशक निलम महाजन मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रही। कार्यक्रम की शुरुआत दीपज्योति प्रज्वलित के साथ की गई। बच्चे राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान के वेशभूषा में सज धज कर आए थे। बच्चों की जुगलबंदी ने भक्ति मय प्रस्तुतियां देकर माहौल को आनंदित बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में स्कूली छात्राओं की ओर से हनुमान चालीसा का सुंदर गुणगान किया। इसके बाद द्वितीय कक्षा के बच्चों


रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते हुए।

की ओर से 'मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे, राम आएंगे' भजन पर नृत्य पेश कर सभी का मन मोह लिया। इसके अलावा किंडर गार्डन के बच्चों ने भगवान राम के भजनों पर सुंदर नृत्य पेश किया, जिसे कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने खूब सराहा।

पूरा पंडाल जय श्री राम के नारों से गूंज रहा था। इस मौके पर स्कूल प्रबंध निदेशक ने सभी को भगवान राम के चरित्र एवं आचरण को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प दिलाया और अयोध्या में बन रहे भगवान श्री राम के मंदिर को राष्ट्र मंदिर की संज्ञा देते हुए कहा कि राम हम सब के जीवन में प्रतिक्षण विद्यमान हैं।

हम सभी को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के द्वारा बताए गए आदर्श का जीवन में पालन करना चाहिए ।

# चित्रकला प्रतियोगिता में घुमारवीं स्कूल की प्रज्ञा शर्मा रही प्रथम

**घुमारवीं।** केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत इस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसका उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पर चर्चा संवाद के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करना है। विद्यालय की प्रधानाचार्य रिंकू कुमारी ने बताया कि प्रधानमंत्री के बहु प्रतीक्षित संवाद परीक्षा पर चर्चा के अंतर्गत काफी दिनों से इस प्रतियोगिता की तैयारी की जा रही थी।



मंगलवार को इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 17 स्कूलों के कुल 100 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बच्चों को भारत के माननीय प्रधानमंत्री के एग्जाम वारियर में दिए गए मंत्र,चंद्रयान, स्पोर्टिंग सक्सेस ऑफ इंडिया, विकासशील भारत, नेताजी सुभाष चंद्र बोस व आदित्य एल-एक सहित पांच विषय दिए गए थे। प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर घुमारवीं की प्रज्ञा शर्मा प्रथम, जवाहर नवोदय विद्यालय कोठीपुरा का सात्विक उपाध्याय द्वितीय स्थान पर रहे।

# बच्चे अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें व अपना नाम चमकाएं

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

कलोल स्कूल में वार्षिक समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। समारोह में प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव विवेक कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस दौरान उन्होंने स्कूल के होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया। वहीं, स्कूल प्रशासन के आग्रह पर स्कूल में बैडमिंटन कोर्ट, स्कूल मैदान को लेकर घोषणा की। इसके अलावा अपनी ऐच्छिक निधि से 5100 रुपए भी प्रदान किए। इस मौके पर विवेक ने कहा कि स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर रहे नौनिहालों को शिक्षकों की ओर से बेहतर शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए। सरकार की ओर से शिक्षा के ढांचे को सुदृढ़ करने के बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों



कलोल स्कूल में वार्षिक समारोह के आयोजन पर स्टूडेंट्स को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

को बेहतर शिक्षा मिल सके। इसके अलावा अन्य योजनाएं भी प्रदेश सरकार की ओर से चलाई गई हैं। उन्होंने बच्चों से भी आग्रह किया कि बच्चे अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें और शिक्षा के क्षेत्र में अपना नाम चमकाएं। इससे पहले यहां पहुंचने पर मुख्यातिथि का स्कूल प्रशासन की ओर से स्वागत किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य रामस्वरूप सहित अन्य स्कूल स्टाफ सदस्यों ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी।

कार्यक्रम में पूर्व प्रधान कमल, सेवानिवृत्त एसडीओ विशनदास, हरनाम सिंह, यशपाल कौशल, राजकुमार कौशल एसएमसी प्रधान, कपिल शर्मा अध्यक्ष युवा कांग्रेस, बहादुर सिंह, विनय कौशल सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

# संतोषगढ़ में 'मैं भी ए खरालगढ़ जाना माया मेरिए' पर झूमे लोग

## दो दिवसीय ऐतिहासिक श्रीगुरु रविदास मंदिर में 18वां जोड़ मेला संपन्न ◗ अमृता विरक के भजनों पर नाचे श्रद्धालु ◗ कीर्तन जत्था सतनात सिंह हुसैनपुर वालों ने भी बांधा समां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, संतोषगढ़**

**स्थानीय** ऐतिहासिक श्रीगुरु रविदास मंदिर में 18वां दो दिवसीय सालाना 21-22 जनवरी जोड़ मेला एवं घल्लू घारा दिवस सोमवार रात्रि सर्व कल्याण मंगलकामना के साथ संपन्न हुआ। देर शाम कीर्तनी जत्था सतनाम सिंह हुसैनपुर वाले व प्रसिद्ध गायक अमृता विरक ने खूब समा बांधा।

अंतिम दिन की समाप्ति से पूर्व खेल एवं आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा बतौर मुख्यातिथि पहुंचे। उनके साथ पूर्व विधायक एवं हिमाचल प्रदेश राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष सतपाल रायजादा भी विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने मंदिर में सुशोभित गुरु रविदास महाराज की मूर्ति के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। गुरु रविदास जोड़ मेला कमेटी के चेयरमैन बलवंत सिंह, गुरु रविदास कमेटी संतोषगढ़ के प्रधान अधिवक्ता कुलविंद्र बैंस तथा जोड़ मेला के संस्थापक गढ़शंकर के पूर्व विधायक क्रांतिकारी शिंगारा राम सहूंगड़ा के परिवार में से पत्नी सुमन कुमारी, बेटे कुंवर जगवीर सिंह सिद्धू व बेटी परी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

मंत्री ने कमेटी की मांग पर स्थानीय अंबेडकर भवन निर्माण को पूरा करने के लिए 10 लाख की राशि देने की घोषणा की।

इससे पूर्व बलवंत सिंह ने सभी मांगे उनके समक्ष पढ़ी और हिमाचल में एससी कमीशन के चेयरमैन के पद को जिला ऊना में रवि बस्सी को देने की मांग भी की। मंत्री ने अन्य मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखने के बाद पूरा करने हामी भरी। सतपाल राजयादा ने भी स्थानीय प्रदर्शनियों में सहयोग करने के वाले युवाओं को 11 हजार रुपए की राशि देने की घोषणा की। दूसरी ओर से स्वामी फिलिंग स्टेशन की ओर से सुरेश कुमार ने भी पांच हजार रुपए की राशि युवा श्रद्धालुओं को भेंट की। मंदिर कमेटी ने मंत्री यादवेंद्र गोमा सहित सतपाल रायजादा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जोड़ मेला एवं मंदिर कमेटी की ओर से आए हुए मेहमानों को सिरोपा देकर सम्मानित किया।


अपनी प्रस्तुति देतीं प्रसिद्ध गायिका अमृता विरक।




जोड़ मेले में शबदों व धार्मिक गानों का आनंद लेते लोग।

### 'लगियां दी तोड़ निभाई मालिका...' शबद ने मोहा लोगों का मन

**मंच** पर कथा कीर्तन जत्था सतनात सिंह हुसैनपुर वालों ने लगियां दी तोड़ निभाई मालिका, जिने जपया गुरु दा नाम जी ओ जन तर गए जैसे गुरवाणी के शबद गायन कर संगत को मंत्रमुग्ध किया। जबकि पंजाब की प्रसिद्ध गायिका अमृता विरक ने मैं भी ए खरालगढ़ जाना माया मेरिए, दिल्ल मनुखता दे जोड़े, गड्डी जन्म दियाड़े ते बेगमपुरा शहर नू चल्ली जैसी प्रस्तुतियां देकर संगत को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### इन्होंने भी भरी गुरु महाराज के चरणों में हाजिरी

**स्वामी** फिलिंग स्टेशन समूर कलां की ओर से सुरेश कुमार, युवा नेता अभिनव, गुरु रविदास धार्मिक सभा संतोषगढ़ के वरिष्ठ उपप्रधान पवन कुमार, उपप्रधान बचन चंद पटेल, सचिव मनोहर लाल, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार बस्सन, सुरजीत सिंह, नगर परिषद चेयरमैन निर्मला देवी, पार्षद मंजू सैनी, शहरी कांग्रेस इकाई प्रधान मुकेश पुरी, राममूर्ति सैनी, पार्षद अधिवक्ता संदीप पहेश, बलराम महें, टेक चंद, कृष्ण चंद, कमल किशोर संधू, पूर्व प्रधान मदन लाल सहगल, पूर्व प्रधान बलवीर सिंह बबलू, तरसेम लाल बस्सन, राज महे, प्रेम चंद बस्सन, सुरिंदर बस्सी, सुलिंद्र चोपड़ा, जिला कांग्रेस एससी सेल जिलाध्यक्ष रवि बस्सी, विक्की बस्सन, हरजीत सिंह, राहुल, महादेव, रामदेव, नरेश सिंघा, महेश सहजल, नवीन महे, मूल राज आदि सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## ऊना में दूसरे रोज भी रामभक्तों का उत्सव जारी

**ऊना** जिले के विभिन्न स्थानों में प्रभु श्रीराम जी की अयोध्या मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पश्चात आसन पर विराजमान होने के बाद राम भक्त काफी उत्साहित हैं। उत्सव का सिलसिला नहीं थमा है और जगह-जगह धार्मिक आयोजन चल रहे हैं। मंगलवार को ऊना शहर में भगवान परशुराम युवा वाहिनी की ओर से भंडारे का आयोजन किया। इसमें लोकल विधायक श भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सत्ती समेत कई लोग शामिल थे। जिले भर के मंदिरों में आज भी विशेष पूजा कार्यक्रम हुए। इससे पहले देर रात तक राम भक्त दीपोत्सव के बाद आतिशबाजी करते रहे। पूरे जिले में कोई ऐसा गांव नहीं बचा था जहां उत्सव न मनाया गया।

### युवाओं ने पॉकेट मनी से श्रीराम के नाम पर लगाया लंगर, बड़े-बुजुर्ग भी हो उठे प्रफुल्लित

**गगरेट।** अयोध्या में श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से जहां पूरा देश राम के रंग में रंग गया तो वहां युवा कहां पीछे रहने वाले थे। विकास खंड गगरेट के अंबोटा गांव में मंगलवार को युवाओं ने लंगर लगाकर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को यादगार बनाने का प्रयास किया। खास बात यह थी कि इसके लिए युवाओं ने कहीं भी चंदा एकत्रित नहीं किया बल्कि युवाओं ने अपनी पाकेट मनी से ही इस लंगर को लगा डाला। युवाओं के इस प्रयास को देखकर बड़े बुजुर्ग भी प्रफुल्लित नजर आए।


अंबोटा गांव में श्रीराम की अयोध्या में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में लंगर लगाते युवा।



ऊना में श्रीराम की अयोध्या में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में लंगर लगाते हुए भगवान परशुराम युवा वाहिनी के सदस्य।


ऊना महाविद्यालय के समीप श्रीराम की अयोध्या में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में लंगर लगाते राम भक्त।

### सलूरी के जंगल में वन काटू सक्रिय, ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री सेवा संकल्प पर की शिकायत

**गगरेट।** वन काटुओं की हिमाकत पर संबंधित विभागों की शिथिलता देखिए, उपमंडल अंब के धुसाड़ा गांव के सलूरी जंगल में वन काटू निजी व सरकारी भूमि से बहुमूल्य खैर के पेड़ों को काटकर सफाचट कर गए। वन काटुओं पर कोई ठोस कार्रवाई न होने का परिणाम यह रहा कि वन काटु अभी भी बहुमूल्य खैर के पेड़ों का सफाया करने में लगे हैं और संबंधित महकमे की रहस्यमय चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। अब कुछ ग्रामीणों ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री सेवा संकल्प पर भी की है। उधर वन परिक्षेत्र अधिकारी अविनाश भगत का कहना है कि करीब एक साल पहले सलूरी में खैर के पेड़ कटे थे। जिसकी प्राथमिकी पुलिस थाना अंब में दर्ज करवाई गई थी जबकि उन्होंने एक कमेटी का भी गठन किया था। नए पेड़ अगर कटे हैं तो इस पर कार्रवाई होगी।

### केंद्रीय विद्यालय सलोह में मनाया गया पराक्रम दिवस

**हरोली।** मंगलवार को केंद्रीय विद्यालय सलोह में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती के उपलक्ष में पराक्रम दिवस का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि आरके सैनी लेफ्टिनेंट कर्नल (सेना मेडल) थे। विद्यालय के द्वारा इस अवसर पर 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम के अंतर्गत एवं पराक्रम दिवस के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें ऊना के 10 विद्यालयों के कुल 128 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। विविध विद्यालयों से पधारे हुए प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं पांच स्टूडेंट्स को चयनित किया गया।

### रयात बाहरा यूनिवर्सिटी में प्रिंसिपल मीट का आयोजन

**ऊना।** शिक्षा नीति (एनईपी) उपायुक्त राघव शर्मा ने कहा कि शिक्षक प्रणाली की बेहतरी में सामूहिक समाज की भागीदारी सही है। यह भागीदारी इस महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करेगी कि शिक्षा के अन्दर कैसे रहना और काम करना है। रयात बाहरा यूनिवर्सिटी की ओर से यहां एक होटल में आयोजित की गई प्रिंसीपल मीट को संबोधित करते हुए आईएएस,राघव शर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में गतिशील तब्दीलियों की कमी पर दुख जताते हुए कहा कि हमारी शिक्षा प्रणाली में आई कमी का एक मुख्य कारण शायद भरोसे की कमी है।

## न्यूज ब्रीफ

### हटली क्लब ने निकाली श्रीराम की झांकी


बंगाणा के श्रीराम नाटक क्लब हटली द्वारा निकाली श्रीराम की झांकी।

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के श्रीराम नाटक क्लब हटली में श्री अयोध्या में प्रभु श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा पर भव्य कार्यक्रम किया गया। इसमें पहले कलामंच हटली में हवन यज्ञ किया गया। उसके बाद अक्षत कलश का कलामंच हटली भव्य स्वागत किया गया। बाद में गायक केशवानंद शर्मा म्यूजिक ग्रुप द्वारा भजन कीर्तन दरबार सजा। उसके बाद प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण, सीता माता व वीर हनुमान और गुरु वशिष्ठ की सुंदर झाकी निकाली गई। इसमें जनता को भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। मंच संचालक आदित्य शर्मा आदि ने बताया कि क्लब के सदस्यों व जनता के आशीर्वाद से कार्यक्रम सफल हुआ। इस मौके पर निदेशक विपन साजन, प्रधान सुरेंद्र हटली, सुरेश शर्मा, कमलदेव शास्त्री, विवेक सोनू, केशवानंद शर्मा, साहिल राणा, सुरेंद्र राणा, कुलदीप शर्मा, अजमेर सिंह, संजय सोनी, विवेकशील शर्मा, सुशील रिंकू आदि ने अपनी सेवाएं दीं।

### प्राण प्रतिष्ठा पर जलाए 11 हजार दीपक


झांकी के दौरान अपनी-अपनी हाजिरी लगाते रामभक्त।

**बंगाणा।** कुटलैहड़ भाजपा मंडल द्वारा कामधेनु गोशाला थानाखास से जमासनी माता मंदिर तक श्री अयोध्या में प्रभु प्राण प्रतिष्ठा पर श्रीराम परिवार की सुंदर झांकी निकाली गई। सैकड़ों गाड़ियों के काफिले से जगह-जगह झांकी का स्वागत किया गया। वहीं माता जमासनी मंदिर पहुंचने पर श्रीराम भक्तों ने प्रभु श्रीराम जी परिवार सहित आए अपने अराध्य भगवान का भव्य स्वागत किया गया और आरती उतारी गई। बाद में 11 हजार दीपक जलाए गए। जमासनी मंदिर परिसर में श्रीमद्भागवत कथा भी चल रही है। आचार्य सुनील वशिष्ठ भक्तों को कथा का रसपान करवा रहे हैं। जैसे ही झांकी जमासनी मंदीर प्रवेश हुई। वैसे ही कथा व्यास आचार्य सुनील वशिष्ठ ने माहौल को श्रीराम मय बना दिया। श्रीराम आए हैं, जरा देर ठहरो, राम तमन्ना यही है, आदि भजनों से भगवान श्रीराम का स्वागत किया। भक्तों को खूब नचाया। इस मौके पर पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, मीना कंवर, जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा, राम सिंह आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### स्टूडेंट्स को दी नशे की जानकारी


रावमापा ककराणा में नशामुक्त ऊना अभियान के दौरान स्टूडेंट्स व स्टाफ।

**बंगाणा।** रावमापा ककराणा में नशामुक्त ऊना अभियान के द्वारा स्कूल इंटरवेशन के माध्यम से बच्चों को मानसिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए स्कूल इंचार्ज ने बताया कि स्टूडेंट्स को नशे से दूरी बनाने के लिए अलग-अलग तरह से एक्टिविटी करवाई जा रही है। आज नशामुक्त ऊना अभियान की टीम के द्वारा स्टूडेंट्स को जोखिम और जोखिम में से बचने के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई व स्टूडेंट्स के साथ बातचीत करते हुए नशे के जोखिम में से कैसे बचा जा सकता है। वार्तालाप किया और जाना की स्टूडेंट्स को अपने भविष्य के बारे में पर्याप्त जानकारी मिल रही है। इस मौके पर नशामुक्त ऊना अभियान की टीम की तरफ से बंगाणा ब्लॉक के समन्वयक सतपाल रणावत, अध्यापक, कर्मचारी और स्थानीय बुद्धिजीवी मौजूद रहे।

### भाजयुमो का 25 को नव मतदाता सम्मेलन


भाजयुमो अध्यक्ष संदीप शर्मा

**अंब।** जिला भाजयुमो अध्यक्ष संदीप शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा चिंतपूर्णी द्वारा 25 तारीख दिन वीरवार को नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जो मतदाता अभी मतदाता सूची में शामिल नहीं हुए हैं, उन्हें मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा, साथ ही उन्हें बताया जाएगा कि ईवीएम मशीन में किस तरह से मतदान किया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर वंदे मातरम से किया जाएगा। कार्यक्रम में देश भक्ति वा स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। नव मतदाताओं को कार्यक्रम के दौरान 11.15 बजे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करेंगे। सम्मेलन में भाजपा जिला अध्यक्ष बलबीर चौधरी, मंडल अध्यक्ष चिंतपूर्णी रविंद्र द्विवेदी, जिला महामंत्री शाम मिन्हास, जिला युवा अध्यक्ष संदीप शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### श्रीदेवी कथामृत का आयोजन 24 से

**अंब।** अंब में पांच दिवसीय श्रीदेवी कथामृत का आयोजन 24 से 28 जनवरी रामलीला ग्राउंड अंब में किया जा रहा है। इसका समय सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक का है। इस कथा की तैयारियां चल रही हैं। इस अवसर पर पहुंचे हुए स्वामी सज्जनानंद जी ने बताया कि श्रीदेवी कथा के वाचन हेतु श्रीगुरु आशुतोष महाराज जी की परम शिष्या सांध्वी सुश्री त्रिपदा भारती जी अपनी संत मंडली के साथ राम लीला ग्राउंड अंब में पधार रही हैं। जिनकी ओजस्वी वाणी से हम संगीतमयी कथा का रसपान करेंगे। इस कथा में शहर की समस्त धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं व शहरवासियों के सहयोग से तैयारियां चल रही हैं। अंब व आसपास के गांवों में सेवादार कथा का संदेश दिया जा चुका है। स्वामी जी बताया कि रोजाना कथा के उपरांत संगत के लिए लंगर का वितरण भी किया जाएगा।

### रायपुर सहोड़ां में सरकार गांव के द्वार 25 को

**ऊना।** उपायुक्त राघव शर्मा ने बताया कि 25 जनवरी को ऊना के रायपुर सहोड़ां में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आयोजित होगा तथा ग्रामसभा की विशेष बैठक भी आयोजित होगी, जिसकी अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री करेंगे। 27 जनवरी को गगरेट विस क्षेत्र के लोअर भंजाल व 28 जनवरी को चिंतपूर्णी विस क्षेत्र के लडोली (पंजोआ) में कार्यक्रम के तहत ग्रामसभा की विशेष बैठकें आयोजित होंगी, जिसकी अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री करेंगे। इसके अतिरिक्त 30 जनवरी को कुटलैहड़ के बसाल में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामसभा की विशेष बैठक आयोजित होगी, जिसकी अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री करेंगे।

### कृषि मंत्री करेंगे गणतंत्र दिवस की अध्यक्षता

**ऊना।** जिला स्तरीय गणतंत्रत दिवस समारोह रावमापा (बाल) ऊना में बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता कृषि मंत्री चंद्र कुमार करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि कृषि मंत्री 26 जनवरी को समारोह में शामिल होने से पूर्व सुबह 10.45 पर शहीद स्मारक पहुंचकर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे, उसके बाद समारोह स्थल पर 11.02 पर ध्वजारोहण करेंगे तथा परेड का निरीक्षण करने के उपरांत 11.10 बजे मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। उन्होंने बताया कि कृषि मंत्री 11.30 से 11.45 बजे गणतंत्र दिवस समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि 11.45 से 12.30 बजे के मध्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे तथा 12.30 से 1.15 बजे पारितोषिक वितरित किए जाएंगे।

### ग्रामीणों ने जानी प्रदेश सरकार की नई योजनाएं

**बंगाणा।** सूचना एवं जन संपर्क विभाग के सौजन्य से चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के तहत आज पूर्वी कलामंच के कलाकारों ने धुंधला व डोहगी पंचायत में गीत संगीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मंनोरजन के साथ-साथ लोगों को राज्य सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान किए गए विभिन्न विकासात्मक कार्यों, कल्याणकारी योजनाओं व नीतियों बारे विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर धुंधला पंचायत की प्रधान सुषमा कुमारी, उपप्रधान रमन कुमार, वार्ड सदस्य, नीलम देवी, योगराज व केसरी देवी और डोहगी के प्रधान कमलेश देवी, उपप्रधान राजेश कुमार, वार्ड सदस्य सुषमा देवी, जगदीश चंद व सुनीता देवी सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

### ब्लॉक स्तरीय समिति की बैठक आयोजित

**ऊना।** मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत ब्लॉक स्तरीय समिति की बैठक मंगलवार को एसडीएम विश्व मोहन देव चौहान की अध्यक्षता में कल्याण भवन में आयोजित की गई। इस अवसर पर बीडीओ केएल वर्मा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमलदीप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुमार, सीडीपीओ कुलदीप दयाल, तहसील कल्याण अधिकारी जतिंद्र कुमार, आईटीआई प्रधानाचार्य बीएस ढिल्लों सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत बैठक आयोजित

**ऊना।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की जिला स्तरीय बैठक मंगलवार को स्थानीय डीआरडीए कार्यालय भवन के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद की अध्यक्ष नीलम कुमारी ने की। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित विभिन्न घटकों की कार्य प्रगति बारे क्रमबार चर्चा की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर, परियोजना अधिकारी डीआरडीए शेफाली शर्मा, विभिन्न विकास खंडों के खंड विकास अधिकारियों के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे।

**आयोजन** | कुटलैहड़ के एमएलए देवेंद्र भुट्टो ने कुरियाला और टक्का स्कूल में सजा वार्षिक समारोह की शिरकत

# गुरुओं के बताए मार्ग पर चलकर ही मिलती है सफलता

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

**भारत** में इतिहास रहा है कि जो शिष्य गुरुओं के बताए सद् मार्ग पर चलता है, वह ही सफलता की मंजिल को प्राप्त करता है, इसलिए स्टूडेंट्स अपने गुरुओं के बताए सद् मार्ग पर चलकर अपनी सफलता की मंजिल को पाएं।

नशे जैसे दलदल में जाने की बजाए पढ़ाई के साथ खेलों में युवा वर्ग रुचि बढ़ाएं। ये शब्द विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने रावमापा टक्का व निजी स्कूल कुरियाला में वार्षिक समारोह में शिरकत करके संबोधन में कहे।

विधायक ने कहा कि पहले युवा भारतीय सेना में भर्ती होने के लिए सैनिक अकादमियों में प्रशिक्षण लेते थे, लेकिन अब चार वर्ष भारतीय सेना में सेवाएं देने के बाद अग्निबीर बनकर घर लौटने पर युवाओं का जज्बा खत्म कर दिया है। (अनंत ज्ञान)


कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो का स्वागत करते स्टूडेंट्स और स्कूल का स्टाप।

### स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से मोहा मन

**स्कूल** पहुंचने पर मुख्यातिथि विधायक भुट्टो का भव्य स्वागत किया गया। मार्च पास्ट की सलामी लेने के बाद मंच से समानित किया गया। स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से सभी का मनमोह लिया। मुख्याध्याक ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और उनकी मांगों पर स्कूल के लिए स्वीकृति दी। वहीं टक्का सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 21 हजार तीन रास्तों के लिए दस लाख खेल मैदान के लिए पांच लाख कमरे की घोषणा व अन्य मांगों को पूरा करने व कुर्याला स्कूल के लिए 11 हजार देने की घोषणा की। इस मौके पर सभी विभगों के अधिकारी, कर्मचारी, स्कूल स्टाफ और सैकड़ों लोग मौजूद रहे।


**SANSKAR ADARSH VIDYALAYA**
VILL. BHALETI, BANGANA, DISTT. UNA (H.P.)
Mob.: 99964-86898, Email: savbangana2018@gmail.com

**REQUIREMENT OF TEACHERS (On Contractual Basis)**

1. Local Selection Board Interview for following Vacancies will be held at SAV Bhaleti.

| S. N. | Faculty Name | Teacher Required | Minimum Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | TGT (Arts) | One | 1. B.A. (B.Ed.)/B.Com (B.Ed.) with 50% Marks |
| 2. | TGT (Sc.) | Two | 1. B.Sc. Medical with B.Ed. & 2. B.Sc. Non Medical with B.Ed. with 50% Marks |
| 3. | Oriental Teacher/Shastri | One | 1 Shastri **Or** 2. M.A. Sanskrit with B.Ed. |
| 4. | Language Teacher | One | 1. L.T. **Or** 2. B.A. with Hindi (50% Marks in Hindi) **Or** 3 B.A. with Parbhakar (50% Marks in Parbhakar) 4. M.A. Hindi |
| 5. | Physical Education Teacher (PTI) | One | 1. 10+2 & Diploma in Physical Education/Bachelor Degree in Physical Education with 50% Marks |
| 6. | Lab Attendant | One | 1. Matric |

**2.** Education Qualification: As per NCTE/NCERT. **3.** TET/CTET Qualified. **4.** Please apply with **resume upto 30th Jan., 2024** offline/ online (Whatsapp or email). **5.** Only shortlisted candidates will be called for interview telephonically.

**Headmaster**

जब हम बोलते हैं तो वही दोहराते हैं जो हमें पहले से मालूम है... पर जब हम सुनते हैं तो हम कुछ नया सीख सकते हैं। -अज्ञात

## जिंदगी जीनी हो भरपूर तो नशे से रहें दूर

**हिमाचल** में नशे का जाल दिन-ब-दिन बढ़ता ही जा रहा है। हालांकि पुलिस ने नशा माफिया पर शिकंजा कस दिया है, लेकिन माफिया फिर भी बच निकलता है। प्रदेश में एनडीपीएस के केस 42 फीसदी तक बढ़ गए हैं। पिछले साल पुलिस ने एनडीपीएस से संबंधित अपराधों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की और 2147 मामले दर्ज किए, जबकि उससे पिछले साल 1517 केस दर्ज किए गए थे। प्रदेश भर में शिमला पुलिस ने एनडीपीएस के सबसे अधिक मामले दर्ज किए हैं। पुलिस ने एनडीपीएस के विभिन्न मामलों में शामिल आरोपियों की संपत्तियां अटैच करने के लिए वित्त मंत्रालय को प्रस्ताव भेजे हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी तो रही है, साथ ही नशे के कारोबार से बनाई संपत्ति भी कुर्क होगी। इसके लिए पुलिस ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। हिमाचल पुलिस अब नशीले पदार्थों की तस्करी के खतरे से निपटने के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रही है। पुलिस विभाग पड़ोसी राज्यों से नशीले पदार्थों के खतरे को खत्म करने के लिए कड़े कदम उठा रही है। नशे की तस्करी में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी में भी 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। नशे ने इस कदर जड़ें बिछा दी हैं कि प्रदेश की जेलों में कैदियों को रखने की जगह नहीं बची है।

पहले तो लोग सिर्फ चरस और भांग का ही सेवन करते थे, लेकिन अब लोग चिट्टे के भी आदी हो रहे हैं। सफेद दिखने वाला पाउडर, जिसके एक ग्राम की कीमत करीब 6000 रुपए बताई जाती है। चिट्टे का नशा सोने से भी महंगा है। मनोचिकित्सकों की मानें तो, किसी भी नशे के सेवन के नुकसान अलग-अलग तरह के होते हैं, लेकिन चिट्टा का एक ऐसा नशा है, जिसका एक या दो बार सेवन करने के बाद, कोई भी इसका आदी हो जाता है और इसे छुड़ाने के लिए कई बार मरीज को भर्ती भी करना पड़ता है। चिट्टे का नशा एक तरह का सिंथेटिक ड्रग्स है। हेरोइन के साथ कुछ केमिकल्स मिलाकर यह ड्रग्स तैयार किया जाता है। नशे के सौदागर युवाओं और बच्चों को अपने जाल में आसानी से फंसा लेते हैं। नशे के बढ़ते चलन के पीछे प्रदेश में आम लोगों के जीवन स्तर में बड़ा सुधार और अच्छा पैसा होना भी बड़ी वजह है। माता-पिता ज्यादा प्यार कर बच्चों की हर अच्छी-बुरी आदत को नजरअंदाज कर देते हैं, जो बाद में उन पर भारी पड़ जाती है। देवभूमि हिमाचल को भांग, अफीम, चरस और चिट्टे ने बदनाम कर दिया है। चिट्टे का नशा युवाओं की जिंदगी को मौत के दोराहे पर ले जा रहा है।

चिट्टे का नशा पिछले कुछ समय में तेजी से बढ़ा है। हिमाचल प्रदेश में इस जानलेवा नशे की एंट्री पड़ोसी राज्य पंजाब से हुई थी। ड्रग माफिया के नेक्सस को तोड़ने के लिए हिमाचल पुलिस ने पंजाब पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त ऑपरेशन के तहत कई ठिकानों पर रेड की तो इनके नेटवर्क को तोड़ने में बड़ी कामयाबी मिली। पुलिस स्कूलों, ढाबों और सार्वजनिक जगहों पर गश्त बढ़ा कर निगरानी कर रही है, ताकि नशा तस्कर बच्चों और युवाओं को अपना शिकार न बना सकें। पुलिस तो पूरी तरह से सक्रिय है, लेकिन लोगों खासकर अभिभावकों को भी सचेत होना होगा, साथ ही जागरूकता अभियान चलाकर नशा माफिया की कमर तोड़ने होगी। आइए, हम सब नशे के लिए खिलाफ मिलकर लड़ाई लड़ें और यह सबक दें कि जिंदगी जीनी हो भरपूर तो नशे से रहें दूर। **-डॉ. दिलीप धाकड़**

# सच्चे जननायक, आज भी करोड़ों दिलों में

**हमारे** जीवन पर कई लोगों के व्यक्तित्व का प्रभाव रहता है, जिन लोगों से हम मिलते हैं, हम जिनके संपर्क में रहते हैं। उनकी बातों का प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है, लेकिन कुछ ऐसे व्यक्ति भी होते हैं, जिनके बारे में सुनकर ही आप उनसे प्रभावित हो जाते हैं। मेरे लिए ऐसे ही रहे हैं जननायक कर्पूरी ठाकुर।

आज कर्पूरी बाबू की 100वीं जन्म जयंती है। मुझे कर्पूरी जी से कभी मिलने का अवसर तो नहीं मिला, लेकिन उनके साथ बेहद करीब से काम करने वाले कैलाशपति मिश्र से मैंने उनके बारे में बहुत कुछ सुना है। सामाजिक न्याय के लिए कर्पूरी बाबू ने जो प्रयास किए, उससे करोड़ों लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आया। उनका संबंध नाई समाज, यानी समाज के अति पिछड़े वर्ग से था। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए उन्होंने कई उपलब्धियों को हासिल किया और जीवनभर समाज के उत्थान के लिए काम करते रहे।

जननायक कर्पूरी ठाकुर का पूरा जीवन सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। वे अपनी अंतिम सांस तक सरल जीवनशैली और विनम्र स्वभाव के चलते आम लोगों से गहराई से जुड़े रहे। उनसे जुड़े ऐसे कई किस्से हैं, जो उनकी सादगी की मिसाल हैं। उनके साथ काम करने वाले लोग याद करते हैं कि कैसे वे

### कर्पूरी ठाकुर की जयंती आज

इस बात पर जोर देते थे कि उनके किसी भी व्यक्तिगत कार्य में सरकार का एक पैसा भी इस्तेमाल न हो। ऐसा ही एक वाकया बिहार में उनके सीएम रहने के दौरान हुआ। तब राज्य के नेताओं के लिए एक कॉलोनी बनाने का निर्णय हुआ था, लेकिन उन्होंने अपने लिए कोई जमीन नहीं ली। जब भी उनसे पूछा जाता कि आप जमीन क्यों नहीं ले रहे हैं, तो वे बस विनम्रता से हाथ जोड़ लेते। 1988 में जब उनका निधन हुआ तो कई नेता श्रद्धांजलि देने उनके गांव गए। कर्पूरी जी के घर की हालत देखकर उनकी आंखों में आंसू आ गए कि इतने ऊंचे पद पर रहे व्यक्ति का घर इतना साधारण कैसे हो सकता है!

कर्पूरी बाबू की सादगी का एक और लोकप्रिय किस्सा 1977 का है, जब वह बिहार के सीएम बने थे। तब केंद्र और बिहार में जनता सरकार सत्ता में थी। उस समय जनता पार्टी के नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण यानी जेपी के जन्मदिन के लिए कई नेता पटना में इकट्ठा हुए। उसमें शामिल मुख्यमंत्री कर्पूरी बाबू का कुर्ता फटा हुआ था। ऐसे में चंद्रशेखर ने अपने अनूठे अंदाज में लोगों से कुछ पैसे दान करने की अपील की, ताकि कर्पूरी जी नया कुर्ता खरीद सकें, लेकिन कर्पूरी जी तो कर्पूरी जी थे।



नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री, भारत

> समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए जननायक कर्पूरी ठाकुर ने एक ठोस कार्ययोजना बनाई थी। यह सही तरीके से आगे बढ़े, इसके लिए पूरा एक तंत्र तैयार किया था। यह उनके सबसे प्रमुख योगदानों में से एक है। उन्हें उम्मीद थी कि एक न एक दिन इन वर्गों को भी वो प्रतिनिधित्व और अवसर जरूर दिए जाएंगे, जिनके वे हकदार थे।

उन्होंने इसमें भी एक मिसाल कायम कर दी। उन्होंने पैसा तो स्वीकार कर लिया, लेकिन उसे मुख्यमंत्री राहत कोष में दान कर दिया। सामाजिक न्याय तो जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के मन में रचा-बसा था। उनके राजनीतिक जीवन को एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रयासों के लिए जाना जाता है, जहां सभी लोगों तक संसाधनों का समान रूप से वितरण हो और सामाजिक हैसियत की परवाह किए बिना उन्हें अवसरों का लाभ मिले। उनके प्रयासों का उद्देश्य भारतीय समाज में पैठ बना चुकी कई असमानताओं को दूर करना भी था।

अपने आदर्शों के लिए कर्पूरी ठाकुर की प्रतिबद्धता ऐसी थी कि उस कालखंड में भी जब सब ओर कांग्रेस का राज था, उन्होंने कांग्रेस विरोधी लाइन पर चलने का फैसला किया। क्योंकि उन्हें काफी पहले ही इस बात का अंदाजा हो गया था कि कांग्रेस अपने बुनियादी सिद्धांतों से भटक गई है। कर्पूरी ठाकुर की चुनावी यात्रा 1950 के दशक के प्रारंभिक वर्षों में शुरू हुई और यहीं से वे राज्य के सदन में एक ताकतवर नेता के रूप में उभरे। वे श्रमिक वर्ग, मजदूर, छोटे किसानों और युवाओं के संघर्ष की सशक्त आवाज बने। शिक्षा एक ऐसा विषय था, जो कर्पूरी जी के हृदय के सबसे करीब था। उन्होंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में गरीबों को शिक्षा मुहैया कराने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। वह स्थानीय भाषाओं में शिक्षा देने के बहुत बड़े पैरोकार थे, ताकि गांवों और छोटे शहरों के लोग भी अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और सफलता की सीढ़ियां चढ़ें। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने बुजुर्ग नागरिकों के कल्याण के लिए भी कई अहम कदम उठाए। डेमोक्रेसी, डिबेट और डिस्कशन तो कर्पूरी जी के व्यक्तित्व का अभिन्न हिस्सा था। लोकतंत्र के लिए उनका समर्पण भाव, भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ही दिख गया था, जिसमें उन्होंने अपने-आप को झोंक दिया। उन्होंने देश पर जबरन थोपे गए आपातकाल का भी पुरजोर विरोध किया था। जेपी, डॉ. लोहिया और चरण सिंह जैसी विभूतियां भी उनसे काफी प्रभावित हुई थीं।

समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए जननायक कर्पूरी ठाकुर ने एक ठोस कार्ययोजना बनाई थी। यह सही तरीके से आगे बढ़े, इसके लिए पूरा एक तंत्र तैयार किया था। यह उनके सबसे प्रमुख योगदानों में से एक है। उन्हें उम्मीद थी कि एक न एक दिन इन वर्गों को भी वो प्रतिनिधित्व और अवसर जरूर दिए जाएंगे, जिनके वे हकदार थे। हालांकि उनके इस कदम का काफी विरोध हुआ, लेकिन वे किसी भी दबाव के आगे झुके नहीं। उनके नेतृत्व में ऐसी नीतियों को लागू किया गया, जिनसे एक ऐसे समावेशी समाज की मजबूत नींव पड़ी, जहां किसी के जन्म से उसके भाग्य का निर्धारण नहीं होता हो। वे समाज के सबसे पिछड़े वर्ग से थे, लेकिन काम उन्होंने सभी वर्गों के लिए किया। उनमें किसी के प्रति रत्तीभर भी कड़वाहट नहीं थी और यही तो उन्हें महानता की श्रेणी में ले आता है। हमारी सरकार निरंतर जननायक कर्पूरी ठाकुर जी से प्रेरणा लेते हुए काम कर रही है। यह हमारी नीतियों और योजनाओं में भी दिखाई देता है, जिससे देशभर में सकारात्मक बदलाव आया है।

हम आज सैचुरेशन के लिए प्रयास कर रहे हैं, ताकि प्रत्येक योजना का लाभ, शत-प्रतिशत लाभार्थियों को मिले। इस दिशा में हमारे प्रयास सामाजिक न्याय के प्रति सरकार के संकल्प को दिखाते हैं। पिछड़े वर्ग से ताल्लुक रखने वाले एक व्यक्ति के रूप में मुझे जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिला है। मेरे जैसे अनेक लोगों के जीवन में कर्पूरी बाबू का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान रहा है। इसके लिए मैं उनका सदैव आभारी रहूंगा। दुर्भाग्यवश, हमने कर्पूरी ठाकुर जी को 64 वर्ष की आयु में ही खो दिया। हमने उन्हें तब खोया, जब देश को उनकी सबसे अधिक जरूरत थी। आज भले ही वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन जन-कल्याण के अपने कार्यों की वजह से करोड़ों देशवासियों के दिल और दिमाग में जीवित हैं। वे एक सच्चे जननायक थे।

नजरिया

## यह क्रांति तो बस, अब घटित होनी ही चाहिए

**किन्ही** महान व्यक्तित्व ने कहा है, 'जो भी परिवर्तन हम अपने देश-समाज में चाहते हैं, वही परिवर्तन सबसे पहले हमारे अपने ही मन, मस्तक और कार्य-व्यवहार में होना अनिवार्य है।'

ऐ काश! यह कोई गल्प, कथा, कहानी या कोई कोरी कल्पना-परिकल्पना ही न रह जाए! बस, अपुन की चिरकाल से हार्दिक इच्छा और अभिलाषा रही है। एक बहुत ही प्रेरक, उल्लेखनीय व प्रशंसनीय उदाहरण मेरे ज्ञान में आया। यह देश के किसी महानगर या नगर की भी घटना नहीं है, बल्कि हमारे राष्ट्र के एक बहुत छोटे से कस्बे की घटना या कहिए किस्सा है। एक



-मुमुक्षु के ठाकुर
ओबड़ी, चंबा

'महापुरुष' ने उसके बेटे की शादी-समारोह के निमंत्रण भेजे। उसने सबको यह भी बताया कि वह इस शादी में 85 लाख रुपए खर्च रहा है, जबकि वास्तव में आठ-दस लाख रुपए में ही सब बढ़िया हो सकता था, लेकिन उसके दुर्भाग्य या समाज के सौभाग्य से उसके लगभग सभी मित्रों, रिश्तेदारों, प्रियजनों ने उसके बेटे के विवाह-महोत्सव में जाने से साफ इनकार कर दिया। उसको यह संदेश भेज दिया गया कि देख भई, समाजसेवा तो दूर, तूने किसी जरूरतमंद की सहायता के लिए कभी 85 रुपए भी खर्च नहीं किए। अब तू चाहे अपने बेटे की शादी में 85 लाख रुपए खर्च कर या 85 करोड़, हम तेरी दो हजार रुपए वाले भोजन से भरी हुई थाली खाने कभी न आएंगे। इस तरह उस महामूर्ख आदमी को अपनी जिंदगी भर की बहुत ही बड़ी कमाई उन लोगों के लिए बर्बाद करनी पड़ी। भयावह खर्चीली शादी के मोहपाश में फंसे सभी दुष्टों को ऐसा ही सबक सिखाया जाना चाहिए। हमारे भारत की 'हरित-क्रांति', 'श्वेत-क्रांति' यहां तक कि 'विज्ञान व प्रोद्योगिक क्रांति' से भी ज्यादा जरूरी इस प्रकार की 'समाज-सुधार क्रांति' है।

सिर्फ शादी-ब्याह की ही बात नहीं है, समाज और देश की बर्बादी रोकने के लिए कहीं भी, किसी भी प्रकार की धन व संसाधनों की बर्बादी पर शीघ्र और पूर्ण रोक लगना बहुत आवश्यक हो गया है।

## अंदाज-ए-बयां
### राममयी हुआ देश

***देखो*** *राममयी हुआ प्यारा देश हमारा,*
*गूंजा घर-घर लला का नारा।*
*कण-कण में बसे प्रभु मेरे राम*
*क्यों न हों फिर इसके गुणगान।*
*देखो राममयी...*
*अयोध्या नगरी चमक उठी है*
*गली हाट बाजार दीप जले हैं*
*खुशियों का नहीं रहा ठिकाना*
*रामलला मंदिर में सजे हैं प्राण प्रतिष्ठा में पंडित लगे हैं*
*देखो राममयी...*
*वर्षों बाद सरयू नदी किनारे सुंदर मंदिर निर्माण हुआ है*
*सपना अधूरा पूरा हुआ है*
*हर जन खुशी में झूम उठा है*
*प्रभु राम का आगमन हुआ है*
*देखो राममयी...सफर राम राज्य का शुरू हुआ है*
*दुष्ट रावण (भ्रष्टाचारियों) का नाश हुआ है*
*देश खुशाल निहाल हुआ है*
*हर जन एक समान हुआ है*
*दंगे फसाद का अंत हुआ है*
*मर्यादा पुरुषोत्तम आम हुआ है, देखो राममयी हुआ देश हमारा*



-डॉ. कमल के प्यासा
माया गार्डन, जीरकपुर।

## भगवान राम के चरित्र का अनुसरण करते हुए हमें संयमित आचरण वाला व्यवहार करना चाहिए

**आज** करोड़ों भारतवासियों के मुख पर असंख्य ऐसे प्रभु श्री राम के भजन मुखरित हो रहे हैं। कितने ही नए भजनों की गूंज आज भारतवर्ष में सुनाई दे रही है। हर घर भजन-कीर्तन और राम नाम के शब्दघोष से गूंज रहा है। हो भी क्यों नहीं क्योंकि भगवान श्री रामलला जी की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को अयोध्यापुरी में पूरी भव्यता के साथ हुई है। यह दिन इतिहास के पन्नों पर अंकित हो गया, जिसका सभी देशवासी बड़ी बेसब्री और भारी उत्सुकता के साथ इंतजार कर रहे थे।

प्राचीन इतिहास की अगर हम बात करें तो वर्ष 1528 ईस्वी में राम मंदिर गिराकर बाबरी मस्जिद का निर्माण हुआ। इस मस्जिद का निर्माण मुगल शासक बाबर ने करवाया था। वर्ष 1853 में पहली बार अयोध्या में विवादित स्थल पर सांप्रदायिक दंगा हुआ। अयोध्या विवाद लगभग 1858 में शुरू हुआ था। पहला मामला 1885 में दर्ज किया गया था। 1990 में विश्व हिंदू परिषद द्वारा उस स्थान पर शिलान्यास किए जाने के बाद विवाद उग्र रूप में शुरू हो गया था। राम मंदिर अयोध्या से जुड़ी घटनाएं और मामले को सुलझाने का संघर्ष एक राजनीतिक एजेंडा बन गया। 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने विवादित स्थान को राम मंदिर



लेखिका : वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर

के लिए आवंटित करके इस मामले पर पूर्ण विराम लगा दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने पांच अगस्त 2020 को अयोध्या में रामलला मंदिर का शिलान्यास किया। पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार 'राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा' समारोह 22 जनवरी, 2024 को आयोजित होना तय हुआ। इससे राम मंदिर के द्वार लोगों के लिए भी खुल जाएंगे।

राम जन्मभूमि के पवित्र स्थल पर निर्मित इस मंदिर का अत्यधिक सांस्कृतिक, धार्मिक एवं राजनीतिक महत्व है। इस मंदिर के निर्माण की यात्रा राष्ट्र के जटिल सामाजिक, राजनीतिक परिदृश्य को दर्शाती है। अयोध्या में राम मंदिर को आवंटित भूमि 2.7 एकड़ है जिससे राम मंदिर निर्मित क्षेत्रफल 57400 वर्ग फुट है। मंदिर 360 फीट लंबा, 235 फीट चौड़ा और 161 फुट ऊंचा है। मंदिर की स्थापना नागर शैली में हुई है जो जटिल शिल्प कौशल को प्रस्तुत करता है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण केवल एक धार्मिक उपक्रम नहीं है, अपितु सदियों से चल रहे विवाद के समापन का प्रतीक है, जो राष्ट्रीय गौरव और एकजुटता की भावना को बढ़ावा देता है।

हमारी संस्कृति और सदाचार की जब भी बात होती है तो श्री राम का नाम सर्वप्रथम लिया जाता है। बड़े बुजुर्ग आज भी कहते हैं- 'बेटा हो तो राम जैसा, राजा हो तो राम जैसा और चरित्र हो तो श्री राम के जैसा'। इंसान का अपने जीवन में किन-किन गुणों को अपनाना चाहिए, यह श्री राम जी के चरित्र के माध्यम से बताया गया है। व्यक्ति अपने गुणों और कर्मों से ही पहचान बनाता है।

भगवान श्री राम का यह चरित्र हमें अपने माता-पिता की हमारे जीवन में अमूल्य भूमिका से परिचित कराता है। वनवास के दौरान उन्हें अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने कभी भी अपना धैर्य नहीं खोया। इसी तरह हमें भी अपने जीवन में कहीं कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, ऐसे में भगवान श्री राम के चरित्र का अनुसरण करते हुए हमें शांत एवं संयमित आचरण वाला व्यवहार करना चाहिए।

# बालिकाओं को बचाना हमारा नैतिक कर्तव्य

**बेशक** प्रत्येक वर्ष 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया जाता है, मगर ऐसे आयोजन केवल मात्र औपचारिकता भर रह गए हैं। केवल एक दिन बालिकाओं की सुरक्षा के दावे किए जाते हैं, संकल्प लिए जाते हैं, के बाद 364 दिनों तक मासूम कलियों को रौंदा जाता है। समूचे देश में बालिका दिवस पर भाषण प्रतियोगिताएं करवाई जाती हैं, सेमीनार लगाए जाते हैं, कवि सम्मेलन आयोजित किए जाते हैं, मगर सुधार शून्य ही रहता है। अगर सही मायनों में बालिकाओं को सुरक्षित बनाना है तो समाज के हर वर्ग को इसमें सहयोग देना होगा, तभी ऐसे आयोजन सफल हो सकते हैं, अन्यथा सुधार संभव नहीं हो सकता।

आज बालिकाओं की स्थिति बहुत ही दयनीय होती जा रही है। आज भले ही मानव 21वीं सदी में पहुंच चुका है, मगर उसकी सोच में कोई बदलाव नहीं आया है। इतिहास गवाह है कि देश में लड़कियों ने शिक्षा, राजनीति से लेकर हर क्षेत्र में सफलता की इबारतें लिखी हैं। समाज में बालिकाओं पर अत्याचार हो रहे हैं, उनसे दुष्कर्म किए जा रहे हैं, मासूम कलियों की हत्याएं की जा रही हैं। कन्या भ्रूण हत्याएं हो रही है, लिंग अनुपात घटता जा रहा है। मंदिरों, झाड़ियों में नवजात शिशु फेंके जा रहे हैं, जिनमें अधिकांश लड़कियां होती हैं। समाज किस ओर जा रहा है, वह यह क्यों नहीं सोचता कि जिसने उसे जन्म दिया, वह भी



नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, जोगिंद्रनगर

> आज बालिकाओं की स्थिति बहुत ही दयनीय होती जा रही है। आज भले ही मानव 21वीं सदी में पहुंच चुका है, मगर उसकी सोच में कोई बदलाव नहीं आया है। इतिहास गवाह है कि देश में लड़कियों ने शिक्षा, राजनीति से लेकर हर क्षेत्र में सफलता की इबारतें लिखी हैं। कन्या भ्रूण हत्याएं हो रही है, लिंग अनुपात घटता जा रहा है।

एक लड़की ही थी। कन्या भ्रूण हत्या के लिए समाज जिम्मेदार है।

आज लड़कियां हर क्षेत्र में अपना नाम चमका रही हैं, हर शिखर पर परचम लहरा रही हैं। आज धरती से लेकर आकाश तक बेटियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा कर समाज को बता दिया कि हम किसी से कम नहीं हैं। आज बेटियां एवरेस्ट पर्वत पर पहुंच रही हैं, हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही है। वंश परंपरा की खातिर कोख में ही कत्ल किए जा रहे हैं। आज सरकार द्वारा 'बेटी है अनमोल' जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियान चलाए जा रहे हैं, मगर कुछ तथाकथित दकियानूसी सोच रखने वाले लोगों के कारण ऐसे कार्यक्रमों पर बट्टा लग रहा है, जो लड़के की चाहत में ऐसे घिनौने कार्य कर रहे हैं, ऐसे लोगों को कसाई कहना चाहिए जो जान-बूझकर ऐसे रुह कंपा देने वाले कार्यों को बेखौफ होकर अंजाम दे रहे हैं।

समाज को ऐसे लोगों को बहिष्कृत करना चाहिए जो लड़कियों के जन्म पर मातम मनाते हैं। समाज के लोग गैर जिम्मेदार होते जा रहे हैं क्योंकि समाज में कोई इन घटनाओं को रोकने के लिए आगे नहीं आ रहा है। अगर समाज जागरूक हो जाएगा, तो इस पर रोक लग सकती है। आज भारत में ऐसे मामलों में इजाफा हो रहा है। ऐसी घटनाएं सभ्य समाज का अभिशाप बनती जा रही हैं।

कन्या भ्रूण हत्या एक अपराध है, मगर लोग निडर होकर बच्चियों को कूड़ेदानों व सुनसान जगहों पर फेंक रहे हैं। यह पतन की पराकाष्ठा है, अगर समय रहते इन घिनौने कार्य पर रोक नहीं लगाई तो आने वाला कल बहुत ही विनाशकारी होगा। ऐसी वारदातों से समाज का अहित होता है। यह एक चिंता का विषय बनता जा रहा है। समाज के बुद्धिजीवियों को बालिकाओं को बचाने के लिए चिंतन करना चाहिए। बेटा-बेटी के अंतर को खत्म करना होगा। अगर हर मां-बाप यह सोच रखे कि उसकी जो भी संतान होगी चाहे लड़का हो या लड़की, उसका कत्ल नहीं किया जाएगा तो लिंग अनुपात में सुधार हो सकता है, मगर समाज के लोगों को यह बात कौन समझाएगा। लोग अपनी मनमानी करते हैं, अगर लोग सक्रिय हो जाएं जो इन लोगों पर नजर रखी जा सकती है, जो लिंग जांच करवाने के बाद बेटियों का बेरहमी से कत्ल करवाते हैं।

समय-समय पर देश के राज्यों से ऐसे समाचार आते रहते हैं ऐसे क्लीनिक चलाने वाले डॉक्टरों को सजा-ए-मौत देनी चाहिए जो ऐसं नीच काम करते हैं। ऐसे लोगों को जल्लाद कहना गलत नहीं होगा जो जान-बूझकर अजन्मी कन्याओं को मौत के घाट उतार रहे हैं। चंद मुट्ठी भर लोग समाज का वातावरण खराब कर रहे हैं। समाज में गरीब लोग मेहनत मजदूरी करके अपनी बच्चियों का पालन-पोषण कर रहे हैं, ऐसे घिनौने कार्यों को सरमाएदार लोग ही अंजाम देते हैं क्योंकि अमीर लोगों पर कोई उंगली नहीं उठाता है। बेटियों को कोख में ही खत्म करवाने वाले राक्षसों को सूली पर टांगना चाहिए। समाज के यही तथाकथित अमीर लोग नवरात्र में कंजकों को पूजते हैं, मगर एक दिन पूजा करके इनके पाप नहीं धुल सकते क्योंकि इनके पापों की सजा भगवान जरूर देगा। महिलाओं को भी इस को रोकने के लिए आगे आना होगा, ऐसे लोगों को सजा दिलवानी होगी। अगर महिलाएं इसके विरुद्ध खड़ी हो जाएं तो इन पर पूर्ण रूप से रोक लग सकती है। मगर वंश परंपरा के कारण कई महिलाएं भी दोषी हैं। केंद्र सरकार को इन मामलों पर संज्ञान लेना होगा। आज की बालिका कल की स्त्री है, उसके बगैर समाज की कल्पना नहीं जा सकती।

समाज को जागरूक करने के लिए सरकार को संचार माध्यमों से अभियान चलाना होगा ताकि लोग जागृत हो सकें। प्रत्येक शहर व गांवों में शिविर लगाने चाहिएं। अगर यह सिलसिला ऐसे ही बदस्तूर चलता रहा तो आने वाला समय इतना भयंकर हो जाएगा कि अराजकता फैल जाएगी, जब चारों तरफ बालिकाओं का चीरहरण होगा। अगर अब भी लापरवाही बरती जो एक दिन बालिकाओं का आस्तित्व मिट जाएगा फिर पछताने के सिवाए कुछ हासिल नहीं होगा। विश्व के देशों को इस विकराल हो रही समस्या पर लगाम लगाने के लिए सामूहिक रूप से विचार-विमर्श करना होगा, तभी बालिकाओं को बचाया जा सकता है। अतः समय जागने का है। आओ हम सब एकजुट होकर बालिकाओं को बचाने का संकल्प लें। बालिकाओं को बचाना हर भारतवासी का नैतिक कर्तव्य है।

## आपदा के दौरान प्री हॉस्पिटल ट्रीटमेंट से बचा सकते हैं अमूल्य जिंदगियां

**हिमाचल** प्रदेश एक पहाड़ी राज्य है। इस प्रदेश की सड़कों की बनावट सर्पीली होने के साथ-साथ संकरी, आड़ी, तिरछी और अत्यधिक ऊंचाई पर स्थित है। इस पर वाहन चालकों को वाहनों को चलाते वक्त अनेक मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

आए दिन हम भौगोलिक बनावट के आधार पर बसे इस पहाड़ी प्रदेश की सड़कों पर अनेक दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को जान गवाते और हमेशा के लिए अपाहिज के तौर पर जीवन जीते देख सकते हैं। दूसरा केंद्र सरकार की कुल घोषित 33



ब्लॉगर

लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर जिला मंडी

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

आपदाओं में से 25 विभिन्न प्रकार की आपदाएं अकेले हिमाचल प्रदेश की झोली में आती हैं। देवभूमि के इन पहाड़ों का कुल 32 प्रतिशत भाग जोन पांच में आता है। बाकी का हिस्सा जोन चार में आता है। इस पहाड़ी प्रदेश में कुल पांच आपदा प्रमुखता की श्रेणी में आती हैं। इसमें भूस्खलन, भूकंप, हिमस्खलन, बाढ़ और सुखा शामिल है। इसी साल हिमाचल प्रदेश में इन प्राकृतिक आपदाओं ने तांडव मचाया जिससे 442 से अधिक लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा, बाकी बहुत परिवार आज भी भूस्खलन में अपने चहेतों के मृत शरीर को प्राप्त नहीं कर पाए। इससे सिद्ध होता है कि हमारी आपदा से निपटने की तैयारियां उच्च कोटि की नहीं थीं। प्राकृतिक आपदा हो चाहे मानवीकृत हम आपदा के विकराल रूप को पूर्णतया रोक तो सकते नहीं, लेकिन उसे आपदा में हताहत हुए लोगों की घायल अवस्था को सीखे हुए आपदा प्रबंधन के कुछ स्किल्स की मदद से अवश्य कम करके उन्हें अस्पताल पहुंचने के बीच के गोल्डन घंटे को जीवनरक्षक के तौर पर शत-प्रतिशत घायलों की अमूल्य जिंदगी को बचा सकते है।

दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को अस्पताल तक पहुंचाने में बहुत देरी हो जाती है । लगभग 100 में से 90 प्रतिशत कारण इन दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को प्री हॉस्पिटल ट्रीटमेंट न मिल पाने की वजह से मृत्यु का वरण करना पड़ता है। प्री हॉस्पिटल ट्रीटमेंट दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति के अंगों से बहने वाले खून को बिना समय गवाएं रोकना और यदि व्यक्ति के किसी भाग की हड्डी फ्रैक्चर हो चुकी है, तो उसे खपची की मदद से उसकी नाजुक हालत को स्थिर करना इत्यादि स्किल्स के माध्यम से मरने वालों के प्रतिशत को कम अवश्य कर सकते हैं।

आपदा प्रबंधन की इस तकनीक को मेडिकल फर्स्ट रिस्पांडर और प्रथम चिकित्सा उपचार के तौर पर हम अपना सकते हैं। यदि हम इस तरह के स्किल और जागरूक अभियान से युवाओं को जोड़कर देखेंगे तो अवश्य ही अमूल्य मानवीय जीवन को बचाने में अधिक सक्षम हो सकेंगे।

## अपनी बात

**मोबाइल** फोन हमारे जीवन का अभिन्न अंग हो गया है, इसके अभाव में हमारे अनेक महत्वपूर्ण काम रुक जाते हैं। जब व्यक्ति खुद को अपने मोबाइल फोन से दूर नहीं रख पाता, इस स्थिति को मोबाइल की लत कहते हैं। मोबाइल की लत में हम स्वयं को अपने मोबाइल से दूर नहीं रख पाते हैं। कोई विशेष काम न होने पर भी हम मोबाइल को स्क्रोल करते रहते हैं। हमारे स्वास्थ्य पर मोबाइल फोन के लत का बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है। इसके अधिक उपयोग से व्यक्ति में चिड़चिड़ापन का होना, हमेशा सिर दर्द की समस्या, नेत्र संबंधित समस्या, अनिंद्रा व मोबाइल के हानिकारक रेडिएशन से हृदय संबंधित रोग भी हो सकते हैं। आज अपनों से दूरी का मुख्य कारण मोबाइल है। व्यक्ति एक रूम में एक साथ होने के बाद भी पास बैठे लोगों में अपनी कोई रुचि नहीं दिखाता और अपने-अपने मोबाइल के स्क्रीन स्क्रोल करता रहता है। इससे आपसी संबंध कमजोर होते हैं। मोबाइल की लत में आज लोग घंटों अपना कीमती समय मोबाइल को दे देते हैं, जिससे बच्चों का ध्यान पढ़ाई पर नहीं लगता है। अपने व्यवसाय में बड़े व्यक्ति अपना पूर्ण योगदान नहीं दे पाते हैं। खुद में ही खोए रहते हैं और खुद से दूर होते चले जाते हैं। हम पढ़ाने वाले समय पर भी खुद से झूठ बोलकर मोबाइल पर पढ़ाई करने के बहाने ढूंढते हैं, इसलिए हम सबको इस लत से दूर पाना होगा।

**-मीनाक्षी शर्मा, नगरोटा बगवां**

## आपकी डायरी

चुनाव
के दाव में
लालू मीठी राबड़ी
माया धारी योगी मोगी
पंजेधारी सफाई पौचेधारी
एक ही थैली के
बाट हैं,,,,!



डॉ. कमल के प्यासा।

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सीरिया से आखिरी ग्रुप मैच में हारकर भारत एशियाई कप से बाहर

**अल खोर (कतर)।** भारतीय टीम आखिरी ग्रुप मैच में सीरिया से 0-1 से हारकर एशियाई कप फुटबाल टूर्नामेंट से बाहर हो गई। स्थानापन्न खिलाड़ी उमर खरबिन ने 76वें मिनट में गोल दागकर सीरिया को नॉकआउट की दौड़ में बनाए रखा है। भारत चार टीमों के ग्रुप बी में तीनों मैच हारकर और एक भी गोल किए बिना आखिरी स्थान पर रहा। भारत इससे पहले भी 1984, 2011 और 2019 में नॉकआउट में जगह नहीं बना सका था। भारत 1964 में उपविजेता रहा था, जब सिर्फ चार टीमों ने इसमें भाग लिया था।

### रोशिबिना को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ वुशू सांडा खिलाड़ी का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** दो बार एशियाई खेलों की पदक विजेता नाओरेम रोशिबिना देवी को मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय वुशू महासंघ ने एक महीने तक चले जनता के मतदान के बाद सांडा वर्ग में वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना। रोशिबिना ने 2018 एशियाई खेलों में कांस्य और 2022 में रजत पदक जीता था। उन्होंने ईरान की शहरबानो एम सेमिरोमी ( 88179 ) और चीन की वु शियाआवेइ ( 46753) को हराकर पुरस्कार जीता। उन्हें 93545 वोट मिले। रोशिबिना को पिछले साल एशियाई खेलों के महिलाओं के 60 किलो वुशू सांडा वर्ग के फाइनल में शियाओवेइ ने हराया था। आईडब्ल्यूयूएफ एथलीट समिति के शुरूआती आकलन के बाद 23 देशों के 45 उम्मीदवारों के लिए मतदान हुआ, जिसके नतीजों का ऐलान मंगलवार को किया गया। मणिपुर की रोशिबिना ने 2016 विश्व जूनियर वुशू चैंपियनशिप में भी कांस्य पदक जीता था।

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन सेमीफाइनल में गॉफ का सामना सबालेंका से

**मेलबर्न।** अमेरिका की चौथी वरीय कोको गॉफ ने मंगलवार को मार्ता कोस्त्युक को तीन सेट चले कड़े मुकाबले में 7-6, 6-7, 6-2 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां उनका सामना गत चैंपियन एरिना सबालेंका से होगा। चौथी वरीय कोको गॉफ ने पहले सेट में 1-5 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए दो सेट प्वाइंट बचाए और फिर सेट जीत लिया। उन्होंने दूसरे सेट गंवाया, लेकिन फिर तीसरा और निर्णायक सेट जीतकर तीन घंटे और आठ मिनट में जीत दर्ज की। कोको गॉफ ने मुकाबले के दौरान 51 सहज गलतियां कीं, जिसमें नौ डबल फॉल्ट भी शामिल हैं। वह सिर्फ 17 विनर ही लगा पाईं। पिछले साल सितंबर में अमेरिकी ओपन जीतने वाली कोको गॉफ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में लगातार 12 मैच जीत चुकी हैं। दूसरे मैच में सबालेंका ने नौवी वरीयता प्राप्त बारबरा क्रेइसिकोवा को 6-2, 6-3 से हराया।

### फ्रिट्ज को हराकर जोकोविच 11वीं बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन सेमीफाइनल में

**मेलबर्न।** नोवाक जोकोविच ने टेलर फ्रिट्ज को करीब चार घंटे तक चले मैराथन मुकाबले में हराकर 11वीं बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया । जोकोविच ने यह मुकाबला 7-6, 4-6, 6-2, 6-3 से जीता। वह जितनी बार भी यहां क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, उतनी बार अपराजेय रहे। 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन ने मेलबर्न पार्क पर सभी दस सेमीफाइनल और फाइनल जीते हैं। वह 48वीं बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं, जहां उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर या पांचवीं वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव से होगा। जोकोविच ने अब तक एक को छोड़कर सभी मुकाबलों में फ्रिट्ज को सीधे सेटों में हराया था। ऑस्ट्रेलिया में 2021 में मुकाबला पांच सेटों तक खिंचा था।




### सीजन-1 की फाइनलिस्ट मुंबई-दिल्ली के बीच पहला मुकाबला, बेंगलुरु-दिल्ली में होंगे 22 मैच

# वुमंस प्रीमियर लीग का रोमांच आज से

**एजेंसी, नई दिल्ली**

गत चैंपियन मुंबई इंडियंस महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे सत्र के पहले मैच में 23 फरवरी को बेंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में पिछले साल फाइनल में जगह बनाने वाले दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगा। पूरा सत्र बेंगलुरु और दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। यहां अरुण जेटली स्टेडियम 15 और 17 मार्च को क्रमशः एलिमिनेटर और फाइनल की मेजबानी करेगा। इस साल डब्ल्यूपीएल में कुल 22 मैच होंगे और शीर्ष पर रहने वाली टीम सीधे फाइनल में जाएगी, जबकि एलिमिनेटर में दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम भिड़ेंगी। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में मुंबई इंडियंस ने पिछले साल फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट से हराकर पहले डब्ल्यूपीएल का खिताब जीता था।




- 01 मार्च, बेंगलुरु: यूपी वारियर्स वर्सेस गुजरात जाइंट्स
- 02 मार्च, बेंगलुरु: रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर वर्सेस मुंबई इंडियन्स
- 03 मार्च, बेंगलुरु: गुजरात जाइंट्स वर्सेस दिल्ली कैपिटल्स
- 04 मार्च, बेंगलुरु: यूपी वारियर्स वर्सेस रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर
- 05 मार्च, दिल्ली: दिल्ली कैपिटल्स वर्सेस मुंबई इंडियंस
- 06 मार्च, दिल्ली: गुजरात जाइंट्स वर्सेस रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर
- 07 मार्च, दिल्ली: यूपी वारियर्स वर्सेस मुंबई इंडियंस
- 08 मार्च, दिल्ली: दिल्ली कैपिटल्स वर्सेस यूपी वारियर्स
- 07 मार्च, दिल्ली: यूपी वारियर्स वर्सेस मुंबई इंडियंस
- 08 मार्च, दिल्ली: दिल्ली कैपिटल्स वर्सेस यूपी वारियर्स
- 23 फरवरी, बेंगलुरु: मुंबई इंडियंस वर्सेस दिल्ली कैपिटल्स
- 24 फरवरी, बेंगलुरु: रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर वर्सेस यूपी वारियर्स
- 25 फरवरी, बेंगलुरु: गुजरात जाइंट्स वर्सेस मुंबई इंडियंस
- 26 फरवरी, बेंगलुरु: यूपी वारियर्स वर्सेस दिल्ली कैपिटल्स
- 27 फरवरी, बेंगलुरु: रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर वर्सेस गुजरात जाइंट्स
- 09 मार्च, दिल्ली: मुंबई इंडियंस वर्सेस गुजरात जाइंट्स
- 10 मार्च, दिल्ली: दिल्ली कैपिटल्स वर्सेस रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर
- 11 मार्च, दिल्ली: गुजरात जाइंट्स वर्सेस यूपी वारियर्स
- 12 मार्च, दिल्ली: मुंबई इंडियंस वर्सेस रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर
- 28 फरवरी, बेंगलुरु: मुंबई इंडियंस वर्सेस यूपी वारियर्स
- 29 फरवरी, बेंगलुरु: रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर वर्सेस दिल्ली कैपिटल्स



- 15 मार्च, दिल्ली: एलिमिनेटर
- 17 मार्च, दिल्ली: फाइनल
- 13 मार्च, दिल्ली: गुजराज जाइंट्स वर्सेस दिल्ली कैपिटल्स

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने बनाई साल की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय टीम

## कप्तान रोहित, विराट सहित भारत के पांच खिलाड़ी शामिल

**एजेंसी, दुबई**

**रोहित** शर्मा को मंगलवार को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम का कप्तान चुना गया, जिसमें स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और मोहम्मद शमी तथा मोहम्मद सिराज की तेज गेंदबाजी जोड़ी के अलावा दो और भारतीयों को जगह मिली है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बयान के अनुसार टीम में जगह बनाने वाले अधिकतर खिलाड़ी फाइनल में पहुंचे भारत (उपविजेता) और ऑस्ट्रेलिया (विजेता) के अलावा सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका से हैं।

पारी का आगाज करने का मौका रोहित और शुभमन गिल को दिया गया है। भारतीय कप्तान ने पिछले साल एकदिवसीय प्रारूप में 52 के औसत से 1255 रन बनाए। गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 208 रन की पारी खेली और 1584 रन के साथ इस प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड को जगह मिली है। मध्य क्रम में कोहली, न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल के अलावा दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन और मार्को यानसेन शामिल हैं। गेंदबाजी में सिराज, शमी और कुलदीप की भारतीय तिकड़ी के अलावा ऑस्ट्रेलिया के एडम जंपा को जगह मिली है।

किसी भी भारतीय खिलाड़ी को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय टीम में जगह नहीं मिली।



## सात्विक-चिराग विश्व रैंकिंग में नंबर वन

**नई दिल्ली।** पिछले दो सप्ताह से शानदार प्रदर्शन कर रहे भारत के सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मंगलवार को बीडब्ल्यूएफ पुरुष युगल बैडमिंटन रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंच गए। एशियाई खेलों की चैंपियन यह जोड़ी मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंटों में उपविजेता रही थी। इंडिया ओपन फाइनल में उन्हें कांग मिन युक और सिओ सांग जाए ने हराया। अन्य भारतीयों में प्रणय 8वें, जबकि लक्ष्य सेन, श्रीकांत और प्रियांशु क्रमशः 19वें, 25वें और 30वें स्थान पर बने हुए हैं।

## राष्ट्रीय आइस हॉकी चैंपियनशिप में पुरुष वर्ग में आर्मी से हारा हिमाचल



- महिला वर्ग में राजस्थान को हराकर हिमाचल ने जीता कांस्य पदक
- काजा में आज संपन्न होगी राष्ट्रीय आइस हॉकी चैंपियनशिप

**कमलेश वर्मा, काजा**

**जनजातीय** जिला लाहुल-स्पीति के काजा में आयोजित हो रही राष्ट्रीय आइस हॉकी चैंपियनशिप के 5वें दिन पुरुष वर्ग में आर्मी व हिमाचल के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें आर्मी की टीम हिमाचल पर भारी पड़ी।

आर्मी की टीम ने हिमाचल को 11 गोल से हराकर कांस्य पदक हासिल किया है। वहीं, महिला वर्ग में राजस्थान को हराकर हिमाचल ने कांस्य पदक जीत लिया है। रोचक मुकाबले में हिमाचल ने राजस्थान को दो गोल से हराया। इस मुकाबले में हिमाचल की टीम शुरु से अंत तक राजस्थान पर भारी रही।

गौर रहे कि 19 सितंबर से चली आ रही महिला व पुरुष वर्ग की राष्ट्रीय आइस हॉकी चैंपियनशिप बुधवार को संपन्न होगी। पुरुष वर्ग में आर्मी, यूटी लद्दाख आगे चल रहा है, जबकि महिला वर्ग में आइटीबीपी व यूटी लद्दाख आगे हैं। पुरुष वर्ग की 11वीं राष्ट्रीय आइस हॉकी चैंपियनशिप में आर्मी टीम, आईटीबीपी, यूटी लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र की टीमों ने दमखम दिखाया, जबकि महिला वर्ग में 13वीं राष्ट्रीय आइस हॉकी चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश, आइटीबीपी, यूटी लद्दाख, तेलंगाना और राजस्थान की टीमों ने दमखम दिखाया। एडीसी काजा राहुल जैन ने बताया कि पांच दिन से चल रही चैंपियनशिप आज बुधवार को संपन्न होगी। सभी विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## रोहित के खिलाफ बिलकुल सटीक बाउंसर मारने होंगे : मार्क वुड

**एजेंसी, हैदराबाद**

**इंग्लैंड** के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने मंगलवार को कहा कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को शॉर्ट पिच गेंदों के विवेकपूर्ण इस्तेमाल से नियंत्रित करना उनकी और उनकी टीम की पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भारत को हराने की योजना में प्रमुखता से शामिल होगा। उन्होंने कहा कि पिचों की प्रकृति धीमी होने के बावजूद उनकी रणनीति में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि रोहित जैसा खिलाड़ी शॉर्ट गेंद के खिलाफ कितना अच्छा है। इसका मतलब यह नहीं है कि मैं बाउंसर नहीं फेंकूंगा। इसका मतलब सिर्फ यह है कि मुझे बेहद सटीक होना होगा और सही समय पर गेंदबाजी करनी होगी। कप्तान बेन स्टोक्स नेतृत्व में इंग्लैंड आक्रामक क्रिकेट खेल रहा है।

## डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर: मानव, अयहिका जीते, शरत मुख्य ड्रॉ की दौड़ से बाहर

**एजेंसी, मापुसा ( गोवा )**

**भारत** के मानव ठक्कर और अयहिका मुखर्जी ने मंगलवार को आसान जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, जबकि अनुभवी शरत कमल डब्ल्यूटीटी (विश्व टेबल टेनिस) स्टार कंटेंडर में एकल मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहे। मानव ने अंशुमान अग्रवाल को 3-0 (11-7, 11-4, 11-4) से हराकर पुरुष एकल क्वालीफाइंग राउंड तीन में प्रवेश किया, जहां उनका सामना सेनेगल के इब्राहिम डियाव से होगा।

महिला एकल वर्ग में, अयहिका मुखर्जी ने क्वालीफाइंग राउंड दो में सयाली वानी को 3-0 (11-9, 11-2, 12-10) से हराया, जबकि पोयमंती बैस्या ने क्वालीफाइंग राउंड एक में पृथा प्रिया वर्तिकर को 3-0 (12-10, 11-7 , 11-7) से हराया। विश्व रैंकिंग में 99वें स्थान पर खिसक चुके शरत और 255वीं रैंकिंग वाले सानिल शेट्टी को पुरुष एकल क्वालीफाइंग राउंड 2 में हार का सामना करना पड़ा।

अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

(24 जनवरी, 2024)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास :** पौष, **तिथि :** चतुर्दशी 09:52 रात्रि तक, **नक्षत्र :** पुनर्वसु, **पक्ष :** शुक्ल, **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं) **राहुकाल :** 12:33-01:53 दोपहर तक।

## विशेष दिन

- 24 जनवरी 1950 को जन गण मन को राष्ट्रगान के रूप में स्वीकार किया गया।
- 24 जनवरी 1950 को डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति बने।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष :** आज भाग्य आपके पक्ष में होगा। आप जटिल समस्याओं का समाधान पाएंगे। ऐसे मजबूत संकेत हैं, कि आप एक नए उद्यम में प्रवेश करेंगें। विदेशी संबंधों से बहुत लाभ प्राप्त होगा।

**वृषभ :** आपका रचनात्मक कौशल आज चरम पर होगा और आप इसका उपयोग अपने सभी कामों में करेंगे। रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े लोग अच्छा करेंगे और अच्छा लाभ भी प्राप्त करेंगे।

**मिथुन :** आज आपको बेहतरीन वित्तीय परिणाम मिलेंगे। प्रभावशाली लोगों के साथ संबंध स्थापित करने के लिए अच्छा समय है। नौकरी खोजने के लिए किए गए प्रयास लाभकारी होंगे।

**कर्क :** व्यावसायिक दृष्टि से दिन अत्यधिक शुभ है और आप काफी प्रगति करेंगे। आय की वृद्धि के लिए स्थिति विकसित होगी। यदि बैंक से ऋण की तलाश है, तो अपने प्रयासों को जारी रखें, क्योंकि सफलता पास में ही है।

**सिंह:** आज आपकी इच्छाए पूरी हो सकती हैं। व्यावसायिक संदर्भ में महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की जा सकती हैं। आपकी कामयाबी में वृद्धि होगी, संपर्क स्थापित होंगे और आप कुछ प्रभावशाली लोगों से भी मिलेंगे।

**कन्या :** अपने आत्मविश्वास को फिर से हासिल करेंगे और पूरे समर्पण के साथ काम में जुटेंगे जो सकारात्मक विकास को जन्म देगा। वित्तीय स्थिति में सुधार होना तय है और आय का एक अतिरिक्त स्रोत भी मिल सकता है।

**तुला :** नौकरी और व्यवसाय के लिए एक अच्छा समय है। आपको आपकी उपलब्धियों के लिए उचित परितोष प्राप्त हो सकता है। वृद्धि और बेहतरी के मजबूत संकेत हैं। आपका नेटवर्क बढ़ेगा और छवि भी निखरेगी।

**वृश्चिक:** आज आपको मिश्रित परिणाम मिलेंगे। चल रहे काम में आपको कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। भावनात्मक मुद्दे आपको परेशान कर सकते हैं। आय स्थिर रहेगी। अनावश्यक खर्च करना पड़ सकता है।

**धनु:** आपकी इच्छाशक्ति बढ़ेगी और उत्साहपूर्वक कार्यों को अंजाम देंगे। रुकी हुई परियोजनाएं प्रगति करेंगी और सकारात्मक विकास भी होगा। वित्तीय मामले आसानी से आगे बढ़ेंगे और आय का एक अतिरिक्त स्रोत सामने आ सकता है।

**मकर :** यदि परीक्षा या प्रतियोगिता के माध्यम से नौकरी की तलाश है, तो चीजें आपके पक्ष में होंगी। नौकरी में रहने वाले खुद को सफलता की सीढ़ी पर पाएंगे और प्रतिद्वंद्वी गतिविधियां आपको नुकसान नही पहुंचा पाएंगी।

**कुंभ :** खेल प्रेमियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर मिलेंगे और वाहवाही भी मिलेगी। नौकरी करने वाले और व्यवसायी कुछ नई योजनाओं या प्रोजेक्ट में शामिल होंगे। जटिल समस्या का समाधान भी पाया जा सकता है।

**मीन :** जल्दबाजी में निर्णय न लें और जोखिम भरे उपक्रमों से बचें। आपका स्वास्थ्य या आपका कोई करीबी आपको थोड़ा परेशान कर सकता है, इसलिए व्यायाम करें। मित्र और शुभचिंतक आपका समर्थन करेंगे।

## ‘बैजबाल’ के खिलाफ अति आक्रामक रवैया नहीं अपनाएंगे बल्लेबाज: द्रविड़

**एजेंसी, हैदराबाद**

**भारतीय** टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का मानना है कि उनकी टीम के बल्लेबाज इंग्लैंड के ‘बैजबॉल’ क्रिकेट का उसी अंदाज में जवाब देते नहीं दिखेंगे, लेकिन वीरवार से शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में अगर ऐसी नौबत आई तो वे पीछे नहीं हटेंगे।

इंग्लैंड के बल्लेबाज अब बहुत ही आक्रामक शैली में खेलते हैं, जो उनके मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम के खेलने के तरीके से जुड़ा है। ‘बैज’ मैकुलम का उपनाम है। द्रविड़ ने मंगलवार को कहा कि भारत मैच की परिस्थितियों के मुताबिक अपने खेल का रुख तय करेगा। भारतीय कोच ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हम अति आक्रामक रुख अपनाएंगे। हम परिस्थितियों के मुताबिक खेलेंगे। हमारी बल्लेबाजी क्रम के शीर्ष छह सात बल्लेबाज में ज्यादातर ऐसे हैं, जिनका खेल नैसर्गिक रूप से सकारात्मक खेल है।

उन्होंने कहा कि ऐसे में हम कुछ बदलाव करने से बचना चाहेंगे। ऐसी भी परिस्थितियां होंगी, जब हमें लंबे समय तक बल्लेबाजी करनी होगी। द्रविड़ ने कहा कि मैं हालांकि अपने बल्लेबाजों से अति रक्षात्मक खेल की उम्मीद नहीं कर रहा हूं। द्रविड़ को हालांकि इस बात पर ज्यादा संदेह नहीं है कि इंग्लैंड इस सीरीज में मेजबान टीम के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनायेगा। मुख्य कोच को उम्मीद है कि उनकी टीम घरेलू परिस्थितियों के अपने अनुभव का इस्तेमाल कर इस चुनौती का सकारात्मक जवाब देगी। द्रविड़ ने कहा कि उन्हें खेलते देखना रोमांचक रहा है और आप जानते हैं कि उन्हें इस तरह खेलने (आक्रामक बल्लेबाजी) में सफलता मिली है। भारतीय कोच ने कहा, ‘‘ हम जानते है कि भारत की परिस्थितियां उनके लिए चुनौतीपूर्ण होगी क्योंकि हमारी टीम इन परिस्थितियों को अच्छे से समझती है। हमारी गेंदबाजी में काफी अनुभव है।



## द्रविड़ के समर्थन से संवर सकता है गिल का टेस्ट करियर

**हैदराबाद।** द्रविड़ कह चुके है कि कप्तान रोहित के साथ निकट भविष्य में यशस्वी जायसवाल पारी का आगाज करेंगे। ऐसे में दाए हाथ के बल्लेबाज गिल को इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला से टेस्ट क्रिकेट में तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए करियर में बड़े बदलाव की उम्मीद होगी। द्रविड़ हालांकि गिल पर दबाव नहीं बनाना चाहते है। उन्होंने कहा कि गिल एक अच्छे खिलाड़ी हैं। एक क्रिकेटर के रूप में सफर शुरू करने में कभी-कभी हम भूल जाते हैं कि इसमें थोड़ा समय लगता है। कुछ लोगों को तुरंत सफलता मिल जाती है, वास्तव में वह उन लोगों में से एक है जिन्होंने अपने शुरुआती कुछ दिनों में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है, खासकर ऑस्ट्रेलिया में। अपने समय में मुश्किल विकेटों पर जज्बे के साथ खेलने के लिए मशहूर रहे भारत के इस पूर्व कप्तान ने कहा कि किसी भी अन्य युवा खिलाड़ी की तरह गिल को भी सामंजस्य बिठाने में कुछ समय लगेगा।

# खुशखबरी : कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता 'ज्वाला' ने दिया तीन शावकों को जन्म

**एजेंसी, श्योपुर**

मध्य प्रदेश के लिए खुशखबरी है। श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में ज्वाला मादा चीते ने तीन शावकों को जन्म दिया है। इनका पिता पवन (ओवान) है। इससे पहले आशा ने जिन तीन शावकों को जन्म दिया था उनका पिता भी पवन ही है।

ज्वाला चीते ने दूसरी बार कूनो को खुश खबरी दी है। कूनो नेशनल पार्क में सबसे पहले ज्वाला ने पिछले साल चार शावकों को जन्म दिया था। इनमें से तीन शावकों की मौत हो चुकी है। अब कूनो नेशनल पार्क में शावकों की संख्या चार से बढ़कर सात हो गई है। वहीं, यहां सात



शावकों सहित चीतों की संख्या 20 हो गई है। यहां अब तक तीन शावकों सहित दस की हो मौत हो चुकी है। इसे लेकर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया पर खुशी जाहिर की। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'नामिबियाई चीता ज्वाला ने तीन शावकों को जन्म दिया है। यह खुश खबरी नामीबियाई चीता आशा द्वारा अपने शावकों को जन्म देने के कुछ ही हफ्ते बाद आई है।

## हाल ही में हुई थी शौर्य की मौत

16 जनवरी को कूनो राष्ट्रीय उद्यान में नर चीते 'शौर्य' की मौत हो गई थी। नामीबिया से लाए गए चीतों में से एक शौर्य की मौत दोपहर तीन बजकर 17 मिनट पर हुई थी। उसे अचेत हालत में देखे जाने के बाद मॉनिटरिंग टीम ने उसे ट्रैंकुलाइज किया था। इसके बाद उसे सीपीआर दिया गया था, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पूरी दुनिया में धूम, लंदन में भंडारे का आयोजन, मैक्सिको में स्थापित हुआ पहला राम मंदिर

# दुबई की 'बुर्ज खलीफा' इमारत पर छाए भगवान श्रीराम

**एजेंसी, दुबई/लंदन/वांशिगटन**

अयोध्या में राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की पूरी दुनिया में धूम है। इसी कड़ी में दुबई स्थित दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा ने बिल्डिंग पर भगवान राम और शिव के अलग-अलग चित्र लगाकर इस विशिष्ट दिन को विशेष रूप से रेखांकित किया।

इसके अलावा ब्रिटेन के लंदन में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। मेक्सिको में पहले राम मंदिर को स्थापित किया गया। इसके अलावा दुनिया के कई देशों में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर भव्य आयोजन किए गए। ब्रिटेन में हुए इस भंडारे में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं इस भंडारे का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। दुनिया भर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का बेहतरीन तरीके से स्वागत किया गया। अयोध्या के राम मंदिर के 'प्राण प्रतिष्ठा' (प्रतिष्ठापन) समारोह के अवसर पर मेक्सिको को अपना



पहला भगवान राम मंदिर मिला। ये मंदिर क्वेरेटारो शहर में स्थित है। इस मंदिर में विराजमान भगवान की मूर्ति भारत से लाई गई है। मैक्सिकन मेजबानों की उपस्थिति में अमेरिकी पुजारी की ओर से मंदिर में पूजा की गई। यह कार्यक्रम प्रवासी भारतीयों द्वारा गाए गए मनमोहक भजनों और गीतों से भरा हुआ था। मेक्सिको में भारतीय दूतावास ने राम मंदिर की घोषणा करते हुए लिखा, 'मेक्सिको में पहला भगवान राम मंदिर! अयोध्या में 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह की पूर्व संध्या पर, मेक्सिको का क्वेरेटारो शहर पहले भगवान राम मंदिर का घर बन गया है। क्वेरेटारो में मेक्सिको का पहला भगवान हनुमान मंदिर भी है। दूतावास ने आगे कहा कि 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह मैक्सिकन मेजबानों के साथ एक अमेरिकी पुजारी द्वारा किया गया था और मूर्तियों को भारत से लाया गया था और हॉल में भारतीय प्रवासियों के गाए गए पवित्र भजन और गीत गूंज रहे थे।'



## वर्ल्ड न्यूज

### म्यांमार का सैन्य विमान मिजोरम में दुर्घटनाग्रस्त, आठ घायल

**आइजोल।** म्यांमार का एक सैन्य विमान मंगलवार को मिजोरम में आइजोल के निकट लेंगपुई हवाई अड्डे पर उतरने के बाद



दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना के कारण विमान में सवार चालक दल के 13 सदस्यों में से आठ सदस्य घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार म्यांमार का यह सैन्य विमान उन 184 सैनिकों को एयर लिफ्ट करने के लिए म्यांमार से आया था, जो पिछले दिनों भारत-म्यांमार सीमा पार करके मिजोरम में आ गए थे। यह सैनिक अराकान सेना के आतंकवादियों के साथ संघर्ष से बचकर मिजोरम के लांग्तलाई जिले में भागकर आ गए थे। विमान के पायलट ने ओवरशूट किया, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई।

### पुणे में एटीएस ने पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया

**मुंबई।** पुणे जिले के निगड़ी में एंटी टेरोरिस्ट स्क्वायड (एटीएस) ने छापा मारकर अवैध रूप से रह रहे पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें से तीन आरोपियों ने गोवा से अवैध पासपोर्ट हासिल किया है जबकि दो आरोपितों की अवैध पासपोर्ट बनाने की प्रकिया चल रही थी। एटीएस की टीम इनसे गहन पूछताछ कर रही है। एटीएस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि टीम को निगड़ी के साईनाथ नगर में अवैध रूप से बांग्लादेशियों के छिपकर रहने की गोपनीय जानकारी मिली थी।

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से देश में 1.25 लाख करोड़ का कारोबार

## दिल्ली में 25 और यूपी में 40 हजार करोड़ रुपए के व्यापार का अनुमान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से देश की अर्थव्यवस्था में सनातन इकोनॉमी का एक नया अध्याय जुड़ा है, जिसके तेज़ी से देशभर में विस्तार होने की बड़ी संभावनाएं दिख रही हैं। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा कि एक मोटे अनुमान के मुताबिक श्रीराम मंदिर में समारोह से देशभर में करीब 1.25 लाख करोड़ रुपए का कारोबार हुआ, जिसमें अकेले दिल्ली में लगभग 25 हजार करोड़ और उत्तर प्रदेश में करीब 40 हजार करोड़ रुपए का सामान और सेवाओं के जरिए व्यापार हुआ है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने मंगलवार को बताया कि देश में ऐसा पहली बार हुआ है, जब आस्था एवं भक्ति के कारण इतने बड़ा पैसा व्यापार के ज़रिए देश के बाजारों में आया है। खंडेलवाल ने कहा कि विशेष बात यह है कि यह सारा व्यापार छोटे व्यापारियों एवं लघु उद्यमियों द्वारा किया गया, जिसके कारण यह पैसा व्यापार में आर्थिक तरलता को और बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर की वजह से देश में व्यापार के अनेक नए अवसर मिले हैं। बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार का अवसर भी मिलेगा। खंडेलवाल ने कहा कि अब समय आ गया है, जब आंत्रप्रेन्योर एवं स्टार्टअप्स को व्यापार में नए आयाम जोड़ने की कवायद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कैट इस विषय पर जल्द ही एक सेमिनार नई दिल्ली में करने जा रहा है। खंडेलवाल ने बताया कि कैट के हर शहर अयोध्या-हर घर अयोध्या राष्ट्रीय अभियान के तहत एक जनवरी से लेकर 22 जनवरी तक देश के 30 हजार से ज़्यादा छोटे-बड़े व्यापारिक संगठनों ने देशभर में डेढ़ लाख से ज़्यादा कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें अकेले 22 जनवरी को एक लाख से ज़्यादा आयोजन हुए। उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से करीब दो हजार शोभायात्रा, पांच हजार से अधिक बाजारों में श्री राम फेरी, 1000 से अधिक श्रीराम संवाद कार्यक्रम, 2500 से ज़्यादा संगीतमय श्रीराम भजन एवं श्रीराम गीत कार्यक्रम आयोजित किए गए।



### उपहार के रूप में श्रीराम मंदिर का होगा इस्तेमाल

आने वाले समय में लोग उपहार के रूप में श्रीराम मंदिर देंगे, ऐसी बड़ी संभावना दिखाई देती है। शादियों में मेहमानों को श्रीराम मंदिर उपहार के रूप में देने की शुरुआत हो ही चुकी है। श्रीराम के प्रति देश के नौ करोड़ से अधिक व्यापारियों की आस्था और विश्वास को अभिव्यक्त करने के लिए कैट ने सनशाइन फाउंडेशन के साथ मिलकर एक बेहद मधुर गीत हर साज में राम बजे-हर घर में अयोध्या सजे, यह संकल्प उठाना है- श्री राम को घर घर लाना है, को रिलीज़ किया है।

# इसराइल को बड़ी क्षति, दो भवनों में विस्फोट, 21 सैनिकों की मौत



**एजेंसी, तेल अवीव**

गाजा पट्टी में तीन माह से अधिक समय से छिड़े युद्ध में इसराइल की फौज को अब तक की सबसे बड़ी



क्षति हुई है। इस लड़ाई में 24 घंटे के दौरान 21 सैनिक हताहत हो गए। इस बीच इसराइल ने मध्यस्थों के जरिए फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास के सामने युद्ध विराम का प्रस्ताव रखा है।

द टाइम्स ऑफ इसराइल की रिपोर्ट के मुताबिक मध्य गाजा में दो भवनों में हुए विस्फोट में इजराइल के 21 सैनिकों की मौत हो गई। यह विस्फोट एक हमास आतंकवादी के एक टैंक पर रॉकेट चालित ग्रेनेड दागने से हुआ। इस लड़ाई में जान गंवाने वाले सैनिकों की संख्या 219 हो गई है। इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने कहा है कि युद्ध में हमारे सबसे अच्छे बेटों में से कई मारे गए हैं। यह एक असहनीय रूप से कठिन सुबह है। उन्होंने देश की तरफ से पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी है।

रक्षामंत्री योव गैलेंट ने भी कहा है कि यह एक मुश्किल और दर्दनाक सुबह है। गैलेंट ने कहा है कि यह युद्ध आने वाले दशकों में इसराइल का भविष्य निर्धारित करेगा।

इसराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने मध्य गाजा में किसुफिम के सीमावर्ती समुदाय के करीब हुई घटना में 21 सैनिकों के मारे जाने की पुष्टि की है।

